नई दिल्ली
गुरुवार 21 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 30, अंक : 32
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 44
न्यून. 31

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

15 मई को सीजेआई की टिप्पणी कि 'युवा कॉकरोच न बनें' के खिलाफ जुटाया गया इस तरह से समर्थन

# कॉकरोच जनता पार्टी की आड़ में क्या अमेरिका में बैठकर भारत के युवाओं को भड़काने की रची जा रही है साजिश ?

- दूसरे ही दिन अमेरिका में बैठे एक युवक ने कॉकरोच जनता पार्टी का गठन कर दिया
- 5 दिन में करीब 60 लाख युवा सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स हो गए, कमेंट की झड़ी लग गई

विशेष खबर

सेंट्रल डेस्क ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने 15 मई को युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी। हालांकि, बाद में सफाई दी गई कि यह टिप्पणी आम बेरोजगार युवाओं के लिए नहीं, बल्कि फर्जी डिग्री रखने वालों के लिए थी। लेकिन तब तक सोशल मीडिया पर विवाद इतना भड़का कि दूसरे ही दिन अमेरिका के बोस्टन शहर में बैठे एक युवक ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का गठन कर दिया। देखते ही देखते इंस्टाग्राम पर 10 हजार फॉलोअर्स लाखों में पहुंच गए। ये फॉलोअर्स लगभग सभी युवा हैं। नीट पेपर लीक और नौकरी न मिलने से परेशान युवाओं के इस गुस्से को भांपकर इंटरनेट पर इसे एक नया मंच दे दिया गया। महज 72 घंटों के भीतर इंस्टाग्राम पर लाखों फॉलोअर्स और ▶▶ शेष पेज 10 पर

### सीजेआई ने क्या कहा था?

*15 मई 2026 को फर्जी डिग्री से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सीजेआई सूर्यकांत ने टिप्पणी की थी कि कुछ बेरोजगार लोग कॉकरोचों की तरह नकल करके लॉ, मीडिया और आरटीआई एक्टिविज्म जैसी प्रणाली में घुस जाते हैं।*

### इसका 5 सूत्रीय मैनिफेस्टो

1. सीजेपी सरकार में आने पर किसी भी सीजेआई को रिटायरमेंट के बाद राज्यसभा नहीं भेजा जाएगा
2. वैध वोट डिलीट होने पर मुख्य चुनाव आयुक्त को यूएपीए में गिरफ्तार किया जाएगा
3. महिलाओं के लिए संसद और कैबिनेट में 50% ▶▶ शेष पेज 10 पर

### कौन है इस अभियान के पीछे ?


अभिजीत दीपके

इस पूरे वायरल तूफान के केंद्र में हैं 30 साल के अभिजीत दीपके, जो मूल रूप से महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) के रहने वाले हैं। अभिजीत कोई आम सोशल मीडिया यूजर नहीं, बल्कि एक प्रोफेशनल पॉलिटिकल कम्युनिकेशन स्ट्रेटेजिस्ट हैं। पुणे से जर्नलिज्म में ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने हायर एजुकेशन के लिए अमेरिका का रुख किया और वहां की प्रतिष्ठित बोस्टन यूनिवर्सिटी से पब्लिक रिलेशंस (पीआर) में मास्टर ऑफ साइंस (एमएस) की डिग्री हासिल की। अभिजीत का राजनीतिक संदेशों को वायरल कराने का पुराना अनुभव रहा है, वे 2020 से ▶▶ शेष पेज 10 पर

आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया प्रमुख रहे अभिजीत

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
सीएसके जीटी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### मां बगलामुखी की शरण में पहुंचीं सेलिना जेटली



**नई दिल्ली।** निजी जिंदगी के बेहद कठिन दौर से गुजर रही अभिनेत्री सेलिना जेटली ने आध्यात्मिक सहारा लिया है। पारिवारिक संघर्ष और तलाक की खबरों के बीच वह मां बगलामुखी के दरबार पहुंचीं। एक वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया है, जिसमें दर्दभरा संदेश लिखा कि मां के चरणों में बैठकर मैंने अपने भाई से दोबारा मिलने, महीनों से दूर अपने बच्चों के साथ जुड़ने और उस रिश्ते को वापस पाने की गुहार लगाई है, जिसे भाग्य को कभी अलग नहीं करना चाहिए था।


### अब यूपीआई से सीधे निकलेगा पीएफ का पैसा



**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने करोड़ों सदस्यों को बड़ी सौगात देने जा रहा है। अब पीएफ अकाउंट से पैसा निकालना बेहद आसान हो जाएगा। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने ऐलान किया है कि यूपीआई आधारित निकासी सुविधा की टेस्टिंग पूरी हो चुकी है और अगले एक महीने में यह सेवा शुरू हो सकती है। इस व्यवस्था के तहत सदस्य यूपीआई ऐप पर पीएफ बैलेंस देख सकेंगे और यूपीआई पिन दर्ज कर तुरंत अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे।

भारत-इटली आतंकवाद की निंदा करने के साथ उसके वित्तीय ढांचे को ध्वस्त करने के पक्षधर

# पीएम मोदी ने दिया ग्लोबल डिलीवरी का मंत्र टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ इटली साथ आया


ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान

- इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ हुई बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- दोनों देशों ने अपने संबंधों को और अधिक उन्नत करते हुए विशेष रणनीतिक साझेदारी में किया तब्दील
- 2025-2029 तक के संयुक्त रणनीति एक्शन प्लान पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ने पर जताई प्रतिबद्धता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपनी पांच देशों की विदेश यात्रा के अंतिम पड़ाव के रूप में बीते मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने उनका जोरदार अंदाज में स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं की केमिस्ट्री देखने लायक थी, रोम की सड़कों पर वह एक साथ कार में बैठकर निकले। जबकि पीएम ने इतालवी पीएम को भारत की 'मेलोडी टॉफी' का एक पैकेट भी उपहार स्वरूप दिया। जिसके साथ ली गई उनकी सेल्फी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई, प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री मेलोनी अपने चिरपरिचित अंदाज में मुस्कुराते हुए नजर आए। बुधवार को रोम में दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसके ▶▶ शेष पेज 10 पर


रोम के ऐतिहासिक कोलोजियम के पास बालकनी में पीएम मोदी व पीएम मेलोनी

### समस्या समाधान का यही एकमात्र उपाय

*उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत में यूक्रेन और पश्चिम-एशिया संकट का मुद्दा भी शामिल किया गया। दोनों देश इन दोनों विवादों के अलावा कई अन्य वैश्विक तनावों को लेकर भी लगातार संपर्क में बने रहे हैं। भारत का यह स्पष्ट मत है कि सभी समस्याओं का समाधान केवल बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही होना चाहिए। भारत और इटली एक शांत, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने के पक्ष में भी हैं।*

### 20 बिलियन यूरो तक पहुंचेगा व्यापार

*प्रधानमंत्री ने बताया कि आज की बैठक के साथ ही हमने अपने संबंधों को और अधिक उन्नत बनाते हुए विशेष रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। साथ ही भावी साझेदारी को भी मजबूती प्रदान करने के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की है। वर्ष 2025 से 2029 तक की भारत-इटली संयुक्त रणनीति कार्य योजना हमारी साझेदारी को एक व्यावहारिक और भविष्यवादी ढांचा प्रदान करती है। जिस पर दोनों देश समयबद्ध रूप से आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही हमने द्विपक्षीय व्यापार को 20 बिलियन यूरो तक पहुंचाने का जो लक्ष्य रखा है। उस दिशा में भी तेजी से हमारे प्रयास जारी हैं।*

### मेलोनी को दिया भारत यात्रा का न्योता

*वर्तमान समय में इटली की 800 से अधिक कंपनियां भारत के विकास की कहानी में सक्रिय भागीदार बन रही हैं। व्यापार मंच से भी यह स्पष्ट है कि दोनों देशों के व्यापारिक नेताओं में एक नया उत्साह, नया आत्मविश्वास और नई महत्वाकांक्षा है। दोनों देशों में हमारे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच स्थापित संबंधों की झलक कदम-कदम पर दिखाई देती है। इटली में भारतीय कला, योग, आयुर्वेद और खानपान के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। संस्कृत और लैटिन जैसी प्राचीन भाषाएं एक ही भाषा परिवार से आती हैं। यह दर्शाता है कि हमारा रिश्ता केवल कूटनीति का नहीं, सांझी धरोहर का है। मैं 140 करोड़ देशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री मेलोनी को एक बार फिर से भारत यात्रा का निमंत्रण देता हूं।*


### 2026 संस्कृति का वर्ष है

*प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा वर्ष 2026 भारत और इटली के संबंधों की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संस्कृति के वर्ष (ईयर ऑफ कल्चर) के रूप में मनाया जाएगा। जिससे हमारे सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक ताकत मिलेगी। इटली में बड़ी संख्या में रह रहे भारतीय हमारे संबंधों की जीवंत कड़ी हैं। उनकी देखरेख के लिए पीएम मेलोनी और इटली के लोगों का मैं हृदय से धन्यवाद करता हूं। 3 साल पहले किए गए प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी समझौते से दोनों देशों के लोगों के बीच आवाजाही बढ़ी है। हम यह विन-विन सहयोग जारी रहेंगे।*

### मेलोनी ने परिश्रम को बताया सफलता की कुंजी

*इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने कहा कि भारत और इटली नियम आधारित व्यवस्था के साथ एक शांत, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर पूरी तरह से सहमत हैं। उन्होंने भारत में बोले जाने वाले शब्द परिश्रम के साथ हिंदी की एक बेहद लोकप्रिय कहावत परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि परिश्रम का अर्थ हॉडवर्क (कड़ी मेहनत) और कमिटमेंट (प्रतिबद्धता) से जुड़ा हुआ है। जिसे हम टफ वर्क इज की टू सक्सेस के रूप में जानते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और इटली भी अपने संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए इसी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अब हमारे बीच संबंध एक निर्णायक दौर में पहुंच गए हैं। हालिया वर्षों में हमारे संबंधों का विस्तार अभूतपूर्व गति से हुआ है। अब यह सौहार्दपूर्ण मित्रता से आगे बढ़कर विशेष रणनीतिक साझेदारी में तब्दील हो गए हैं। जिसकी नींव स्वतंत्रता, लोकतंत्र के मूल्यों के अलावा भविष्य के प्रति साझा दृष्टिकोण की बुनियाद पर टिकी हुई है।*

## मेलोडी से मीठी हुई भारत इटली की दोस्ती, पारले इंडस्ट्रीज की बल्ले बल्ले



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की मुलाकात एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई। इस बार वजह बनी एक छोटी-सी 'मेलोडी' टॉफी, जिसने भारत-इटली दोस्ती में मिठास घोल दी। रोम में दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने जॉर्जिया मेलोनी को मशहूर भारतीय कैंडी 'मेलोडी' का पैकेट भेंट किया। जैसे ही यह तस्वीर और वीडियो सामने आए, सोशल मीडिया पर 'मेलोडी' ट्रेंड करने लगा।

'मेलोडी' शब्द पिछले कुछ समय से इंटरनेट पर मोदी और मेलोनी के नामों को जोड़कर बनाए गए मजाकिया लेकिन लोकप्रिय मीम्स का हिस्सा रहा है। दिलचस्प बात यह रही कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी ने खुद इस वायरल ट्रेंड को हल्के-फुल्के अंदाज में अपनाया। 'मेलोडी' टॉफी का यह तोहफा इंटरनेट यूजर्स को बेहद पसंद आया और देखते ही देखते सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मीम्स और प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। भारतीय कंपनी द्वारा बनाई जाने वाली 'मेलोडी' टॉफी लंबे समय से भारतीयों की पसंदीदा कैंडी रही है। ऐसे में पीएम मोदी का यह सांकेतिक उपहार न केवल हल्के हास्य का हिस्सा बना, बल्कि ▶▶ शेष पेज 10 पर

### मुस्कान पारले इंडस्ट्रीज के चेहरे पर भी फैली

*मेलोडी खाओ खुद जान जाओ.....मेलोडी खाई नहीं। लोग जानने इंटरनेट पर उत्सुक हो गए। लगे ढूंढने पारले शेयर बाजार में लिस्टेड है क्या ? देखते ही देखते पारले इंडस्ट्रीज का शेयर कुलांचे भरने लगा। अभी जब वैश्विक माहौल से ज्यादातर शेयरों का बुरा हाल है पारले इंडस्ट्रीज का शेयर 4.95 से 5.25 तक उछल गया। लोग धड़ाधड़ खरीदी करने लगे। जांच भी नहीं की पारले इंडस्ट्रीज करती क्या है ? पीएम मोदी के हाथ में मेलोडी चॉकलेट के पैकेट पर पारले छपा था। लोगों ने वो पारले समझ रियल एस्टेट, इंफ्रा के क्षेत्र में पारले इंडस्ट्रीज काम करती है। ये वो पारले नहीं जो लोग समझ रहे थे। जिस बिस्किट, टॉफी वाले पारले कंपनी को लोग समझ कर पारले इंडस्ट्रीज का शेयर खरीदी कर रहे थे वो पारले शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी नहीं है। जब तक लोग समझते तब तक खरीदी की बड़ी रैली हो चुकी थी। किसी के भाग्य से किसी का भाग्य चमका।*

उज्जैन के कालभैरव मंदिर में वीआईपी दर्शन व्यवस्था शुरू

## 500 रुपए के टिकट पर अब सीधे गर्भगृह में मिलेगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर अब उज्जैन के पौराणिक श्री कालभैरव मंदिर में भी बुधवार से सशुल्क वीआईपी दर्शन व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसके तहत श्रद्धालु 500 रुपए का टिकट लेकर सीधे गर्भगृह से भगवान कालभैरव के सुगम दर्शन कर सकेंगे। हालांकि, सुबह 8 बजे और रात 8:30 बजे होने वाली नियमित आरती के दौरान यह सशुल्क व्यवस्था पूरी तरह बंद रहेगी। एसडीएम एलएन गर्ग के अनुसार, मंदिर में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। भगवान कालभैरव को मदिरा अर्पित करने की अनूठी परंपरा ▶▶ शेष पेज 10 पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले दी जानकारी

## मध्य क्षेत्रीय परिषद की 27 वीं बैठक अगले साल उज्जैन में होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य क्षेत्रीय परिषद (सीजेडसी) की 27वीं बैठक वर्ष 2027 में मप्र के उज्जैन जिले में होगी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 19 मई को बस्तर में परिषद की 26 वीं बैठक में इस आशय की सहमति दी है। परिषद की बैठक के बाद गृह मंत्री शाह उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वे नागरिक व्यवस्थाओं, मानव प्रबंधन और आपदा प्रबंधन का भी मुआयना भी करेंगे। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों के साथ अनौपचारिक चर्चा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मप्र नक्सल मुक्त हो चुका है। इस विचारधारा का मूल गढ़ बस्तर ही हुआ ▶▶ शेष पेज 10 पर

2024 बैच के आईएएस अधिकारियों से बोलीं- सही निर्णय लेना ही सच्ची नैतिकता

## विकसित भारत के लिए विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ें नौकरशाह : राष्ट्रपति मुर्मू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रपति ने युवा प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने और समाज को प्रगति के शिखर तक पहुंचाने के लिए उन्हें कई बार विपरीत परिस्थितियों और धारा के खिलाफ जाकर भी काम करना होगा। राष्ट्रपति भवन में बुधवार को 2024 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के एक समूह से मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों को देश के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने और विशेषज्ञों की टीम का नेतृत्व करने का अनूठा अवसर मिलेगा। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्णय लेने से बचना नैतिकता नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनहित और स्थापित व्यवस्था के अनुरूप सही निर्णय लेना ही वास्तविक नैतिकता की पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल पद और अधिकार ▶▶ शेष पेज 10 पर

## भोपाल की नवविवाहिता की नोएडा में संदिग्ध मौत पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिए सख्त संज्ञान, 7 दिनों में तलब की रिपोर्ट


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय महिला आयोग। (एनसीडब्ल्यू) ने नोएडा की 33 वर्षीय महिला की भोपाल में हुई संदिग्ध मौत के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मध्य प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन को निष्पक्ष, त्वरित और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने इस संबंध में मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर मामले की विस्तृत जांच कराने को कहा है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जांच किसी भी प्रकार के दबाव या प्रभाव से मुक्त होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। आयोग ने राज्य सरकार से सात दिनों के भीतर विस्तृत एक्शन टेकन रिपोर्ट भी मांगी है। साथ ही यह निर्देश दिया गया है कि मृतका के परिवार को किसी भी प्रकार की धमकी, दबाव या डराने-धमकाने की कोशिश से सुरक्षा प्रदान की जाए। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, ताकि जांच प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ सके। आयोग ने प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि मामले में सभी पहलुओं की गहनता से जांच हो और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। बताया जा रहा है कि नोएडा निवासी नवविवाहिता 33 वर्षीय महिला की भोपाल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी, जिसके बाद मामले ने गंभीर रूप ले लिया। घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं और परिवार ने ▶▶ शेष पेज 10 पर

लोस में नेता प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी पर साधा निधाना

## राहुल गांधी के 'गद्दार' बयान पर सियासी तूफान, भाजपा का पलटवार-पाकिस्तानी भाषा बोल रहे हैं विपक्ष के नेता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के प्रधानमंत्री , केंद्रीय गृह मंत्री और (आरएसएस) को लेकर दिए गए 'गद्दार' बयान पर देश की राजनीति गरमा गई है। बीजेपी ने कांग्रेस सांसद पर तीखा हमला बोलते हुए उनकी भाषा को "पाकिस्तान और आतंकियों जैसी भाषा" करार दिया है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जब आरएसएस कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी और अमित शाह की बात करें तो उन्हें जवाब देना चाहिए कि "आपके प्रधानमंत्री गद्दार हैं, आपके गृह मंत्री गद्दार हैं और आपका संगठन गद्दार है। आपने भारत को बेचने का काम किया है और संविधान, डॉ. भीमराव आंबेडकर तथा महात्मा गांधी पर हमला किया है।" राहुल गांधी ने बाद में सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए इटली की प्रधानमंत्री को 'मेलोडी' टॉफी देने वाले वायरल वीडियो को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि देश आर्थिक संकट से जूझ रहा है, किसान, युवा, महिलाएं और छोटे व्यापारी परेशान हैं, जबकि प्रधानमंत्री "रील बनाने और हंसने" में व्यस्त हैं।राहुल गांधी के इस बयान पर बीजेपी नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी की भाषा दुश्मन देशों जैसी हो ▶▶ शेष पेज 10 पर

भाजपा अध्यक्ष नवीन बोलेः पीएम मोदी ने देश का मान सम्मान बढ़ाया

### राहुल गांधी की 'गद्दार' टिप्पणी को भाजपा ने हार से उपजी कुंठा और हताशा बताया

- मुझे लगता है कि वे (राहुल गांधी) अपना मानसिक संतुलन खो रहे हैं : भाजपा अध्यक्ष



**हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली ।** रायबरेली में पीएम नरेंद्र मोदी पर राहुल गांधी की 'गद्दार' टिप्पणी को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। राहुल गांधी द्वारा पीएम मोदी को 'गद्दार' कहे जाने पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, इसे उनकी 'अराजकतावादी मानसिकता' और चुनावी हार की हताशा का प्रतीक बताया है। भाजपा ने इस बयान को 140 करोड़ भारतीयों का अपमान बताते हुए कांग्रेस नेता से देश की जनता से माफी मांगने की मांग की है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि गांधी की टिप्पणी देश की ▶▶ शेष पेज 10 पर

## 40 करोड़ रुपये के लेनदेन का खुलासा, 89 अपराधियों को चिन्हित कर दबोचा

# साइबर धोखाधड़ी के नेटवर्क का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली में एक महीने तक चले अभियान के दौरान कई अंतरराज्यीय साइबर जालसाज गिरोहों का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 89 अपराधियों को चिन्हित कर दबोचा। पुलिस के अनुसार, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली सहित कई राज्यों में चलाए गए अभियानों के दौरान 35 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, 54 लोगों को पाबंद किया गया और साइबर धोखाधड़ी के 34 मामलों को सुलझाया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन गिरोह में 'डिजिटल अरेस्ट', निवेश के नाम पर ठगी, एपीके फाइल के जरिए फोन हैक कर धोखाधड़ी करने, फर्जी 'डेटिंग' सदस्यता और 'म्यूल' खाते उपलब्ध कराने वाले शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान से करीब 40 करोड़ रुपये के लेनदेन में शामिल साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। अभियान के दौरान, पुलिस ने 14.18 लाख रुपये नकद, 359 सिम कार्ड, 218 एटीएम कार्ड, 88 मोबाइल फोन, 78 चेक बुक, पांच पासबुक, तीन क्रेडिट कार्ड, दो लैपटॉप, एक पेन ड्राइव और साइबर धोखाधड़ी की गतिविधियों में कथित रूप से इस्तेमाल की गई एक कार बरामद की। पुलिस ने बताया कि टीमों ने महीने के दौरान बैंकों के साथ समन्वय करके 1.11 करोड़ रुपये ठगों के पास जाने से रोके। इसके अतिरिक्त अदालती आदेशों के माध्यम से पीड़ितों को 51.95 लाख रुपये वापस किए गए। एक बड़े अभियान में पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली के करमपुरा से कथित तौर पर संचालित हो रहे एक अत्यधिक संगठित 'म्यूल' खाता और ओटीपी साझा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने डीएल ऑफिस नामक एक सोशल मीडिया ग्रुप का इस्तेमाल ओटीपी साझा करने और पूरे भारत में साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल होने वाले 'म्यूल' बैंक खातों को संचालित करने के लिए किया। आरोपियों की पहचान बिट्टू चौधरी, लविश चुघ, ऋषि, अरुण सिंह, आशीष और दीपक भट्ट के रूप में हुई है। उन्होंने कथित तौर पर छापेमारी के दौरान एक इमारत की चौथी मंजिल से कूदकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया कि समन्वय पोर्टल के माध्यम से किए गए तकनीकी विश्लेषण से पता चला है कि यह गिरोह लगभग 40 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से संबंधित 35 शिकायतों से जुड़ा हुआ है। यह शिकायतें राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनआरसीपी ) पर की गई थी। एक अलग अभियान में, पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी के एक मामले का पर्दाफाश किया, जिसमें एक वरिष्ठ नागरिक को कथित तौर पर फर्जी धनशोधन मामले में कानून प्रवर्तन अधिकारी बनकर जालसाजों ने धमकाया। पुलिस ने पंजाब और झारखंड से चार आरोपियों अशोक कुमार, सूरज कुमार, दीपू कुमार और विवेक कुमार को 'म्यूल' खाते संचालित करने और धोखाधड़ी से प्राप्त धन को क्रिप्टो करेंसी में बदलने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## वेलकम इलाके में युवक की गोली मारकर हत्या



**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में एक कॉलेज के पास 22 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मौजपुर निवासी अमानुल्लाह कुरैशी के रूप में हुई है। यह वारदात 19 और 20 मई की दरमियानी रात को सामने आई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने के बाद एक टीम श्याम लाल कॉलेज के पास घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक घायल व्यक्ति के परिजन उसे जीटीबी अस्पताल ले जा चुके थे। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत जुटाए। वेलकम थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कई टीम गठित की गई हैं और जांच जारी है।

## आज से ट्रक और छोटे बड़े मालवाहकों का तीन दिवसीय चक्का जाम, ऑटो व टैक्सी हड़ताल में शामिल नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली एनसीआर के ट्रक और छोटे बड़े मालवाहक वाहन आज गुरुवार से तीन दिवसीय चक्का जाम हड़ताल पर जा रहे है। लेकिन इस हड़ताल का असर दिल्ली एनसीआर में चलने वाले ऑटो व टैक्सी पर नहीं पड़ेगा। क्योंकि ऑटो, टैक्सी संगठनों ने इस तीन दिवसीय चक्का जाम हड़ताल से खुद को अलग रखते हुए बाहर से समर्थन दिया है। इस बारे में ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन व ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशन वर्मा ने बताया कि ट्रक और छोटे बड़े मालवाहक वाहनों को बेशक हमारा समर्थन है, लेकिन हम चक्का जाम में शामिल नहीं है। वर्मा ने बताया कि ऑटो टैक्सी चालको की मांगों को लेकर संगठन ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को अलग से ज्ञापन दे रखा है। लेकिन तीन दिवसीय चक्का जाम हड़ताल में ऑटो टैक्सी बंद नहीं होंगे, इसलिए लोगों को इसको लेकर कोई दिक्कत नहीं होगी। पूरी दिल्ली एनसीआर में पहले की तरह ही सामान्य रूप से सभी ऑटो टैक्सी चलते रहेंगे। उन्होंने बताया चक्का जाम का आह्वान ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन ने किया है जिसका हम मोरल समर्थन करते है। वहीं ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष हरीश सभरवाल का कहना है कि पूर्व घोषणा के अनुरूप 21-23 मई तक ट्रक और छोटे बड़े मालवाहक वाहनों की चक्का जाम हड़ताल होगी।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित उर्फ महावीर, पुत्रः** राकेश, **निवासीः** खानाबदोश, पीरागढ़ी फ्लाईओवर, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 142/2023, U/s 457/380/411/34 IPC, थानाः पश्चिम विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित उर्फ महावीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित उर्फ महावीर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 142/2023, U/s 457/380/411/34 IPC, थानाः पश्चिम विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित उर्फ महावीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोक्षा बैंस
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–11 (पश्चिम)
कोर्ट नं. 31, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6359/OD/2026
(Court Matter)


## अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर ऑनलाइन निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से 24 लाख की ठगी करने का आरोप है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरोपियों में बीटेक, एमबीए और साइबर सुरक्षा में डिप्लोमा जैसी शैक्षणिक योग्यता रखने वाले व्यक्ति शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि वे कथित तौर पर 'म्यूल' बैंक खाते संचालित करते थे और धोखाधड़ी के माध्यम से प्राप्त धन को विदेश में बैठे साइबर जालसाजों तक पहुंचाते थे। इनका संबंध कंबोडिया में मौजूद कुछ लोगों से भी था। आरोपियों की पहचान पंजाब के मोहाली निवासी हरमनजोत सिंह और कैसर मसूदी, हरियाणा के पानीपत निवासी अभिषेक, दिल्ली के जाफराबाद निवासी मोहम्मद जाहिद और आमिर मलिक, मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी अमरजीत अहिरवार और आलोक शर्मा तथा मध्यप्रदेश के रीवा निवासी अनंत पांडे के रूप में हुई है। पांडे व्हाट्सऐप के माध्यम से विदेशी आकाओं के साथ सीधे संपर्क में था और भारत में 'म्यूल' बैंक खाते उपलब्ध कराने वालों तथा कंबोडिया से जुड़े विदेशी साइबर धोखाधड़ी गिरोहों के बीच एक कड़ी के रूप में काम करता था। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता को एक सोशल मीडिया समूह में जोड़ा गया था, जहां शेयर बाजार विशेषज्ञ बनकर ठगों ने सदस्यों को एक फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पीड़ितों का विश्वास जीतने के लिए भारी मुनाफा दर्शाने वाले फर्जी स्क्रीनशॉट साझा किए। इस योजना को असली समझकर, शिकायतकर्ता ने आरोपियों द्वारा दिए गए विभिन्न बैंक खातों में लगभग 24 लाख रुपये भेज दिए। पुलिस ने बताया कि जब उसने अपने निवेश और मुनाफे को निकालने की कोशिश की, तो जालसाजों ने कथित तौर पर विभिन्न बहाने बनाकर और अधिक पैसे की मांग की। इसके बाद 20 मार्च को दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के साइबर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत ई-प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसके बाद एक समर्पित टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि यह पैसा अलग-अलग राज्यों में फर्जी कंपनियों के नाम पर खोले गए कई 'म्यूल' खातों के माध्यम से भेजा गया था। इसने आरोपियों से आठ मोबाइल फोन, बैंकिंग दस्तावेज, कमीशन-बांटने के रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज इन 'म्यूल' खातों से जुड़ी 60 से अधिक शिकायतों पर जांच जारी है और मात्र 14 दिन के भीतर लगभग 4.5 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन का पता चला है।

## अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में चार लोगों को किया बरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में चार आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मामले में दो पुलिसकर्मियों की गवाही पर भरोसा करना 'खतरनाक' होगा, क्योंकि उनके बयान जांच रिकॉर्ड और अन्य सबूतों से मेल नहीं खाते और उनमें विरोधाभास है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह करावल नगर में दंगों के दौरान एक ऑटो-रिक्शा को कथित रूप से जलाने और एक दुकान में तोड़फोड़ कर उसे आग लगाने से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस मामले में सुमित कुमार, अनुज, राहुल और सचिन आरोपी थे। अदालत द्वारा 19 मई को जारी आदेश में कहा गया, ₹मैं पाता हूं कि गवाह संख्या छह और सात (पुलिस अधिकारी) विश्वसनीय गवाह नहीं हैं और उनकी गवाही पर भरोसा करके अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन का निष्कर्ष निकालना खतरनाक होगा। इसलिए मैं पाता हूं कि अभियोजन पक्ष अभियुक्तों के खिलाफ अपना मामला साबित करने में विफल रहा है।₹ अभियोजन पक्ष के अनुसार, शिकायतकर्ता वाजिद ने आरोप लगाया था कि 25 फरवरी, 2020 को दंगाइयों ने उसकी ऑटो-रिक्शा में आग लगा दी थी, जबकि एक अन्य शिकायतकर्ता शमशाद ने आरोप लगाया था कि दंगाइयों ने उसकी दुकान में तोड़फोड़ कर उसे जला दिया था।

## झगड़े में बीच बचाव करने वाले व्यक्ति को गोली मारने वाला पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने पिछले महीने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में झगड़े के दौरान बीच-बचाव कराने वाले व्यक्ति को गोली मारकर जख्मी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गौरव उर्फ लव शर्मा उर्फ संदीप उर्फ मसालेवाला (31) ने 23 अप्रैल को रोशन गार्डन इलाके में अपने दोस्त को हमले से बचाने की कोशिश करने पर शिकायतकर्ता पर गोली चला दी थी। गौरव घटना के बाद से फरार था और हत्या, लूट, छीना-झपटी और शस्त्र अधिनियम के तहत अपराधों समेत 11 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता रोशन गार्डन इलाके में एक दोस्त के घर पर रुका हुआ था। तभी उसके दोस्त की भतीजी ने उसे बताया कि दो लोग उसके चाचा से झगड़ा कर रहे हैं। जब वह बाहर आया तो उसने कथित तौर पर गौरव उर्फ मसालेवाला और प्रिंस मित्तल को अपने दोस्त पर हमला करते हुए पाया। जब उसने लड़ाई रोकने के लिए बीच- बचाव किया तो गौरव ने कथित तौर पर पिस्तौल निकालकर उस पर गोली चला दी थी। गोली उसके पैर में लगी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए थे, जबकि घायल को उसके परिवार वालों ने बहादुरगढ़ के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। नजफगढ़ थाने में भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को हाल ही में सूचना मिली कि आरोपी दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल आएगा। अस्पताल के पास जाल बिछाया गया और कुछ दूर आरोपी का पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी 2025 से नजफगढ़ क्षेत्र में सट्टा लगवाने वालों और अवैध शराब विक्रेताओं से पैसे वसूलता था।

## सरकार का कार्य लोगों की परेशानियां कम करना है, पीएम मोदी विदेश में, जनता परेशानः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि केंद्र सरकार को चाहिए कि वह लोगों की परेशानियों को कम करें। लेकिन मोदी सरकार युद्ध का बहाना बनाकर बेलगाम महंगाई करके लोगों की परेशानियों को बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को कई तरह की नसीहत देकर पीएम मोदी खुद विदेश में जा बैठे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई और रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी पर बेहद चिंता का विषय है। पिछले 12 वर्षों में कच्चे तेल की कीमतें 50 डालर प्रति बैरल तक गिरने के बावजूद भाजपा सरकार द्वारा पेट्रोल की दरों में 38 प्रतिशत और डीजल की दरों में 62 प्रतिशत की वृद्धि करना पूरी तरह से पूरी तरह पूजंपति सरंक्षण नीति को संरक्षण देना है। उन्होंने कहा कि 2014-25 तक बिना किसी युद्ध और कच्चे तेल की कीमत औसतन 70 डालर प्रति बैरल रहने के बावजूद भाजपा सरकार ने पेट्रोल और डीजल की दरों को 100 रुपये के करीब पहुंचा दिया। यादव ने आरोप लगाए कि पीएम मोदी की सरकार ने खाड़ी युद्ध के बहाने पूरे देश सहित दिल्ली में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, एलपीजी, दूध, फल, सब्जियों सहित आवश्यक वस्तुओं के दामों में बढ़ोत्तरी कर दी। यादव ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और सीएनजी में बढ़ोतरी के कारण ऑटो रिक्शा, ट्रक ड्राईवर एसोसिएशन हड़ताल करने को तैयार बैठे है। अगर हड़ताल होती है तो आवश्यक वस्तुओं की दरों सहित फल और सब्जियों के दाम आसमान छू जाऐंगे।

## हत्या का दोषी पैरोल जंपर प्रयागराज से हुआ अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने हत्या के उस दोषी को गिरफ्तार कर लिया है जो 2002 में पैरोल मिलने के बाद से फरार था। उसे हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। आरोपी राकेश पटेल उर्फ पप्पी को 24 साल बाद गिरफ्तार किया गया है। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए कथित तौर पर अपनी पहचान बदल चुका था और प्रयागराज में नंदलाल वर्मा के नाम से रह रहा था। पुलिस के अनुसार राकेश पटेल ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर 1990 में जहांगीरपुरी इलाके में अपने पड़ोसी की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पटेल, चंदर प्रकाश और अनिल कुमार को

**■ 24 साल पहले हुआ था फरार**

1995 में हत्या के जुर्म में दोषी ठहराया गया था और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। पटेल को 1999 में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा शादी के लिए पैरोल दी थी। पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद उसने जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। 2002 में उसे फिर से पैरोल दी गई, लेकिन इस बार 24 जून को उसकी पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद उसने आत्मसमर्पण नहीं किया। एक टीम ने उसके आपराधिक इतिहास, पैरोल रिकॉर्ड, मोबाइल विवरण और ज्ञात ठिकानों का विश्लेषण किया और उसका पता लगाने के लिए दिल्ली और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापे मारे। आखिरकार वह प्रयागराज में मिला। शुरू में आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की और दावा किया कि उसका नाम नंदलाल वर्मा है। लगातार पूछताछ के दौरान उसने अपनी असली पहचान कबूल कर ली और यह भी स्वीकार किया कि वह 2002 में पैरोल मिलने के बाद फरार हो गया था। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि उसे तीन जून 2002 को पैरोल पर रिहा किया गया था और पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद उसने आत्मसमर्पण नहीं किया।

## जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए दें सहयोगः डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग के अंतर्गत आने वाले जिला बाहरी उत्तर की जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) विशाखा यादव ने जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए सभी नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की है। डीएम यादव ने कहा है कि जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से सरकार को जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार, आवास और अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित सटीक आंकड़े प्राप्त होते हैं। वहीं, डीएम ने बताया कि जनगणना से प्राप्त जानकारी भविष्य की योजनाओं और विकास कार्यों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अलावा जिला प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि जनगणना कार्य में

**■ जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया**

लगे कर्मियों और अधिकारियों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।

डीएम ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान दी गई सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं और उनका उपयोग केवल सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए किया जाता है। डीएम विशाखा यादव ने कहा कि नागरिकों का सहयोग जनगणना कार्य को सफल बनाने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण और क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### जनगणना कर्मियों को सही एवं सत्य जानकारी दें

डीएम प्रशासन ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना कर्मियों को सही एवं सत्य जानकारी दें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। परिवार के प्रत्येक सदस्य की जानकारी उपलब्ध कराएं। सरकारी पहचान पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें। जनगणना कार्यों में प्रशासन का सहयोग करें ताकि विकास के लिए सही आंकड़े उपलब्ध हो सकें।


**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**
FRICK
पंजी. कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद–121003
CIN - L74899HR1962PLC002618, E-mail- cs@frickmail.com,
Ph. 0129-2275691-94, 2270546-47 : Fax: 0129-2275695 Web: www.frickweb.com

**सूचना**

एतद द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की असाधारण सामान्य बैठक ('ईजीएम') कम्पनी की ईजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिए कम्पनी मामलों का मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर 2025 क्रमशः के साथ पठित भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 ('लिस्टिंग नियमनों'), कम्पनी अधिनियम 2013 और उनके तहत बनाए गए नियमों (''दि एक्ट'') और सेबी सरकुलर दिनांक 03 अक्तूबर 2024, संशोधनों, यदि कोई हो, समेत (सामूहिक रूप से 'सरकुलर्स' के रूप में संदर्भित) के लागू प्रावधानों के अनुपालन में किसी कॉमन स्थल पर सदस्यों की भौतिक अनुपस्थिति के बिना वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी)/ अथवा अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से बुधवार, 10 जून, 2026 को पूर्वा. 11:00 बजे आयोजित की जाएगी।

सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम द्वारा ईजीएम में उपस्थित हो सकेंगे और भाग ले सकेंगे। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के प्रयोजन से गिना जाएगा। उपरोक्त सरकुलर्स के अनुपालन में, कंपनी इसके सभी सदस्यों को 19.05.2026 को केवल इलैक्ट्रोनिक मोड के द्वारा ईजीएम की सूचना भेज चुकी है, जिनके ई-मेल पते 15.05.2026 तक डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत हैं। ईजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट https://frickweb.com/wp-content/uploads/2026/ 05/NOTICE-OF-EGM-DATED-10-06-2026.pdf से और मैट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ-साथ एमयूएफजी इंटिमा इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के तौर पर जानी जाती) की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

**ईजीएम में दूरस्थ ई–वोटिंग**

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2014 के नियम 20 के साथ पठित अधिनियम की धारा 108, लिस्टिंग नियमनों के नियमन 44 और सामान्य बैठकों पर सचिवालय मानक के अनुसरण में। कम्पनी ईजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर अपना मतदान करने के लिए ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा और इसके सभी सदस्यों को दूरस्थ-ई-वोटिंग सुविधा (''दूरस्थ ई-वोटिंग'') प्रदान करने के लिए मै. एमयूएफजी इन टाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड की सेवाएं ले चुकी है।

| | |
|---|---|
| ई–वोटिंग हेतु कट–ऑफ तिथि | 03-06-2026 |
| दूरस्थ–ई–वोटिंग का प्रारम्भ | 07-06-2026 |
| दूरस्थ–वोटिंग अवधि का समापन | 09-06-2026 |

जो सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होंगे और जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं कर चुके हैं, ईजीएम के दौरान मतदान करने के लिए अपने अधिकार का उपयोग करने के लिए पात्र होंगे। जो सदस्य ईजीएम से पूर्व दूरस्थ-ई-वोटिंग द्वारा मतदान कर चुके हैं, ईजीएम में भी उपस्थित हो सकते और भाग ले सकते हैं। परन्तु दोबारा अपना मतदान करने के लिए हकदार नहीं होंगे।

तदनुसार, सदस्य सूचना में वर्णित निर्देश का पालन करके ईजीएम में ई-वोटिंग और दूरस्थ-ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं। एकबार जब कोई सदस्य किसी प्रस्ताव पर वोट डाल देता है, तो उसे बाद में उसे बदलने की अनुमति नहीं होगी।

कंपनी ने पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से ईजीएम में ई-वोटिंग और दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया की मॉनिटरिंग करने के लिए संवीक्षाकर्ता के तौर पर मै. अदिति अग्रवाल एंड एसोसिएट्स की सुश्री अदिति गुप्ता, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सचिव को नियुक्त किया है। ई-वोटिंग का परिणाम ईजीएम के समापन से दो कार्यदिवस के अंदर घोषित किया जाएगा। संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित किया गया परिणाम स्टॉक एक्सचेंज को संचारित किया जाएगा और कम्पनी की वेबसाइट पर www.frickweb.com पर और मै. एमयूएफजी इन टाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड की वेबसाइट पर https://instavote.linkintime.co.in/ पर डाला जाएगा।

सदस्य सूचना में वर्णित निर्देशों का पालन करके और ई-वोटिंग लॉगइन प्रत्यायकों का उपयोग करके मै.एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड द्वारा उपलब्ध करवाई गई वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होने में सक्षम होंगे।

कोई व्यक्ति, जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि अर्थात 03.06.2026 के अनुसार शेयरधारण करता है, enotices@in.mpms.mufg.com पर एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान के सम्बन्ध में किसी प्रश्न और/अथवा शिकायत के मामले में, सदस्य मदद और बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूएस) और ''Help'' सेक्शन के तहत मै. एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड https://instavote.linkintime.co.in/ पर उपलब्ध ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा आप enotices@in.mpms.mufg.com पर हमें ई-मेल कर सकते हैं या हमें कॉल करें टेली. : 011 -4141 0592/93/94,

सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से अथवा दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने का तरीका, ईजीएम में शामिल होने के लिए विशेषतः निर्देश और ईजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट सभी टिप्पणियों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

| | |
|---|---|
| मैसर्ज एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंकइनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के रूप से जानी जाती), नोबल हाईट्स, प्रथम तल, प्लॉट नं. एनएच-2, सी-1 ब्लॉक, एलएससी, निकट सावित्री मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 (यूनिट : फ्रिक इंडिया लिमिटेड) श्री भारत भूषण, सहायक उपाध्यक्ष Tel: 011 - 4141 0592/93/94 Telefax:011-41410591 Email: delhi@in.mpms.mufg.com | फ्रिक इंडिया लिमिटेड श्री अमित सिंह तोमर कम्पनी सचिव 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, निकट एनएचपीसी चौक, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) Phone: 0129-2275691-94, Fax: 0129-2275695 Email: cs@frickmail.com Fax: 0129-2275695 |

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
अमित सिंह तोमर
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. ए46813

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 19.05.2026



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में रसायन विज्ञान विभाग में फ्यूम हुड का प्रावधान व फिक्सिंग। | 18.05.2026 09.06.2026 | रु. 93.26 लाख | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.cvil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45387/1/88/7 दि. 20.05.26

# दिल्ली की सभी स्ट्रीट लाइटें स्मार्ट एलईडी में होंगी तब्दील

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने व्यय वित्त समिति की बैठक में 473 करोड़ 24 लाख रुपये की परियोजना को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की सभी स्ट्रीट लाइटें अब स्मार्ट एलईडी में बदली जाएंगी। इस बाबत बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में 473 करोड़ 24 लाख रुपये की परियोजना को दी मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के तहत लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़कों पर लगी करीब 96 हजार स्ट्रीट लाइटों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि आगामी दीवाली



तक दिल्ली की प्रमुख सड़कें नई स्मार्ट रोशनी से चमक उठें। बैठक में दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। यह परियोजना मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा बजट 2026-27 में की गई उस घोषणा का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों को ऊर्जा कुशल स्मार्ट एलईडी प्रणाली में बदलने की घोषणा की थी। वर्तमान में पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर लगभग 45 हजार पुरानी एचपीएसवी (हाई प्रेशर सोडियम वेपोर) लाइटें और 51 हजार एचपीएसवी एलईडी लाइटें लगी हुई हैं। कुल मिलाकर करीब 96 हजार लाइटें और 51,160 पोल इस नेटवर्क का हिस्सा हैं। योजना की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि मौजूदा व्यवस्था में कई गंभीर समस्याएं सामने आ रही थीं।




## मुख्यमंत्री ने जन सेवा सदन में प्रतिभा खोज योजना 'हौसलों की उड़ान' की लांच

# युवाओं की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाएगी दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राजधानी के युवाओं की प्रतिभा को पहचानने, निखारने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाएगी। इसके लिए बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रतिभा खोज योजना 'हौसलों की उड़ान 2026-27' शुरू की। जन सेवा सदन में आयोजित प्रैसवार्ता में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'हौसलों की उड़ान 2026-27 योजना के आधिकारिक लोगो का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि यह लोगो दिल्ली के युवाओं के सपनों, रचनात्मकता और उड़ान भरते आत्मविश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति व भाषा मंत्री कपिल मिश्रा भी उपस्थित थे।




प्रैसवार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का मानना है कि हर युवा में प्रतिभा होती है और आवश्यकता केवल उसे सही अवसर और मंच देने की है। इसी सोच के साथ कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा इस योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। यह योजना दिल्ली के युवाओं को अपनी कला दिखाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और पहचान बनाने का अवसर देगी। मुख्यमंत्री के अनुसार यह योजना दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में लागू की जाएगी। योजना के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत लगभग 25 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न चरणों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। 16 से 35 वर्ष के युवा इस योजना के लिए बुधवार वेबसाइट www.delhi-talenthunt.com पर निःशुल्क पंजीकरण कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 2.5 लाख रुपये, दूसरा स्थान पर रहने वाले को 2 लाख रुपये, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 1.5 लाख रुपये और चौथा स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं को विभिन्न सामाजिक अभियानों में 'ब्रैंड एंबेसडर' के रूप में भी जोड़ा जाएगा ताकि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बन सकें। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने सपनों को नई उड़ान दें और दिल्ली सरकार के इस मंच का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### 'क्रिएटिव कैपिटल' और 'यूथ कैपिटल' बन रही दिल्ली : कपिल

मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली 'क्रिएटिव कैपिटल' और 'यूथ कैपिटल' बन रही है। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ दिल्ली के भव्य और सफल आयोजन के बाद अब दिल्ली 'दिल्ली टैलेंट हंट - हौसलों की उड़ान' जैसे बड़े आयोजन के लिए तैयार है। आत्मनिर्भर भारत' संकल्प की दिशा में यह पहल दिल्ली के युवाओं को अपनी कला, रचनात्मकता और हुनर को एक बड़े मंच पर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी और उनके आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# 'एनीमिया की स्क्रीनिंग के लिए व्यापक कार्य योजना हो तैयार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने की वर्चुअल बैठक में पोषण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण सुझावों की समीक्षा

'एनीमिया मुक्त भारत' पहल के तहत सभी आयु वर्गों के लिए एनीमिया की स्क्रीनिंग के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। यह निर्देश बुधवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने वर्चुअल समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए हैं। मंत्री डॉ. पंकज ने बैठक में दिल्ली में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत करने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित पहलों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने टीकाकरण, मातृ स्वास्थ्य, बाल पोषण, परिवार नियोजन और कुष्ठ रोग से संबंधित पोषण सहायता से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों की बारीकी से समीक्षा की।

इस दौरान यू-विन रिकॉर्ड से जुड़े पूर्ण टीकाकरण और विटामिन-ए अनुपूरण के लिए 'प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण' (डीबीटी) आधारित प्रोत्साहन शुरू करने, गंभीर कुपोषण के लिए प्रबंधन प्रणालियों को और ज्यादा मजबूत करने के साथ प्रसव और मातृ शिशु देखभाल बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री डॉ. पंकज ने दिल्ली में पात्र दंपत्तियों के लिए एकीकृत गर्भधारण-पूर्व स्वास्थ्य सेवाओं के एक प्रस्ताव की भी समीक्षा की और डीबीटी-आधारित पोषण सहायता के माध्यम से कुष्ठ रोगियों के लिए पोषण सहायता प्रदान करने के उपायों पर भी चर्चा की।बैठक का एक प्रमुख विषय सरदार वल्लभभाई पटेल अस्पताल में योग सहित आयुष सेवाओं के एकीकरण के साथ मॉडल इंटीग्रेटेड न्यूट्रिशन सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया। मंत्री डॉ.पंकज ने इस प्रस्ताव की सराहना करते हुए अधिकारियों को इसके प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत सहयोग की संभावनाएं तलाशने के भी निर्देश दिए।

# प्रवेश वाही ने राजेंद्र नगर क्षेत्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विकास और सौंदर्यीकरण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा इन कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम के करोलबाग जोन अंतर्गत राजेंद्र नगर क्षेत्र के सिंधी पार्क में दिल्ली नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के बाद अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ क्षेत्रीय पार्षद आरती चावला, निगमायुक्त संजीव खिरवार, उपायुक्त दिलखुश मीणा, प्रमुख अभियंता पी.सी. मीणा सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने विशेष रूप से पार्क में विकसित किए जा रहे वॉकिंग ट्रैक को आधुनिक, सुरक्षित और नागरिकों के लिए अधिक सुगम बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पार्क क्षेत्र नागरिकों के स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं, इसलिए इनके विकास में उच्च गुणवत्ता के मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### महापौर ने वर्चुअल मोड में की उच्च स्तरीय बैठक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अभियान को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने बुधवार को वर्चुअल मोड में बैठक की। महापौर प्रवेश वाही ने डॉ. एसपीएम सिविक सेंटर स्थित, दिल्ली नगर निगम मुख्यालय से वर्चुअल मोड में उच्च स्तरीय बैठक कर दिल्ली की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उपमहापौर, डॉ. मोनिका पंत, एमसीडी आयुक्त, संजीव खिरवार, अतिरिक्त आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा, प्रमुख अभियंता, पी.सी. मीणा और सभी ज़ोन के उपायुक्त और विभिन्न जोनों से कचरा उठाने के लिए अनबंधित कॉनसेशनरीज़ उपस्थित रहे।

# तीनों लैंडफिल साइटों पर 75 एकड़ भूमि पुनः उपयोग योग्य बनाई गई : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की ओखला, भलस्वा और गाजीपुर लैंडफिल स्थलों पर अब तक 255.03 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट का बायो-माइनिंग के माध्यम से निस्तारण किया जा चुका है, जिससे लगभग 75 एकड़ भूमि पुनः उपयोग योग्य बनाई गई है। यह बात बुधवार को विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन की राष्ट्रीय समीक्षा बैठक में दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कही है।

इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की। बैठक में दिल्ली में चल



रहे लैंडफिल रिमेडिएशन कार्यों की विस्तृत प्रस्तुति देते हुए मंत्री सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार के कार्यभार संभालने के बाद दिल्ली में पुराने कचरे (लेगेसी वेस्ट) के निस्तारण कार्य में अभूतपूर्व तेजी आई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में रिमेडिएशन कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा था। वर्ष 2022–23 में पूरे वर्ष के दौरान केवल 21.9 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट का ही प्रसंस्करण किया गया था, जबकि हमारी सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2025–26 के दौरान ही यह बढ़कर 74.11 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। इसी प्रकार, वर्ष 2022–23 में लगभग 6 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन की प्रोसेसिंग क्षमता अब वर्ष 2025–26 में बढ़कर लगभग 20 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन हो गई है। तीनों लैंडफिल स्थलों पर तैनात ट्रॉमल मशीनों की संख्या बढ़ाकर अब 70 कर दी गई है, जो तेज़ी से कचरा प्रसंस्करण के लिए डबल शिफ्ट में कार्य कर रही हैं। मंत्री सूद ने बताया कि ओखला और भलस्वा लैंडफिल स्थलों पर लगभग 82 प्रतिशत लेगेसी वेस्ट में कमी हासिल की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें बार-बार आश्वासन देने के बावजूद लैंडफिल संकट के समाधान में प्रभावी कदम उठाने में विफल रहीं, जिसके कारण राष्ट्रीय राजधानी में दशकों तक अनियंत्रित कचरा संचयन और पर्यावरणीय क्षति होती रही। मंत्री सूद ने घोषणा की है कि दिल्ली सरकार ओखला, भलस्वा, सिंघोला, नरेला-बवाना और गाजीपुर में पुनः प्राप्त लैंडफिल भूमि पर कुल 5 हजार 900 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले पांचच नए इंटीग्रेटेड फ्रेश वेस्ट प्रोसेसिंग फैसिलिटी स्थापित कर रही है।

### महापौर से सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने की मांग

नई दिल्ली। ज़म ज़म फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेन्टर जाकर महापौर प्रवेश वाही से मुलाक़ात की तथा उनसे ईद-उल-अज़हा के त्यौहार के मौके पर दिल्ली में विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने का आग्रह किया। शमीम अहमद के द्वारा ज़म ज़म फाउन्डेशन की तरफ से महापौर प्रवेश वाही को दिए गए ज्ञापन में ईद-उल-अज़हा के त्यौहार के मौके पर दिल्ली में विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में 28 मई 2026 से 30 मई 2026 तक दिल्ली नगर निगम की तरफ से सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने की मांग की गई है। शमीम अहमद ने बताया कि महापौर प्रवेश वाही ने ईद-उल-अज़हा के त्यौहार के मौके पर सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने का आश्वासन दिया है।

## साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली पुलिस ने अपने कर्मियों के लिए कार्यशाला का किया आयोजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अपने कर्मियों के लिए 'नए युग के वित्तीय अपराध और प्रतिक्रिया तत्परता' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें तकरीबन 400 कर्मियों ने शिरकत की।

पुलिस ने एक बयान में बताया कि इस कार्यशाला में तरह के अपराधों, अपराधियों के बदलते तौर-तरीकों और जांच के आधुनिक तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला में विशेष प्रकोष्ठ के विशेष पुलिस आयुक्त अनिल शुक्ला ने अपने संबोधन में अग्रिम पंक्ति के अधिकारियों को डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी के बारे में नवीनतम जानकारी से लैस करने के महत्व पर जोर दिया। बयान के मुताबिक, साइबर और नए जमाने के वित्तीय अपराध जांच विशेषज्ञ डॉ रक्षित टंडन ने कर्मियों को साइबर अपराधों से निपटने के गुर सिखाए जिसमें निवेश के नाम पर ठगी, क्रिप्टो करेंसी ठगी, 'म्यूल' (कमीशन पर मिलने वाले) बैंक खातों का नेटवर्क, 'बिजनेस ईमेल कॉम्प्रोमाइज़', केवाईसी सत्यापान के नाम पर धोखाधड़ी, यूपीआई, नेट बैंकिंग और क्यूआर कोड से ठगी तथा दूरस्त पहुंच ऐप के जरिए धोखाड़ी पर ध्यान दिया गया।

उन्होंने पुलिस कर्मियों को बैंक खातों को 'फ्रीज' करना, पैसों का पता लगाना और जल्दी मिट सकने वाले डिजिटल सबूतों को सुरक्षित रखने और साइबर वित्तीय अपराधों में 'गोल्डन ऑवर' की अवधारणा और त्वरित कार्रवाई जैसे विषयों के बारे में जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि इस कार्यशाला में दिल्ली के विभिन्न थानों और विशेषीकृत इकाइयों के 400 अधिकारियों ने शिरकत की।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष कॉमनवेल्थ गेम्स कमेटी के सदस्य नामित

नई दिल्ली। इंडियन आर्चरी एसोसिएशन के महासचिव एवं दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा को वर्ल्ड आर्चरी फेडरेशन द्वारा एक महत्वपूर्ण खेल संस्था कॉमनवेल्थ गेम्स कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। प्रो. वी.के. मल्होत्रा के मार्गदर्शन में वीरेन्द्र सचदेवा वर्ष 2008 से पहले दिल्ली आर्चरी एसोसिएशन तथा बाद में इंडियन आर्चरी एसोसिएशन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं। अपने समर्पित कार्यों के माध्यम से वीरेन्द्र सचदेवा ने पिछले लगभग 15 वर्षों में देशभर में अनेक तीरंदाजी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है तथा स्कूलों में भी तीरंदाजी को खेल के रूप में प्रोत्साहित किया है। वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में आज तीरंदाजी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाला खेल बनकर उभरा है। कॉमनवेल्थ गेम्स कमेटी में नामित होने के बाद वीरेन्द्र सचदेवा ने पिछले एक दशक से अधिक समय में भारत में तीरंदाजी के विकास हेतु निरंतर सहयोग देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

## राजधानी में 45 डिग्री पार पहुंचा तापमान

# आग उगल रहे सूरज से दिल्लीवासी बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आग उगल रहे सूरज के चलते आजकल दिल्ली वाले बेहाल हो चुके है। हालात यह है राजधानी 45 डिग्री सेल्सियस वाले क्लब में शामिल हो चुकी है और लोग घरों से बाहर निकलने से बेबस महसूस कर रहे है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार बुधवार को अधिकतम पारा 45 डिग्री के पार दर्ज हुआ, जो सामान्य से कहीं अधिक रहा। राजधानी के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी के साथ साथ शरीर को झुलसाने वाली गर्म लू चलती रही।

दिल्ली के कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री को भी पार कर गया। आईएमडी ने ताजा अनुमान व्यक्त करते हुए कहा है कि दिल्ली एनसीआर में अगले पांच दिनों तक राहत की कोई गुंजाइश नहीं दिख



रही है, तापमान 45-47 डिग्री के बीच ही रह सकता है।

निजी मौसम कंपनी स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रह सकता है। कुछ स्थानों पर तापमान 47 और 48 डिग्री का आंकड़ा छू सकता है। जबकि 45 डिग्री तो कई शहरों में दर्ज होने के आसार हैं। पलावत का कहना है कि राहत की बात यह है कि पहाड़ों पर बारिश की गतिविधियों में कुछ वृद्धि हो सकती है।

एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन पाकिस्तान और उससे सटे पंजाब और हरियाणा पर बनेगा। वहीं, इसके प्रभाव से दिल्ली सहित पंजाब, हरियाणा, उत्तर पश्चिमी राजस्थान और उसके आसपास के इलाकों में धूल भरी आंधी चल सकती है तथा एक-दो स्थानों पर बारिश भी हो सकती है। इन दोनों प्रणालियों को जोड़ने वाली ट्रफ मतलब हवा का कम दबाव वाला क्षेत्र दिल्ली से काफ़ी उत्तर में स्थित है। जिससे यह क्षेत्र से सुरक्षित दूरी बनाए हुए है। इन मौसमी स्थितियों के चलते अगले तीन दिनों तक इसी तरह बने रहने की उम्मीद है। हालाँकि 22 और 23 मई 2026 को इस ट्रफ के थोड़ा दक्षिण की ओर खिसकने और दिल्ली के थोड़ा और करीब आने की संभावना है।

### बिजली खपत ने पार किया 8 हजार मेगावाट का आंकड़ा

नई दिल्ली। भीषण गर्मी का असर सीधे बिजली की खपत पर देखा जा सकता है। लगातार मांग में बढ़ोत्तरी का आलम यह है कि बुधवार को इस सीजन में पहली बार बिजली की खपत का आंकड़ा 8 हजार मेगावाट को पार कर गया। वहीं दिल्ली के इतिहास में यह तीसरी सबसे बड़ी बिजली की खपत का आंकड़ा है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार बुधवार दोपहर 3.35 बजे अधिकतम बिजली मांग का आंकड़ा 8039 मेगावाट दर्ज हुआ। इस सीजन में पहली बार न्यूनतम मांग का आंकड़ा भी बढ़कर 5174 मेगावाट को छू गया। जबकि मंगलवार को अधिकतम बिजली की मांग का आंकड़ा 7841 मेगावाट दर्ज हुआ था। बिजली की खपत बेतहाशा बढ़ने पर उपभोक्ताओं की शिकायत आ रही है कि अघोषित कटौती की जा रही है। कटौती को लेकर निजी आपूर्ति कंपनी बीएसईएस का इवा है कि उसने अपनी दोनों आपूर्ति इकाइयों के क्षेत्रों में 3,665 और 1,753 कि पीक डिमांड को निर्बाध रूप से पूरा किया है।

# डीजेबी ने छात्रों को कराया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का शैक्षिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के दिशा निर्देश पर आजकल स्कूली विद्यार्थियों को राजधानी के विभिन्न जल एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के एजुकेशनल विज़िट (शैक्षिक भ्रमण) करवा रहा है। डीजेबी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार ऐसा जल मंत्री प्रवेश साहिब की पहल पर शुरू किया है। इस अभियान का मूल उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में जल के महत्व एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। डीजेबी ने बताया कि इस कार्यक्रम के पहले चरण में मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा रोड, मॉडर्न स्कूल, वसंत विहार, सरस्वती विद्यालय, दरियागंज और न्यू एरा पब्लिक स्कूल, मायापुरी के विद्यार्थियों ने विभिन्न जल एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का भ्रमण किया। कार्यक्रम में कुल 220 विद्यार्थी, 16 शिक्षक और मॉडर्न स्कूल, वसंत विहार की प्रधानाचार्या शामिल हुईं।

## खबर संक्षेप

### 40 लाख रुपए की ठगी में एक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** केन्द्रीय श्रम मंत्रालय से सेवानिवृत महिला से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 40 लाख की ठगी करने के मामले में थाना साइबर अपराध एनआईटी की टीम ने 19 मई को एक खाताधारक को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रावत राम वासी निम्बानियों की ढांणी बाडमेर हाल सेक्टर-11 मालवीय नगर जयपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि रावत राम खाताधारक है, जिसके खाता में ठगी के 2,02,000 रुपए आये थे। जिसने अपने खाता से पैसों को निकलवाकर आगे एक अन्य व्यक्ति को दिये थे। जिसको माननीय न्यायलय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। घटनाक्रम में अब तक 12 को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ठगी के मामले खाताधारक सहित 2 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना सैंट्रल की टीम ने आधार कार्ड का गलत प्रयोग होने का भय दिखाकर साइबर ठगी करने के मामले में 18 मई को खाताधारक सहित 2 आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान नवीन निवासी गांव पावटा, जिला जयपुर, राजस्थान हाल सुमन विहार, हीरापुरा गिरधारी पूरा, जयपुर तथा अंकित सैनी निवासी गांव धनी गैसकां, जिला जयपुर, राजस्थान हाल सुमन विहार, हीरापुरा गिरधारी पूरा, जयपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार साई विहार फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 23 फरवरी को उसके पास एक लड़की की कॉल आई। शिकायतकर्ता के आधार कार्ड का प्रयोग करके किसी ने बैंक खाता रजिस्टर करवा रखा है।

# डिजिटल युग में लड़कियों के लिए साइबर जागरूकता जरूरीः एसीपी गौरव फोगाट

## 500 से ज्यादा छात्राओं ने चित्रकला प्रतियोगिता से दिया पोषण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




जेनपैक्ट एवं अन्नामृत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बादशाहपुर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पोषण, शिक्षा और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विशेष सीएसआर पहल का आयोजन किया गया। जिसमें 500 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसीपी साइबर गौरव फोगाट ने कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चों, विशेष रूप से लड़कियों के लिए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। वहीं विशेष सीएसआर पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अन्नामृत फाउंडेशन के ट्रस्टी धनंजय कृष्ण दास ने कहा कि अच्छा भोजन और उचित पोषण बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए जरूरी है। अन्नामृत फाउंडेशन हर बच्चे तक पौष्टिक भोजन पहुंचाने का प्रयास कर रहा है ताकि वे बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सकें। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, वॉलंटियर एंगेजमेंट एक्टिविटीज, मिड-डे मील इंटरैक्शन सेशन तथा पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने पोषण, शिक्षा और समाज सेवा से जुड़े विषयों पर अपनी सोच को कला के माध्यम से प्रस्तुत किया। जेनपैक्ट सीएसआर ग्लोबल लीडर रचना चुघ ने कहा कि लड़कियों के लिए पौष्टिक भोजन और स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इस तरह की पहल छात्राओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ आत्मविश्वास और बेहतर जीवनशैली के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम के तहत छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने पोषण, शिक्षा और समाज सेवा से जुड़े विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई। विजेता छात्राओं को पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम के दौरान जेनपैक्ट की नेतृत्व टीम, स्वयंसेवकों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक विशेष बना दिया।

## पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

# हरियाणा की जनता इस तानाशाही व धोखेबाज सरकार से पूरी तरह तंग आ चुकीः जितेन्द्र बघेल

कार्यालय पर कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन किया | लोगों को दो जून की रोटी कमाना व खाना मुश्किल हो गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद द्वारा एक माह में दो बार पैट्रोलियम पदार्थ के दामों में की गई वृद्धि के खिलाफ सेक्टर-12 स्थित जिला उपायुक्त कार्यालय पर कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक कर रहे थे। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश कांग्रेस के सहप्रभारी जितेन्द्र बघेल भी मुख्य रूप से शामिल हुए।

तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार जिले के सभी कांग्रेसी व कार्यकर्ता भारी संख्या में सैक्टर-12 स्थित पैट्रोल पम्प पर एकत्रित हुए और हाथों में कांग्रेस के झण्डे व सरकार के खिलाफ स्लोगन लिखी तख्तियों को लेकर बैलगाड़ी पर मोटर साईकिल रखकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सैक्टर-12 स्थित जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर जिला उपायुक्त की मार्फत महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी उपायुक्त की अनुपस्थिति में तहसीलदार सुमेर सिंह को सौंपा।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश के सहप्रभारी जितेन्द्र बघेल ने कहा कि हरियाणा की जनता इस तानाशाही व धोखेबाज सरकार से पूरी तरह तंग आ चुकी है। महंगाई इस कद्र बढ़ गई है कि लोगों को दो जून की रोटी कमाना व खाना मुश्किल हो गया है। चुनाव समाप्त होते ही एक माह में दो बार पैट्रोल, डीजल, सीएनजी के दामों को बढ़ाया गया है। जिसके चलते खाने-पीने, सब्जियों व अन्य घरेलू सामानों के दाम आसमान छूने लगे है। नीट जैसी बड़ी प्रतिष्ठित परीक्षाओं के पेपर बार-बार लीक होना महज इत्तेफाक नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। श्री बघेल ने आरोप लगाया कि पेपर लीक माफियाओं को सत्ता का पूरा संरक्षण प्राप्त है। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि एक तरफ तो बेरोजगारी इतनी बढ़ गई है कि युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। पेपर लीक होने से देश के युवा पूरी तरह से टूट चुका है। बावजूद इतनी महंगाई और पैट्रोलियम पदार्थ तथा घरेलू सामान ने आम आदमी की कमर तोड़कर रख दी है।

पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह के पुत्र विवेक प्रताप, तिगांव से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रोहित नागर, बल्लभगढ़ से पूर्व प्रत्याशी पराग शर्मा, योगेश ढींगड़ा, विनोद कौशिक, विकास दायमा, एडवोकेट जगत सिंह नागर, रेनू चौहान, वेद यादव, उमेश कौशिक, मुकेश डागर, मोनू ढिल्लो, चुन्नू राजपूत, अनिल शर्मा, रिन्कू चंदीला ने भी अपने-अपने सम्बोधनों में सरकार को घेरते हुए भाजपा की बहरी-गूंगी सरकार को आज जनता की समस्याएं नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री अदानी व अंबानी की दुकान सजाने में लगे हुए है और पूरा देश परेशान है। सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी देश के हालातों को देखते हुए सरकार को समय-समय पर आगाह करते है मगर सरकार चुनाव जीतने के लिए वोट चोरी में लगी हुई है। भाजपा का देशवासियों और देश से कोई लेना-देना नहीं है। इस मौके पर एडवोकेट संजीव चौधरी, तिलक, पूर्र्व पार्षद दीपक चौधरी, सुनीता फागना, डा. सौरभ शर्मा, बलजीत अरोड़ा, बाबू लाल रवि, मोहसिन खान, एनके शर्मा, एडवोकेट अर्जुन शर्मा, राहुल नागर, दिनेश शर्मा, सुरेश बेनीवाल, प्रेम यादव, संजय सोंलकी, गौरव , अश्वनी कौशिक, ईशांत जितेन्द्र चंदेलिया, मनोज भाटी, शालिनी , डा. एचपी माहौर, प्रशांत , चंचल तंवर, डा. पराग गौतम, जुल्फीकार, जुबैर खान, मनीष बौद्ध, सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वित्तीय सेवाओं का भविष्य तय करेगा एआई

# आईएमसी की बैंकिंग कॉफ्रेंस में डिजिटल लेंडिंग-बीमा पर चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

आईएमसी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने 'शेपिंग द फ्यूचर ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज' विषय पर बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। सम्मेलन में नीति-निर्माताओं, बैंकरों, फिनटेक और बीमा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने वित्तीय क्षेत्र के बदलाव और भविष्य की दिशा पर मंथन किया और बैंकिंग ट्रांसफॉर्मेशन, डिजिटल लेंडिंग, डिजिटल युग में बीमा और एआई के दौर में फिनटेक के भविष्य पर चर्चा हुई। इस दौरान केयरएज एनालिटिक्स एंड एडवाइजरी के साथ मिलकर नॉलेज पेपर भी जारी किया गया। आईएमसी की बैंकिंग, एनबीएफसी एंड फाइनेंस कमिटी के को-चेयरमैन तथा यू ग्रो कैपिटल के संस्थापक शचीन्द्र नाथ ने कहा कि 2047 तक वित्तीय सेवाएं इतनी सहज और तकनीक-सक्षम हो जाएंगी कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाएंगी। बैंकिंग, बीमा और ऋण जैसी सेवाएं पृष्ठभूमि में काम करेंगी और कई प्रक्रियाएं सेकंड में पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि एआई अंडरराइटिंग, फ्रॉड डिटेक्शन और ग्राहक अनुभव को नई दिशा दे रहा है। लेकिन पारदर्शिता और सुशासन जरूरी है। कमिटी के चेयरमैन तथा इंडियन ओवरसीज बैंक के पूर्व सीएमडी डॉ. एम. नरेंद्र ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लिए एआई-सक्षम बैंकिंग, एनबीएफसी, बीमा को समावेशी और नैतिक ढंग से आगे बढना होगा। बैंक वेल्थ मैनेजमेंट, रिस्क मैनेजमेंट और बेहतर क्रेडिट संस्कृति में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

सम्मेलन में बताया गया कि भारत वैश्विक स्तर पर यूपीआई से होने वाले रियल-टाइम डिजिटल लेनदेन में करीब 49 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। देश का एआई बाजार 2027 तक 25 से 35 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ने का अनुमान है।

## ज्यादा लाभ उद्योगों को देने का प्रावधान किया

# औद्योगिक नीति को लेकर मंत्री से मिला आल इंडिया फोरम आफ एमएसएमई का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



प्रदेश सरकार की नई औद्योगिक नीति को लेकर उद्यमियों का प्रतिनिधिमंडल ने लोक निर्माण मंत्री राव नरबीर सिंह से मिला। उद्यमियों के दल का नेतृत्व आल इंडिया फोरम आफ एमएसएमई के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर ने किया।

उनके साथ राष्ट्रीय महासचिव अनिल चौधरी और जगदीश मोर भी थे। श्याम सुंदर कपूर सहित अन्य उद्यमियों ने इस नीति को लेकर मंत्री से विस्तार से चर्चा की।

कपूर ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नई मेक इन हरियाणा औद्योगिक नीति जारी की गई है। हरियाणा सरकार ने कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत अगले पांच वर्ष के दौरान पांच लाख करोड़ रूपए राज्य में निवेश एवं 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। उद्यमियों ने बताया कि इस नीति में एसजीएसटी के रिफंड एवं रोजगार सब्सिडी देने में सरकार ने पहले से ज्यादा लाभ उद्योगों को देने का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि नीति बनाने से पहले उद्यमियों की राय ली गई थी। इसमें कई सुझाव उन्होंने बताए थे। जिन्हें शामिल भी किया गया है। उन्होंने मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार उद्यमियों के हितों का पूरा ध्यान रखें। इसलिए कोई भी नीति बनाने से पहले उद्यमियों की राय जरूर ली जाए ताकि सभी का हित रहे। मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार उद्यमियों के हितों का पूरा ध्यान रखेगी।

## आयुक्त ने कहा- शहर की सुंदरता और ग्रीनरी पर फोकस करें अधिकारी

# शहर की ग्रीनरी को सुंदर बनाने के लिए मालियों को दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर की ग्रीनरी और सुंदरता को बढ़ाने के लिए उद्यान तथा निर्माण विभाग अधिकारियों व टीम से बैठक ली।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर को स्वच्छता के साथ-साथ सुंदर बनाना भी निगम की प्राथमिकता है जिसके क्रम में निर्माण तथा उद्यान विभाग टीम को संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए, ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज पर लगे हुए पेड़ पौधों की कटिंग का कार्य, धूप को देखते हुए अधिक से अधिक पानी छिड़काव का कार्य, शहर में पार्कों में लगी घास और पेड़ पौधों पर पानी डालने का कार्य विशेष रूप से किया जाए निर्देश दिए गए, ग्रीन बेल्ट या पार्क में हो रही टूट-फूट और मरम्मत के कार्यों को करने के लिए कहा गया, प्रमुख चौराहों और स्थान पर विशेष रूप से ग्रीनरी बढ़ाने की निर्देश दिए गए । गाजियाबाद नगर निगम मानसून से पहले ही स्थान का चयन प्लांटेशन के लिए करें नगर आयुक्त द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया, मोहन नगर चौराहा, कवि नगर चौराहा, वसुंधरा चौराहा, इंदिरापुरम चौराहा, सिटी जोन चौराहा, विजयनगर चौराहा पर ग्रीनरी बढ़ाने के लिए भी टीम को निर्देश दिए गए, गाजियाबाद को एक नया स्वरूप उद्यान विभाग द्वारा दिया जाए जिसमें फुलवारी, ग्रीनरी पर कार्य करने के लिए कहा गया । सभी पार्कों और ग्रीन बेल्ट में नलकूप प्रत्येक दशा में चले, उद्यान विभाग की ठेकेदार मेंटेनेंस के कार्य में लापरवाही ना करें मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग टीम को निर्देशित किया गया बैठक मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, नगर आयुक्त द्वारा शहर की ग्रीनरी बढ़ाने शहर के सौंदर्यकरण पर विशेष कार्य करने के निर्देश टीम को दिए, मालियों की उपस्थिति को लेकर भी नगर आयुक्त द्वारा उद्यान विभाग अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा गया।

# ठगी करने वाले दो साइबर ठग गिरफ्तार

## धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने क्रेडिट कार्ड प्वाइंट रिडिम कराने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनकी पहचान मोहम्मद अबरार उर्फ शाहरुख तथा सन्नी निवासी रघुवीर नगर दिल्ली के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ओल्ड फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 5 मई को उसके पास एक अज्ञात नम्बर से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को ऐक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग से बताया तथा क्रेडिट कार्ड प्वाइंट रिडिम कराने की बात कही। इसके बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता को एक लिंक भेजा, जिसमें उसकी क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारी भरवाई गई। जानकारी भरते ही उसके क्रेडिट कार्ड से 91,441 रुपए की राशि कट गई। शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों पडोसी है जिनकी काफी पुरानी जान पहचान थी। मोहम्मद अबरार ने शिकायतकर्ता के पास क्रेडिट कार्ड प्वाइंट रिडिम करने के लिए कॉल किया था। सन्नी, उसे कॉलिंग के लिए डाटा उपलब्ध करवाता था।

**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस सं.: टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं दिनांक: 19.05.2026**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | टेंडर संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 82268959B | इंजेक्शन बेनरालिजुमैब 30 मि.ग्रा. प्रति मि.ली. पीएफएस | 96 नग | 10.06.2026 |
| 2 | 82269944A | इंजेक्शन ट्रास्टुजुमैब डेरुक्सटेकैन 100 मि.ग्रा. | 40 नग | 02.06.2026 |

**निविदा शर्तें**:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। **1684/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मंगल, पुत्रः लोखाल, निवासीः खसरा नंबर–18/12, जीत राम कॉलोनी, बुधपुर, दिल्ली** ने **FIR No.: 34/2020, U/s: 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना अलीपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मंगल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मंगल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना अलीपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **मंगल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 07.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री प्रियंका राजपूत**
**एलडी. सीजेएम, उत्तर, कमरा नंबर 115, पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6603/ON/2026**

**OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER NAGAR PALIKA PARISHAD, SARAIPALI**

**E-procurement Tender Notice (3rd Call)**

**Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in**

**NIT. No. 191337 / 174** **Saraipali/Dated 20.05.2026**

Online bids are invited for followings works up to 05.06.2026

| S. NO. | System Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Class of Contract or |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 191337 | Survey, Engineering, Procurement, Construction, testing, commissioning of Saraipali Water supply scheme under AMRUT Mission 2.0 including 03 months Trial run, 12 months Defects Liability period and 5 years Operation and Maintenance of all Project Components/whole scheme (3rd Call) | Rs 10978.85 | Rs 54.89 | In appropriate Class |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 20.05.2026 at 17:30 Hours (IST) onwards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**Chief Municipal Officer**
**Nagar Palika Parishad Saraipali District - Mahasamund (C.G)**

## 9 वाहन चोरी के मामलों का खुलासा, 8 मोटरसाइकिल बरामद

# एवीटीएस सिकरोना की टीम को बडी कामयाबी, 2 वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



एवीटीएस सिकरोना की टीम ने 2 वाहन चोर गैंग का भण्डाफोड करते हुये 4 सदस्यो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इन दोनों गैंग से पुलिस ने 8 मोटरसाइकिल बरामद की है, जिनसे 9 वाहन चोरी के मामलो का खुलासा हुआ है।

गैंग नंबर.1 आरिफ पुत्र युनिश वासी गांव लहरवाडी व बिलाल पुत्र अब्बास लहरवाडी पुन्हानां नूंह, 5 मई को आरिफ पुत्र युनिस को एवीटीएस सिकरोना की टीम ने अवैध कट्टा के साथ गिरफ्तार किया था, जिस पर थाना धौज में मामला दर्ज किया गया था। जिसने पूछताछ में बताया कि वह अवैध असला मुकीम वासी गांव मुंडीबास जिला नूंह से लेकर आया था। वहीं बिलाल को थाना सराय ख्वाजा की एक मोटरसाइकिल चोरी के मामलें में 6 मई को गिरफ्तार किया गया है। जिससे एक मोटरसाइकिल बरामद की जा चुकी है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरिफ व बिलाल दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं तथा एक वाहन चोरी की गैंग ऑपरेट करते है, जिनसे थाना मुजेसर के 4 मामलों का खुलासा हुआ है। जिनकी निशानदेही पर 4 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों का पूर्व में आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरिफ पर 4 व बिलाल पर 9 मामलें दर्ज है। गैंग नंबर.2 अरशद पुत्र हारुन वासी गांव मुडीबास लुहिंगा व मुकीम पुत्र इलियास वासी गांव मुंडीबास लुहिंगा थाना पुन्हांना नूंह

अपराध शाखा एवीटीएस सिकरोना की टीम ने 5 मई को अरशद वासी मुडीबास लुहिंगा थाना पुन्हाना नूंह को सुनील वासी रायपुर पुन्हाना को एक अवैध कट्टा देने के मामले में गिरफ्तार किया था। अवैध असला के संबंध में थाना मुजेसर में मामला दर्ज है।

वहीं मुकीम को थाना धौज के एक मामले में आसिफ को अवैध असला उपलब्ध कराने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जिससे खुलासा हुआ की दोनों मिलकर एक वाहन चोरी की गैंग ऑपरेट करते है। जिनसे जिला फरीदाबाद के 4 वाहन चोरी के मामलों का खुलासा हुआ हैए जिनमें थाना सेक्टर-17 एक, आदर्श नगर-1, कोतवाली-1, सराय ख्वाजा-1 वाहन चोरी के मामले शामिल है। जिनकी निशानदेही पर चोरी की 4 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकार्ड है, अरशद के विरुद्ध 2 तथा मुकीम के विरुद्ध 3 मामले दर्ज है। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं।



» एमपी बोर्ड परीक्षाओं में सांदीपनि विद्यालयों के 58 विद्यार्थी मेरिट में

» बीते चार वर्ष में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में आया सकारात्मक बदलाव

» 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में 20 से 28 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी

# शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की अनूठी नजीर बने मध्य प्रदेश के सांदीपनि विद्यालय

*वर्ष 2026 में कक्षा 10 की राज्य स्तरीय मेरिट सूची में जहां 41 विद्यार्थी सांदीपनि विद्यालयों से हैं, वहीं कक्षा 12 में विज्ञान, वाणिज्य, कला और कृषि संकायों की मेरिट सूची में 17 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।*

मध्यप्रदेश में संचालित सांदीपनि विद्यालय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की अनूठी नजीर पेश कर रहे हैं। एमपी बोर्ड के हाल ही जारी 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालयों के 58 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट में स्थान पाने में सफलता हासिल की है। इतना ही नहीं, एमपी बोर्ड की इन परीक्षाओं में सांदीपनि विद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम साल दर साल बेहतर हो रहा है। विगत चार वर्षों में सांदीपनि विद्यालयों ने 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में 20 से 28 प्रतिशत तक का सुधार दर्ज कराया है। वर्ष 2026 में कक्षा 10 की राज्य स्तरीय मेरिट सूची में जहां 41 विद्यार्थी सांदीपनि विद्यालयों से हैं, वहीं कक्षा 12 में विज्ञान, वाणिज्य, कला और कृषि संकायों की मेरिट सूची में 17 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

### 10वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 20 प्रतिशत बढ़ी

वर्ष 2023 से संचालित इन सांदीपनि विद्यालयों के वर्ष 2026 तक के परीक्षा परिणामों में वर्ष दर वर्ष प्रगति हो रही है। वर्ष 2023 में एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 68 था, जो वर्ष 2026 में बढ़कर 88 प्रतिशत तक पहुंच गया। वहीं 10वीं कक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत भी 46 से बढ़कर 75 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

### 12वीं का परीक्षा परिणाम 28 प्रतिशत तक सुधरा

कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत वर्ष 2023 के 59 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2026 में बढ़कर 87 प्रतिशत से अधिक हो गया। वहीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 42 से बढ़कर 75 प्रतिशत तक हो गया।

### सांदीपनि के प्रयास उत्कृष्ट परिणाम देने पर केंद्रित

इन उपलब्धियों के पीछे सांदीपनि विद्यालयों में सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण, नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग, शिक्षक-छात्रों के बीच बेहतर संवाद तथा परिणाम आधारित रणनीतियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रथम श्रेणी में विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने के प्रतिशत में निरंतर वृद्धि इस बात का संकेत है कि अब प्रयास केवल परीक्षा पास करने तक सीमित न रहकर उत्कृष्ट परिणाम देने पर केंद्रित हो रहे हैं। इन प्रयासों ने शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की भावना तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा भी विकसित की है।

**परिणामोन्मुख और छात्र-केंद्रित शिक्षा का प्रेरणादायक मॉडल:** सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश के लिए किसी प्रकार की मेरिट या चयन परीक्षा की अनिवार्यता नहीं होती है। इन विद्यालयों में स्थानीय या आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। इन विद्यालयों के कारण सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े तबके के विद्यार्थियों को भी शिक्षा के आदर्श और आधुनिक वातावरण में अध्ययन करने का अवसर मिलता है। ऐसे में सांदीपनि विद्यालय आज गुणवत्तापूर्ण, परिणामोन्मुख और छात्र-केंद्रित शिक्षा का एक सशक्त और प्रेरणादायक मॉडल बनकर उभर रहे हैं।

प्रदेश के 260 सांदीपनि विद्यालयों में 950 स्कूल लीडर्स के अनुकरणीय प्रयासों को सराहना

# मुख्यमंत्री की पहल पर शिक्षा का बेहतर जरिया बने प्रदेश के सांदीपनि विद्यालय

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सांदीपनि विद्यालय शिक्षण नेतृत्व और शैक्षिक वातावरण में गुणवत्ता के नये मानक प्रस्तुत कर रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये इन विद्यालयों में शिक्षकों को उनके नवाचारी प्रयासों के लिये राज्य स्तरीय पहचान प्रदान करने तथा उनके प्रोत्साहन के लिये प्रेरक प्रयास कार्यक्रम की अभिनव पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल से विद्यालयों के स्कूल लीडर्स और शिक्षकों द्वारा किये जा रहे अनुकरणीय एवं प्रभावी कार्यों को हर सप्ताह राज्य स्तर से सभी विद्यालयों में विस्तारित किया किया गया है।



प्रेरक प्रयास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सांदीपनि विद्यालय स्तर पर हो रहे हर सकारात्मक प्रयास, चाहे वह छोटा हो या बड़ा उनकी समय पर पहचान हो और सबके सामने लाया जा रहा है। इस प्रयास से सीखने और सिखाने की परंपरा को बढ़ावा मिल रहा है। इस कार्यक्रम में हर सप्ताह विद्यालयों में नेतृत्व, शिक्षण पद्धति, विद्यार्थी की उपस्थिति एवं प्रगति, नवाचार को पहचान कर चयन किया जाता है, जिन्हें तीन श्रेणियों में आरंभकर्ता, प्रयासकर्ता, सर्वोत्तम गुणवत्ता के रूप में बांटा जाता है। उन्हें विद्यालय स्तर पर सम्मानित कर राज्य स्तर पर बढ़ावा देने के लिये बहुरंगीय पोस्टर के माध्यम से सभी शिक्षकों के बीच साझा किया जाता है। प्रदेश में 260 सांदीपनि विद्यालयों में 950 से अधिक शिक्षकों के अनुकरणीय प्रयासों को राज्य स्तर पर पहचान दिलायी गई है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने विद्यांजलि पोर्टल की शुरूआत की है। इस पोर्टल के माध्यम से स्कूल शिक्षा को सामुदायिक भागीदारी से मजबूत करने के प्रयास किये जा रहे हैं। नई शिक्षा नीति-2020 में स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में सहभागिता को प्रोत्साहित करने के बिन्दु को मुख्य रूप से जोड़ा गया है। विद्यांजलि एक ऐसा मंच है, जहाँ विभिन्न पृष्ठभूमि से जुड़े हैं।



### अत्याधुनिक शिक्षा का केंद्र बना मनासा सांदिपनि विद्यालय

विद्यालय में भौतिक विज्ञान रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान की लेब सर्व संसाधनों से युक्त है जिसका लाभ विद्यार्थी ले रहे है और अपने कौशल विकास मे प्रमुख परफॉर्मेंस प्रदर्शित कर रहे हैं । केमिस्ट्री लैबः नवीनतम उपकरणों के साथ रासायनिक प्रयोग की सुविधा है। फिजिक्स लैब से सिद्धांतों को व्यवहार में समझने का अवसर उपलब्ध हो रहा है। बायोलॉजी लैब जीवन विज्ञान से जुड़े प्रयोगों और अध्ययन के लिए संसाधन उपलब्ध है। आईटी विषय में विद्यालय में 172 विद्यार्थी नामांकित है विद्यार्थी सूचना प्रौद्योगिकी लैब के माध्यम से कौशल विकास पर कार्य कर रहे हैं नेटवर्किंग एनालिसिस प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग प्रोग्राम तकनीकी ज्ञान और इलेक्ट्रॉनिक प्रयोगों के लिए विशेष लैब की सुविधा भी इस विद्यालय मे उपलब्ध है। इस विषय मे वर्तमान में 139 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विद्यार्थियों को सर्किट प्रोटेक्शन, पीसीबी डिजाइनिंग, रोबोटिक तकनीक, एम्बेडेड सिस्टम, माइक्रोप्रोसेसिंग एवं माइक्रोकंट्रोलिंग, और आधुनिक विकासात्मक प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने की जानकारी दी जा रही है।

#### नवाचार भी कर रहे हैं विद्यार्थी

विद्यालय में जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान हेतु संसद लैब स्थापित की गई है। यहाँ विद्यार्थी विभिन्न विषयों पर तकनीकी अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थी स्वयं प्रयोग कर रहे हैं और विज्ञान की गहराई को समझते हुए अपने कौशल को विकसित कर रहे हैं। जिले में 9 विद्यार्थियों का चयन। विशेष मॉडल प्रस्तुतिः होनहार विद्यार्थी लकी राज ने स्वचालित कपड़ा संरक्षण प्रणाली तैयार की। डिजिटल और इंटरएक्टिव शिक्षा के माध्यम से पढ़ाई को रोचक और प्रभावी बनाया गया है। पुस्तकालय है जिसमें 100 बच्चों की बैठक व्यवस्था है। पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ सामान्य ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रेरणादायक साहित्य और ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध हैं। संदीपनी विद्यालय में दो छात्रावास संचालित है। दूरदराज के विद्यार्थियों के लिए 100 सीटर बालिका हॉस्टल है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विद्यार्थियों को टिप्स

- विद्यार्थी समय का पूर्ण सद्उपयोग करें।
- विद्यार्थी खूब पढ़े भी और खेलें भी।
- विद्यार्थी मित्रता का भी सम्मान करें। श्रीकृष्ण और सुदामा की मैत्री से सीखें।
- विद्यार्थी शासन द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का लाभ लें।
- सभी विद्यार्थी अपनी बहुमुंखी प्रतिभा से राष्ट्र और प्रदेश का नाम रोशन करें।

### विषय विशेषज्ञ अनुभवी शिक्षक

विद्यालय में सभी विषयों के लिए विषय विशेषज्ञ और अनुभवी शिक्षक हैं, जिनकी कुल संख्या 56 है। प्रत्येक विषय में बच्चों को स्मार्ट बोर्ड, ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी और प्रयोगशालाओं के माध्यम से आधुनिक शिक्षा दी जाती है जिसमें संगीत एवं खेलकूद एवं व्यायाम शिक्षकों द्वारा भी विद्यार्थियों को दक्षता प्रदान की जा रही है गुणात्मक एवं मात्रात्मक दृष्टिकोण से परीक्षा परिणाम श्रेष्ठतम आ रहे हैं।



## विद्यार्थियों को प्रदेश में दी जा रही सुविधाएं

- कक्षा-एक से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 5 करोड़ 60 लाख पुस्तकें निःशुल्क दी गई
- एक करोड़ से अधिक फाउंडेशन टिरेसी एण्ड न्यूमरेसी अभ्यास पुस्तिकाएं
- 26 लाख से अधिक ब्रिज कोर्स की पुस्तकें प्रदान की गई
- सुपर-100 के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग
- डॉक्टर, इंजीनियर और अन्य पदों पर जाने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों की मदद
- प्रदेश के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स और नीट में अच्छा प्रदर्शन
- गत वर्ष 4.75 लाख ऐसे विद्यार्थियों को साईकिल की सुविधा दी गई
- गत वर्ष विद्यार्थियों को 7 हजार 832 ई-स्कूटी प्रदान की गई
- कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किए

## शिक्षा में मप्र की वैश्विक पहचान

मध्य प्रदेश के दो सांदीपनि विद्यालय इंदौर और रतलाम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों की सूची में चुने गए हैं।

**अवसंरचना विकास :** हाल ही में राज्य के 97 सांदीपनि विद्यालयों को सर्वसुविधायुक्त नवनिर्मित भवनों में स्थानांतरित (शिफ्ट) किया गया है।

**स्कूलों का विलय :** एक से तीन किलोमीटर के दायरे में आने वाले कम छात्र संख्या वाले लगभग 300 सामान्य सरकारी स्कूलों को इन सांदीपनि विद्यालयों में मर्ज (विलय) किया है।

**उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम :** वर्ष 2026 के एमपी बोर्ड परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालयों के 58 छात्रों ने राज्य स्तरीय मेरिट सूची में जगह बनाई है।

**सहायिकाओं की भर्ती :** प्राथमिक स्तर की शिक्षा को मजबूत करने के लिए राज्य के 104 सांदीपनि स्कूलों में 306 प्री-प्राइमरी महिला सहायिकाओं की भर्ती की गई है।



## प्रातः उठने से लेकर सोने तक अनुशासन का बेहतर पाठ पढ़ाता है विद्यालय

### अनुशासन का पाठ भी विद्यालय में

» सुबह उठने के बाद माता-पिता के चरण स्पर्श करना

» भोजन के बाद थाली को यथावत रखना

» कतारबध्द होकर विद्यालय की बस में बैठना

# राज्य में अनुशासन और बेहतर शिक्षण शोध ने सांदीपनि विद्यालय को बनाया उत्कृष्ट उदाहरण



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मध्यप्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों की उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। उन्होंने यह निर्णय भगवान श्रीकृष्ण के गुरू आचार्य सांदीपनि के सम्मान में लिया है। उच्च गुणवत्ता शिक्षा, अनुशासन और बेहतर शिक्षण शोध के संगम से सांदीपनि विद्यालय एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गए हैं। नीमच जिले के उपखण्ड मुख्यालय मनासा का सांदीपनि विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। यहाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है, जिससे यह विद्यालय क्षेत्र में एक आदर्श शैक्षणिक संस्थान के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। इस विद्यालय ने शिक्षा के साथ ही अनुशासन संस्कार और आधुनिक तकनीकी शिक्षण में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल की है।

घर से विद्यालय तक के नवाचार सभी कक्षाओं के लिए सुबह उठने के बाद माता-पिता के चरण स्पर्श करने, विद्यालय आते समय दादा-दादी, नाना-नानी या जो भी बड़े हों, उनका आशीर्वाद लेने जैसे संस्कार विद्यालय को अनूठा बना रहे हैं। बस के लिए अनुशासन में खड़े रहने, बस में अनुशासन से चढ़ने व बैठने, विद्यालय पहुंचते ही पंक्तिबद्ध होकर उतरने,विद्यालय की दहलीज को नमन करने, गुरुजनों को नमन करने, मां सरस्वती को नमन करना, अपने पगवेश (जूते) पंक्तिबद्ध तरीके से रखने, प्रार्थना सभा के लिए पंक्तिबद्ध होकर आने, कॉरिडोर में हमेशा हाथ बांधकर चलने, प्रार्थना सभा में सक्रिय सहभागिता करने, प्रार्थना सभा समाप्त होने पर मौन होकर कक्षा में जाने जैसे अनुशासन ने इस विद्यालय को उच्च संस्कार से सुशोभित किया है। कक्षा के प्रवेश द्वार पर कक्षा अध्यापक का आशीर्वाद एवं अनुमति लेकर प्रवेश करने, विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए कक्षा के नियमों का पालन करने, कक्षा की शुरुआत संस्कारों की बातों से करने,सभी विषयों का गहन अध्ययन करने, भोजन से पहले हाथ धोने, भोजन प्रार्थना एक स्वर में बोलने, थाली में झूठा भोजन न छोड़ने और न नीचे गिराने,एक साथ भोजन करने और भोजन के बाद अपनी थाली उठाने, छुट्टी समय पंक्तिबद्ध होकर कक्षा से बाहर आने,कक्षा की लाइट व पंखे बंद करने, रूट नंबर के अनुसार लाइन बनाने एवं अनुशासन से बस में बैठने सम्बधी नवाचार किए जा रहे है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश मेरिट सूची में आने पर विद्यार्थी के नाम से कक्षा का नामकरण किया जा रहा है।

» विद्यालय आते समय दादा-दादी, नाना-नानी या जो भी बड़े हों उन्हें प्रणाम करना

### सर्वसुविधायुक्त विद्यालय

विद्यालय में चार मंज़िला भव्य इमारत निर्मित है। भवन सर्वसुविधा युक्त एवं आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप है। संपूर्ण विद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। सभी गतिविधियों पर सुरक्षा गार्ड एवं कैमरों की निगरानी रहती है। विद्यार्थियों के लिए बड़ा खेल मैदान उपलब्ध है। विद्यालय परिसर में बगीचा एवं बाल-बगीचा बच्चों के मनोरंजन व विकास हेतु बनाया गया है। विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था है। साफ-सुथरे सुविधा घर उपलब्ध हैं। पूरा विद्यालय भवन वातावरणानुकूल बनाया गया है जिससे विद्यार्थियों को स्वस्थ व सुखद वातावरण मिल रहा है। प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों के लिए सुंदर व आरामदायक फर्नीचर उपलब्ध है। शासन द्वारा सांदीपनि विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन की व्यवस्था की गई है। 17 बसों से 1220 विद्यार्थी दूरस्थ क्षेत्रों से आसानी से विद्यालय पहुँच रहे हैं। यह सुविधा पूर्णतः निशुल्क है और सभी बसों में ड्राइवर पुरुष है और कंडक्टर महिलाएं हैं।

### एक दिन का प्राचार्य

विद्यालय में कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं अर्द्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त तीन विद्यार्थियों को एक दिन का प्राचार्य बनाया जाता है। ऑनलाइन टेस्ट-सीरीज के माध्यम से विषय सामग्री को सरल और रोचक बनाया गया है। जिससे विद्यार्थी बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकें। विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि में विचारशील व कर्मशील व्यक्तियों का सम्मान किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों को प्रेरणा मिल सके। उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को एक दिवस का प्राचार्य बनाया जाता है, जिससे उनमें नेतृत्व व प्रबंधन कौशल का विकास हो सके।


D-16014/26



बढ़ते तापमान की वजह से कई ऐसे बैक्टीरिया, फंगस एक्टिव हो जाते हैं, जो फूड प्वॉइजनिंग की वजह बनते हैं। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि इसके होने के क्या कारण हैं, इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं और इससे बचने के क्या उपाय हो सकते हैं।

## इस सीजन में बढ़ता है फूड प्वॉइजनिंग का रिस्क

प्रिकॉशन
डॉ. माजिद अलीम



इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। मौसम के बदलते मिजाज ने अचानक फूड प्वॉइजनिंग की समस्या पिछले सालों के मुकाबले कहीं ज्यादा बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक इसका कारण यह है कि सुबह तेज धूप होती है, दोपहर में जबर्दस्त उमस और बीच-बीच में अचानक बारिश हो जाती है। जिस कारण खाने-पीने की चीजें जल्दी खराब हो रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यह मौसम बैक्टीरिया और वायरस के पनपने का बेहद अनुकूल मौसम है। इसलिए इन गर्मियों में पिछले सालों के मुकाबले कहीं ज्यादा सावधानी से रहने की जरूरत है।

**रोग के कारण:** लोग अकसर सोचते हैं कि फूड प्वॉइजनिंग बाहर के खाने से होती है। सच यह है कि गर्मियों में घर का खाना भी जरा सी लापरवाही से संक्रमित हो जाता है। खासकर दूध, दही, कटे फल, चावल, मांसाहारी भोजन आदि। सड़क किनारे बिकने वाले खाद्य पदार्थ भी इस मौसम में बहुत जल्दी खराब होते हैं। वास्तव में गर्मी और नमी का मेल बैक्टीरिया के लिए आदर्श वातावरण तैयार करता है। ऐसे में यदि भोजन लंबे समय तक खुले में रखा रहा, तो उसमें संक्रमण होने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इस मौसम में सबसे ज्यादा खतरा उन खाद्य पदार्थों को लेकर होता है, जो लंबे समय तक बाहर रखे रहते हैं, बार-बार गर्म किए जाते हैं, बाहर खुले में बिक रहे होते हैं और गंदे पानी से बनाए गए होते हैं। इन दिनों सड़क किनारे मिलने वाले चाट, कटे फल, ठंडे पेय में इस्तेमाल पानी आमतौर पर सही नहीं होता। इस कारण ये संक्रमण का स्रोत बन जाते हैं।



**फूड प्वॉइजनिंग के लक्षण:** जब भोजन या पानी में वायरस, फंगस या जहरीले पदार्थों से संक्रमित हो जाता है, तो उसके खाने के बाद कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है, इसे फूड प्वॉइजनिंग कहते हैं। इसके सामान्य लक्षण हैं- उल्टी और मितली, दस्त, पेट दर्द और ऐंठन, बुखार, कमजोरी और चक्कर। कुछ मामलों में स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि मरीज को अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है। फूड प्वॉइजनिंग यूं तो हर उम्र के लोगों को हो सकती है, लेकिन बच्चों और बुजुर्गों के लिए ये बहुत खतरनाक होती है।

**सावधानी है जरूरी:** फूड प्वॉइजनिंग केवल पेट खराब तक सीमित नहीं रहता बल्कि डिहाइड्रेशन, कमजोरी, ब्लड प्रेशर लो, किडनी पर असर, जैसी स्थितियां भी पैदा करता है। फूड प्वॉइजनिंग के चलते अगर मरीज को बार-बार उल्टी, दस्त हो रहे हों, मुंह सूख रहा हो या पेशाब कम आ रही हो, तो साफ संकेत है कि शरीर में पानी की खतरनाक कमी हो गई है। ऐसे में तुरंत ओआरएस, नीबू पानी, नारियल पानी और हल्का तरल भोजन दिया जाना चाहिए। लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक लेना खतरनाक हो सकता है। क्योंकि कई बार गलत दवा संक्रमण को और ज्यादा बढ़ा देती है। फूड प्वॉइजनिंग होने पर दही-चावल, खिचड़ी और केला जैसे भोजन सुरक्षित रहते हैं। इस दौरान मसालेदार, बाजारू और तले-भुने खाने से पूरी तरह से बचना चाहिए।

**बचाव के उपाय:** फूड प्वॉइजनिंग से बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

- खाना हमेशा ढंककर रखें।
- बाजार से खरीदकर लाई गई सब्जियां और फल पहले अच्छी तरह धोएं, पोछें तब फ्रिज में रखें।
- बासी भोजन बार-बार गर्म कर न खाएं।
- कटे फल देर तक खुले में न रखें।
- खाने से पहले हाथ अच्छी तरह धो लें।
- पीने के लिए साफ, उबला या फिल्टर पानी इस्तेमाल करें।
- उल्टी, दस्त शुरू होते ही शरीर में पानी की कमी न होने दें। *

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. आकाश शाह
यूरो ऑन्कोलॉजिस्ट-रोबोटिक सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

हाल के वर्षों में मूत्राशय कैंसर (ब्लैडर कैंसर या यूरिनरी ब्लैडर कैंसर) के मामले दुनिया भर में बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार यूरिनरी ब्लैडर कैंसर, दुनिया भर में नौवां सबसे आम कैंसर है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2022 में दुनिया भर में ब्लैडर कैंसर के 6 लाख से अधिक नए मामले सामने आए थे और इनमें से 2 लाख से अधिक मौतें हुईं थीं।

### क्या है यह कैंसर

जब मूत्राशय (पेशाब की थैली) की कोशिकाओं के डीएनए में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) होता है, तब वे अनियंत्रित होकर बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर बनाती हैं। इस स्थिति को यूरिनरी ब्लैडर का कैंसर कहा जाता है। यूरिनरी ब्लैडर (मूत्राशय या पेशाब की थैली) पेट के निचले हिस्से में स्थित एक लचीला और गुब्बारे के आकार जैसा अंग है। इसका मुख्य कार्य किडनी से आए मूत्र को शरीर से बाहर निकलने से पहले अस्थाई रूप से जमा (स्टोर) करना है। कैंसर आमतौर पर यूरिनरी ब्लैडर की अंदरूनी परत में शुरू होता है। हालांकि कैंसर शब्द डरावना है, लेकिन सच यह है कि अगर जल्दी पता चल जाए, तो ब्लैडर कैंसर का सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है।

### धूम्रपान एक प्रमुख कारण

यूरिनरी ब्लैडर (मूत्राशय या पेशाब की थैली) कैंसर का मुख्य कारण धूम्रपान है, जिसके कारण लगभग 50 प्रतिशत मामले सामने आते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि तंबाकू के हानिकारक रसायन (जिन्हें कार्सिनोजेन कहा जाता है) खून में मिलकर और फिर किडनी द्वारा फिल्टर होकर यूरिन के रास्ते ब्लैडर में जमा हो जाते हैं। यह स्थिति ब्लैडर की परत को नुकसान पहुंचाती है।

अधिकांश लोगों की यह धारणा है, तंबाकू युक्त धूम्रपान से उत्सर्जित होने वाले रसायनों से केवल मुंह या फेफड़े के ही कैंसर होने का जोखिम होता है, जो सही भी है। इस धारणा का दूसरा पहलू भी है। वह यह कि जब हम धूम्रपान करते हैं, तब तंबाकू में मौजूद कैंसर पैदा करने वाले रसायन (कार्सिनोजेन) रक्त में घुल जाते हैं और फिर पेशाब के माध्यम से मूत्राशय में एकत्र हो जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप मूत्राशय की परत में जलन और सूजन होती है, जिससे मूत्राशय का कैंसर विकसित होने का जोखिम बढ़ जाता है।

### ये भी हो सकते हैं कारण

स्मोकिंग करने के अलावा ब्लैडर कैंसर होने के कुछ अन्य कारण भी हो सकते हैं।

- 55-60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में ब्लैडर कैंसर के मामले कहीं ज्यादा सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के साथ इस कैंसर का खतरा बढ़ता है। पुरुषों में महिलाओं की तुलना में ब्लैडर कैंसर होने की संभावना अधिक होती है।
- पेशाब की थैली यूरिनरी ब्लैडर में बार-बार संक्रमण होना भी कैंसर की वजह बन सकता है, जिसे मेडिकल भाषा में यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन कहते हैं।
- औद्योगिक रसायनों का एक्सपोजर यानी केमिकल एक्सपोजर भी कुछ मामलों में ब्लैडर कैंसर का कारण बन सकता है। उदाहरण के तौर पर रबर, चमड़ा, डाई, कपड़ा और पेंट उद्योगों में काम करने वाले लोग ऐसे माहौल में काम करते हैं, जहां नुकसानदेह रसायन मौजूद होते हैं। ऐसे रसायनों के संपर्क में आने से इस कैंसर के होने का खतरा अधिक बढ़ जाता है।
- ब्लैडर में पथरी या संक्रमण भी कैंसर होने का रिस्क बढ़ा सकते हैं।

स्पेशल: वर्ल्ड ब्लैडर कैंसर अवेयरनेस मंथ (मई)

मुख्य रूप से स्मोकिंग करने और कई अन्य वजहों से ओल्ड एज में यूरिनरी ब्लैडर कैंसर होने का रिस्क बढ़ जाता है। हर साल लाखों लोग इसकी चपेट में आते हैं। इससे बचने के लिए जरूरी है कि हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के साथ इसके रिस्क फैक्टर्स से खुद को बचाया जाए। साथ ही ब्लैडर कैंसर के शुरुआती लक्षणों को भी इग्नोर न किया जाए। इस बारे में और भी डिटेल में जानिए।

## ब्लैडर कैंसर न करें लक्षणों को इग्नोर



### इन लक्षणों को न करें इग्नोर

ब्लैडर कैंसर बीमारी के ज्यादा फैलने से पहले इसके लक्षणों को पहचानना जरूरी है।

**यूरिन म खून आना:** यूरिन गुलाबी, लाल या गहरे रंग का दिख सकता है। बहुत से लोग इस लक्षण को नजरअंदाज कर देते हैं। खासकर अगर दर्द न हो, तो यह मानकर कि यह समस्या किसी मामूली इंफेक्शन से संबंधित है। हालांकि यूरिन में खून का एक बार भी आना कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसकी डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए।

**बार-बार पेशाब आना:** सामान्य से ज्यादा जल्दी-जल्दी वाशरूम जाने की जरूरत पड़ना, जिसे अकसर सिर्फ बहुत ज्यादा पानी पीने के नाम पर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

**अचानक पेशाब आने की इच्छा:** अचानक से बहुत ज्यादा पेशाब करने की जरूरत, जिसे अकसर ओवर एक्टिव ब्लैडर समझ लिया जाता है।



**यूरिन में जलन:** पेशाब करते समय दर्द, जिसे अकसर एक आम यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) समझ लिया जाता है।

हालांकि उपरोक्त लक्षण यूरिन से जुड़ी समस्या का संकेत देते हैं और कई मरीजों में आम हैं, ये अपने आप में कैंसर के पक्के संकेत नहीं हैं। इनके लिए मेडिकल जांच की जरूरत होती है।

### डायग्नोसिस के तरीके

अगर किसी व्यक्ति को ये लक्षण महसूस होते हैं, तो घबराएं नहीं। इसके लिए यूरो-ऑन्कोलॉजिस्ट शायद एक रुटीन यूरिन टेस्ट (यूरिन साइटोलॉजी), यूरिन कल्चर, अल्ट्रासाउंड और अगर जरूरत हो तो सीटी स्कैन टेस्ट करवा सकते हैं। अगर जरूरी हुआ तो विशेषज्ञ डॉक्टर एक सिस्टोस्कोपी करवा सकते हैं, जो एक ऐसा प्रोसीजर है, जिसमें एक सूक्ष्म कैमरा ब्लैडर में डाला जाता है- जिससे क्लीयर डायग्नोसिस हो जाता है।

### ब्लैडर कैंसर का इलाज

ब्लैडर कैंसर के उपचार की प्रक्रिया डायग्नोसिस के बाद उसके स्टेज पर निर्भर करती है। शुरुआती स्टेज के कैंसर का इलाज अकसर एंडोस्कोपिक सर्जरी से किया जा सकता है। एडवांस्ड स्टेज के लिए इलाज में कीमोथेरेपी के साथ-साथ यूरिनरी ब्लैडर के ट्यूमर की सर्जरी भी शामिल हो सकती है।

सर्जरी से पहले ट्यूमर को छोटा करने या बाद में बचे हुए कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए कीमोथेरेपी की जाती है।

यदि सर्जरी संभव नहीं है या कैंसर फैल चुका है, तो कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए रेडिएशन थेरेपी का सहारा लिया जा सकता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### बचाव के उपाय



**यूरिनरी ब्लैडर** कैंसर से बचाव का सबसे जरूरी कदम है अतिशीघ्र धूम्रपान से छुटकारा पाना। शरीर से नुकसानदेह विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए लगातार हाइड्रेट रहें। अगर आप इंडस्ट्रियल केमिकल्स का इस्तेमाल करते हैं तो वर्कप्लेस प्रोटेक्शन का ध्यान रखें। रेग्युलर हेल्थ चेक-अप बहुत जरूरी हैं, खासकर उन लोगों के लिए जिनमें रिस्क फैक्टर हैं। लक्षणों के सामने आने पर डॉक्टर के पास जाने में देरी न करें।

याद रखें यूरिन में एक बार भी खून आना एक मेडिकल इमरजेंसी है। इसके दोबारा होने का इंतजार न करें। तुरंत किसी यूरो-ऑन्कोलॉजिस्ट से मिलें। किसी भी कैंसर का सफल इलाज करने का तरीका है कि उसका जल्दी पता चल जाए और ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाए।

अवेयरनेस
डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजिशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

कोरोना वायरस संक्रमण की महामारी के लगभग पांच साल बाद हंता वायरस संक्रमण से जुड़ी एक खबर ने दुनिया को चिंतित कर दिया है। ऐसे में घबराने के बजाय इस वायरस से संबंधित पूरी जानकारी लेना और सावधानी बरतना जरूरी है। इस बारे में डिटेल में जानिए।

## बहुत संक्रामक है हंता वायरस



हाल ही में एमवी हॉन्डियस क्रूजशिप पर हंता वायरस के मल्टीकाउंटर आउटब्रेक की खबर सुर्खियों में है, जिसमें कई लोग संक्रमित हुए और कुछ मौतें भी हुईं। इसने पूरी दुनिया की स्वास्थ्य एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। वैज्ञानिकों को शक है कि इसमें हंता वायरस का नया एंडीज स्ट्रेन शामिल हो सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में मानव-से-मानव ट्रांसमिशन की संभावना है। डब्ल्यूएचओ, सीडीसी और कई देशों की स्वास्थ्य एजेंसियां इसकी निगरानी कर रही हैं। कई देशों में यात्रियों की ट्रेसिंग और आइसोलेशन प्रक्रिया जारी है।

**कैसा है वायरस:** हंता वायरस आर्बो वायरस फैमिली की कैटेगरी में आने वाला जूनोटिक वायरस है, जो मूलतः चूहों और रोडेंट्स से इंसानों में फैलता है। लेकिन हंता वायरस का एक वैरिएंट है, एंडीज स्ट्रेन जो ज्यादा खतरनाक है। इसमें संक्रमण चूहों से नहीं, बल्कि चूहों के मल, मूत्र या स्लाइवा से संक्रमित हुए व्यक्ति के करीबी संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति को भी हो सकता है। इसकी मृत्यु दर लगभग 40 प्रतिशत है। मेडिकल साइंस की मानें तो हंता वायरस खास किस्म के चूहे, डीआर रैट्स में होते है। यानी ये संक्रमित चूहे हंता वायरस कैरियर होते हैं और वायरस उनके शरीर में मल्टीप्लाई होता रहता है। संक्रमित चूहे अपने मल, मूत्र और स्लाइवा के जरिए हंता वायरस को लगातार अपने शरीर से बाहर निकालते रहते हैं। यह मल, मूत्र जमीन या वस्तुओं की सतह पर सूख जाता है। जब कोई व्यक्ति उस जगह की साफ-सफाई करता है। झाड़ू लगाता है, वैक्यूम करता है या झाड़-पोंछ करता है। तो सतह पर सूखे हंता वायरस के छोटे-छोटे कण धूल के साथ हवा में घुल-मिल जाते हैं। उस हवा में सांस लेने पर हंता वायरस के कण अनजाने में उस व्यक्ति के शरीर में पहुंच जाते हैं और कुछ समय बाद व्यक्ति को संक्रमित कर देते हैं। इस प्रक्रिया को एरोसोलाइजेशन कहते हैं।

**कैसे फैलता है संक्रमण:** एरोसोलाइजेशन प्रक्रिया से। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में रहने पर। खांसने-छींकने के साथ बाहर निकले ड्रॉपलेट के संपर्क में आने पर। खाने-पीने की संक्रमित चीजों के सेवन से। संक्रमित वस्तुओं या सतह के संपर्क में आने और बिना हाथ धोए, गलती से आंख, नाक या मुंह छूने पर। चूहे के मरने के बाद बाहर निकले वायरस के संपर्क में आने पर।

**संक्रमण के लक्षण:** हंता वायरस का इंक्यूबेशन पीरियड काफी लंबा है। यानी व्यक्ति के शरीर में वायरस पहुंचने के 3-4 सप्ताह बाद संक्रमण के लक्षण दिखाई देते हैं। शुरुआती लक्षण सामान्य फ्लू जैसे होते हैं। बुखार, मांसपेशियों में दर्द, सिर दर्द, थकान, मितली और ठंड लगना। लेकिन समुचित उपचार न मिलने पर मरीज की हालत गंभीर हो जाती है। हंता वायरस फेफड़ों और किडनी पर अटैक करता है। हंता वायरस पल्मोनरी सिंड्रोम (एचपीएस) में वायरस रेस्पिरेटरी ट्रेक से होता हुआ फेफड़ों की ब्लड वैसल्स पर अटैक करता है। फेफड़ों में पानी भरने लगता है, जिससे सांस लेना बेहद मुश्किल हो जाता है। वेंटिलेटर सपोर्ट न मिलने पर व्यक्ति की मौत हो सकती है। हंता वायरस रीनल सिंड्रोम (एचएफआरएस) में किडनी संक्रमित हो जाती है। मरीज को हेमरेजिक बुखार आता है, किडनी में अचानक ब्लीडिंग होने लगती है, पेशाब में खून आने लगता है। कई बार किडनी फेलियर हो जाने पर रोगी की मौत भी हो सकती है।



**रहें सतर्क:** तेज बुखार, अत्यधिक थकान, घबराहट, सांस लेने में तकलीफ, छाती में भारीपन या चेस्ट कंजंक्शन, सांस लेने में दिक्कत महसूस हो रही हो तो डॉक्टर को जरूर कंसल्ट करें।

**कैसे होता है इलाज:** फिलहाल इसका कोई विशेष उपचार नहीं है लेकिन समय पर अस्पताल में भर्ती होने से जीवित बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इलाज मुख्य रूप से सपोर्टिव केयर पर आधारित है जैसे- ऑक्सीजन सपोर्ट, आईसीयू केयर, हाइड्रेशन, ब्रीदिंग सपोर्ट। मरीज के ब्लड में प्लेटलेट्स कम हो जाते हैं। ऑक्सीजन दिया जाता है, वेंटिलेटर पर रखा जाता है। प्लेटलेट्स ट्रांसफ्यूज किया जाता है।

**बचाव है जरूरी:** हंता वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए सबसे महत्वपूर्ण है, चूहों से दूरी रखना। चूहों की एंट्री घर में न होने पाए। खाने-पीने का सामान खुला न छोड़ें। एयर-टाइट डिब्बों में पैक करें। फल-सब्जियां पानी में अच्छी तरह धोकर इस्तेमाल करें। कोल्ड ड्रिंक कैन लें। उनके ऊपरी हिस्से को अच्छी तरह धो लें। संभव हो तो गिलास में पिएं। रात के वक्त किचन में बचा हुआ खाना या फिर पालतू जानवरों का खाना बिल्कुल खुला न छोड़ें। कूड़ेदान का ढक्कन कसकर बंद रखें ताकि चूहों के आने की आशंका न हो।

ज्यादा गंदगी या चूहों के मल-मूत्र की संदिग्ध जगह की सफाई के लिए झाड़ू या वैक्यूम क्लीनर के बजाय डिसइंफेक्टेंटयुक्त गीला पोंछा लगाएं। जहां तक हो सके, सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें जैसे- रबर के दस्ताने, अच्छी क्वालिटी का मास्क पहनें। साफ-सफाई के बाद, खाना बनाने या खाने से पहले, भीड़ भरी जगह से आने के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह धोएं। घर के आस-पास की साफ-सफाई का भी ध्यान रखें। हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए रोजाना घर का बना ताजा, पोषक आहार का सेवन करें, हाइड्रेशन का ध्यान रखें, भरपूर नींद (6-7 घंटे) और रेग्युलर एक्सरसाइज (कम से कम 30 मिनट) करें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

### डायग्नोसिस के तरीके



हंता वायरस से संक्रमण होने की आशंका होने पर मरीज का डायग्नोसिस जल्द से जल्द किया जाना जरूरी है। इसके लिए पीसीआर टेस्ट से संक्रमण की पुष्टि की जा सकती है। इसमें रोगी के ब्लड और यूरिन का टेस्ट किया जाता है।

सजेशन
मधु सिंह

आज के दौर में अनिद्रा और अच्छी नींद न आने से काफी लोग परेशान रहते हैं। इसके लिए अपनी लाइफस्टाइल और डाइट प्लान में बदलाव के साथ कुछ आसान तरीके भी कारगर हो सकते हैं। हाथ-पैरों को गर्म रखना भी उनमें से एक तरीका है।

## अच्छी नींद के लिए हाथ-पैरों को रखें गर्म



अनेक स्थितियों में पैरों का ठंडा हो जाना बेचैनी, परेशानी और असहजता का कारण बन जाता है और इसमें वह स्थिति भी शामिल है, जब हम सोने के लिए अपने बिस्तर में जाते हैं। दरअसल, हमारे शरीर का तापमान हमारी नींद के चक्र को प्रभावित करता है।

### ताप से प्रभावित होती है नींद

ऑस्टिन की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर केनेथ डिलर के अनुसार, 'आपका शरीर उस समय सबसे अच्छा काम करता है, जब उसका केंद्रीय हिस्सा ठंडा होता है और सिरों या किनारों का हिस्सा गर्म रहता है।' दशकों के शोध से मालूम हुआ है कि जिन लोगों के हाथ व पैर गर्म रहते हैं, वे जल्दी और आराम से सो जाते हैं, उन लोगों की तुलना में जिनके शरीर के ये अंग ठंडे रहते हैं।

### सोने का ताप से संबंध

जब आप सोने के लिए तैयारी कर रहे होते हैं तो आपके शरीर को कूल डाउन करने की जरूरत होती है, यह संकेत देने के लिए कि आराम करने का समय हो गया है। दिलचस्प यह है कि ऐसा करने के लिए हाथों व पैरों को गर्म करने से मदद मिलती है क्योंकि आपका शरीर इनका प्रयोग गर्मी-निकालने (हीट-रिलीज) के क्षेत्र के रूप में करता है। डिलर के अनुसार, जब आपके हाथ व पैर गर्म होते हैं तो त्वचा की ओर रक्त संचार आसानी से होने लगता है, जिससे आपके शरीर के केंद्र से अतिरिक्त गर्मी बाहर निकल जाती है। जब आपके शरीर के केंद्रीय हिस्से का तापमान कम हो जाता है तो आपके दिमाग को संदेश मिलता है कि सोने का समय हो गया है। लेकिन अगर आपके हाथ व पैर ठंडे रहते हैं तो वह गर्मी (हीट) बाहर नहीं निकल पाती, जिससे नींद का आना कठिन हो जाता है। डिलर कहते हैं, 'हाथों व पैरों को गर्म करने से आपका शरीर प्रभावी ढंग से सोने की अवस्था में आ जाता है, वर्ना आप बेचैनी में ही करवटें बदलते रहते हैं, इससे नींद का आना कठिन हो जाता है।'



### हाथ-पैरों को गर्म करने के तरीके

बिस्तर में जाने से पहले हाथों व पैरों को अनेक तरहों से गर्म किया जा सकता है। इनमें से सबसे सरल है-गर्म पानी से स्नान या शावर कर लिया जाए। डिलर आमतौर से शाम को वर्कआउट करते हैं और फिर शावर लेते हैं। अंत में वह तापमान को बढ़ा देते हैं, जो शुरू में थोड़ा सा अधिक महसूस होता है, लेकिन फिर आपको उसकी आदत पड़ जाती है। लेकिन तापमान को 111 डिग्री फॉरेनहाइट से अधिक न बढ़ाएं क्योंकि इससे ऊपर के तापमान पर आपका शरीर जल सकता है। हॉट शावर में जब त्वचा लाल होने लगती है तो यह वास्तव में संकेत है कि रक्त हाथों व पैरों की विशिष्ट वेसल्स में पहुंच रहा है, जो गर्मी को बाहर निकालने के लिए अच्छी तरह से खुल जाती हैं। हीटिंग पैड्स का इस्तेमाल भी किया जा सकता है, लेकिन सोने से पहले उन्हें निकाल देना चाहिए। इसके अलावा आप अपना एक हाथ अपने तकिए के नीचे रख सकते हैं। कुछ देर के लिए इस अवस्था में रहने से तकिए में धंसा हुआ आपका सर्वाइकल स्पाइन का क्षेत्र गर्म होता रहेगा, जो शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। ऐसा करने से कुछ ही देर में हाथ व पैर गर्म हो जाएंगे। इसके अलावा अपने पसंदीदा मोजे पहनकर भी पैर के तापमान को गर्म किया जा सकता है। बहरहाल, आप तरीका चाहे जो अपनाएं, आपका लक्ष्य नींद में शरीर की सबसे बड़ी बाधा को दूर करना होना चाहिए। ठंडे हाथ व पैर नर्वस सिस्टम को सतर्क रखते हैं, गर्माहट उसे आराम करने के लिए प्रेरित करती है। *

## विकसित भारत का कृषि मॉडल : गौ-आधारित प्राकृतिक खेती और स्वस्थ जीवन

# सेहत और खुशहाली के साथ किसानों के मुनाफे का बेहतर मॉडल बना मप्र

***कृषि को स्वास्थ्य, स्थिरता और आत्मनिर्भरता के व्यापक संदर्भ में देखा जाए***

***गोबर और गोमूत्र से भूमि का होता है बेहतर पोषण***





मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन सरकार को पता है कि सेहतमंद कृषि उपज का जरिया एक मात्र प्राकृतिक खेती ही है। इससे न केवल कृषि की उत्पादन लागत कम होती है बल्कि किसान की आमदनी भी बढ़ती है। ये सब तभी संभव है जब गौ आधारित खेती होगी। यही वजह है कि राज्य की प्रगति के लिए मध्य प्रदेश में विकसित भारत का कृषि मॉडल तैयार किया गया है जो गौ-आधारित प्राकृतिक खेती और स्वस्थ जीवन के सपने को साकार करने वाला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विकास के उस मार्ग पर अग्रसर है, जहाँ आर्थिक प्रगति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सांस्कृतिक मूल्यों को समान महत्व दिया जा रहा है। इसी समग्र दृष्टि के अंतर्गत भारतीय कृषि को भी एक नए युग की ओर ले जाया जा रहा है। कृषि सदियों से हमारी सभ्यता की रीढ़ रही है। आधुनिक युग में रासायनिक उर्वरकों और सिंथेटिक कीटनाशकों पर अत्यधिक निर्भरता ने खेती की लागत बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता, उसकी जलधारण क्षमता और दीर्घकालिक स्थिरता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप, हमारे भोजन की गुणवत्ता और नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि भारत की समस्याओं का समाधान हमारी अपनी परंपराओं और ज्ञान प्रणाली में निहित है। इसी विचार से प्राकृतिक खेती को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन मिल रहा है, जो भारतीय कृषि की मूल आत्मा से जुड़ी हुई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि कृषि को केवल उत्पादन के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, स्थिरता और आत्मनिर्भरता के व्यापक संदर्भ में देखा जाए। भारत की पारंपरिक कृषि व्यवस्था सह-अस्तित्व और संतुलन पर आधारित रही है, जिसमें गौमाता की भूमिका केंद्रीय रही है। गौ केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि उत्पादकता और पोषण सुरक्षा का आधार रही हैं। हमारे पूर्वज जानते थे कि गौवंश का संरक्षण सीधे मिट्टी के स्वास्थ्य से जुड़ा है। गोबर और गोमूत्र से भूमि को पोषण मिलता है, सूक्ष्म जीव सक्रिय होते हैं और मिट्टी पुनः जीवंत होती है। स्वस्थ मिट्टी से प्राप्त अन्न अधिक पौष्टिक, सुरक्षित और मानव शरीर के अनुकूल होता है।

### गौ-आधारित प्राकृतिक खेती

गौ-आधारित प्राकृतिक खेती केवल कृषि सुधार की पहल नहीं, बल्कि भारतीय जीवनदृष्टि का पुनर्जागरण है। गौमाता और मिट्टी की रक्षा के अपने सांस्कृतिक दायित्व को निभाते हुए, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भोजन, संतुलित जीवनशैली और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। यही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित, आत्मनिर्भर और स्वस्थ भारत के स्वप्न को साकार करने का सशक्त मार्ग है।

### प्राकृतिक खेती कृषि तकनीक नहीं, बल्कि जीवन जीने की पद्धति


प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि में प्राकृतिक खेती केवल एक कृषि तकनीक नहीं, बल्कि जीवन जीने की भारतीय पद्धति है। वे इसे किसानों की लागत घटाने, आय बढ़ाने और उन्हें बाहरी निर्भरता से मुक्त करने का सशक्त माध्यम मानते हैं। साथ ही, यह देशवासियों को रसायन-मुक्त, विषरहित भोजन उपलब्ध कराने का मार्ग है। यही कारण है कि प्राकृतिक खेती को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ा गया है। प्राकृतिक खेती की कार्यप्रणाली सरल, स्वदेशी और प्रभावशाली है। इसमें गौशालाओं को केवल संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि कृषि आदानों के उत्पादन के आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। गोबर और गोमूत्र से तैयार जीवामृत, बीजामृत और पंचगव्य जैसे प्राकृतिक इनपुट मिट्टी के सूक्ष्म जीवों को सक्रिय करते हैं और भूमि की उर्वरता को दीर्घकालिक रूप से बढ़ाते हैं। पलवार (मल्चिंग) जैसी तकनीकें मिट्टी की नमी बनाए रखती हैं, जल संरक्षण में सहायक होती हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से फसलों की रक्षा करती हैं। इन उपायों से खेती की लागत में उल्लेखनीय कमी आती है, जिससे शून्य बजट प्राकृतिक खेती का लक्ष्य व्यवहारिक रूप से संभव होता है।

---

## किसानों को विकास प्रक्रिया में भागीदार बना रही है मध्यप्रदेश सरकार

# कृषि भूमि के अर्जन पर बाजार दर से चार गुना ज्यादा मुआवजा देगी मोहन सरकार





*मध्य प्रदेश एक मात्र राज्य है जहां के किसानों को ढेरों सुविधाएं और हर कदम पर सरकार का सहयोग लगातार प्राप्त हो रहा है। खाद, बीज और उपज विक्रय में अच्छा लाभ मिल रहा है।*



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों को विकास प्रक्रिया में भागीदार बना रही है। मंत्रि-परिषद की बैठक में कृषि भूमि के अर्जन पर बाजार दर से 4 गुना मुआवजा देने का निर्णय ऐतिहासिक है। इससे जहां किसानों को नई जमीन खरीदने में आसानी होगी, वहीं भू-अर्जन कार्यों के निराकरण को गति मिलेगी। सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को इसका लाभ होगा। यह किसानों की समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ये मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने साफ कहना है कि प्रदेश के किसानों को हर हाल में उनका हक मिलना ही चाहिए। इसके लिए सरकार को जो भी कदम उठाना पड़े तो उठाएंगे। ये उन्होंने करके भी दिया और कैबिनेट में मध्यप्रदेश भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2015 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मल्टीप्लीकेशन फैक्टर 1.0 से बढ़ाकर 2.0 कर दिया है। इससे किसानों को बाजार मूल्य का अधिकतम 4 गुना मुआवजा मिल सकेगा।

### ये होगा फायदा

इस निर्णय से सिंचाई परियोजनाओं, सड़क, पुल, रेलवे और बांध निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अधिग्रहित की जाने वाली कृषि भूमि पर किसानों को अधिक राशि मिल सकेगी। इससे न केवल विकास कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि भूमि देने वाले किसान परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा। शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में विकास कार्यों को गति मिलेगी। मध्यप्रदेश में मेट्रोपोलिटन सिटी की ओर भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में भू-अर्जन की आवश्यकता पड़ेगी। गत तीन वर्ष में 55 हजार से अधिक किसानों को विभिन्न परियोजना के माध्यम से 16 हजार करोड़ मुआवजा वितरित किया गया है। सालाना आधार पर यदि देखें तो जो मुआवजा करीब 5000 करोड़ रूपए था, अब वो 4 गुना बढ़ा दिया गया है। अब हर साल करीब 20 हजार करोड़ रूपए मुआवजा किसानों को मिलेगा।

### मध्यप्रदेश में गेहूं उपार्जन

कृषक कल्याण वर्ष-2026 में किसानों के हित में निरंतर कार्य होगा। वैश्विक परिदृश्य में गेहूं का निर्यात न के बराबर है। इन परिस्थितियों में भी सरकार किसानों के साथ खड़ी है। पहले छोटे और मझौले किसान और फिर बड़े किसानों से गेहूं खरीदा जा रहा है। किसानों को बोनस भी दिया जा रहा है। पिछले साल का गेहूं भी वेयरहाउस में स्टॉक है। इस वर्ष गेहूं उत्पादन बढ़ा है। अन्नदाताओं के हित में राज्य सरकार गेहूं खरीदी का कार्य पूर्ण करेगी। भारत सरकार से 78 लाख मीट्रिक टन खरीदी के अनुमान है।



### सिंचाई परियोजना



मंत्रि-परिषद द्वारा उज्जैन जिले की इन्दौख-रुदाहेड़ा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की लागत राशि 157 करोड़ 14 लाख रूपये, सैंच्य क्षेत्र 10,800 हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति हुआ है। परियोजना से झारड़ा तहसील के 35 ग्रामों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिला है। छिन्दवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना में पुनर्वास के लिये स्वीकृत राशि 840 करोड़ 80 लाख रूपये के स्थान पर लगभग 969 करोड़ रूपये का विशेष पुनर्वास पैकेज स्वीकृति किया गया है। यह विशेष पैकेज त्वरित क्रियान्वयन व विस्थापितों के अपेक्षित सहयोग के लिए केन-बेतवा अन्तर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजना के समकक्ष प्रदान किया जाना है। छिन्दवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के अंतर्गत छिन्दवाड़ा जिले में संगम 1 बाँध, संगम 2 बाँध, रामघाट बांध एवं पांढुर्णा जिले में बेलेंसिग रिजर्वायर (पांढुर्णा) कुल 4 बांध है।

---

## किसान कल्याण वर्ष-2026

# किसानों की आय बढ़ाना ही मोहन सरकार का मूल ध्येय



किसानों की आय में हर तरीके से वृद्धि करना ही हमारा मूल लक्ष्य है और यह उनकी फसल का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने से ही संभव है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के एक करोड़ से अधिक किसानों के हित में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के समावेशी मॉडल/थीम पर हम वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष (कृषि वर्ष) के रूप में मना रहे हैं। इस दौरान कृषि उत्पादों का मजबूत विपणन तंत्र स्थापित किया जाएगा, साथ ही खाद्य प्रसंस्करण को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को उच्च उत्पादकता वाली फसल किस्मों/बीजों का वितरण, डिजिटलीकृत एवं नवीन कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन, कृषि स्टार्टअप एवं एफपीओ जैसी कृषि आधारित रोजगार श्रृंखला को बढ़ावा, कृषि से संबद्ध सभी क्षेत्रों को एकीकृत करते हुए जिला-आधारित क्लस्टर्स का विकास तथा खेती-किसानी में फसल चक्र में बदलाव (विविधीकरण) को प्रोत्साहन देना कृषि वर्ष के प्रमुख लक्ष्यों को पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि खेती-किसानी से पर्यावरण में भी व्यापक सुधार आता है। उन्होंने कहा कि निमाड़ क्षेत्र में खेती-किसानी से बढ़ते लाभ और दिनों-दिन सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से दूसरे किसान भी खेती की तरफ बढ़े हैं। इससे निमाड़ अंचल में चारों तरफ हरियाली ही हरियाली है और इस हरियाली का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ है कि पूरे निमाड़ अंचल का तापमान पहले से चार डिग्री कम हो गया है। यह उपलब्धि हमें किसानों की बेहतरी के लिए और अधिक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करती है। कृषि वर्ष के दौरान सरकार का एक लक्ष्य दुग्ध उत्पादन में वृद्धि कर इसे वर्तमान से दुगना करना भी है। इसके लिए प्रदेश के पशुपालकों को उन्नत पशुपालन की नई-नई तकनीकें सीखने के लिए ब्राजील भेजा जाएगा। राज्य के पशुपालक उन्नत तकनीक से पशुपालन करेंगे तथा नई विधियों और पद्धतियों से उन्नत नस्लों के पशुओं से दुग्ध उत्पादन के लिए तैयार करेंगे।

### बालाघाट में होगा सिंघाड़ा एवं मखाना महोत्सव

किसान कल्याण वर्ष में सितम्बर के संभवतः पहले सप्ताह में बालाघाट जिले में 'सिंघाड़ा एवं मखाना महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में सिंघाड़ा उत्पादकों, व्यापारियों, निर्यातकों एवं फसल विशेषज्ञों द्वारा सहभागिता की जाएगी। सिंघाड़ा और मखाना कैश क्राप की तरह हैं। इनका सेवन स्वाथ्यवर्धक होता है। यह महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। क्षेत्रीय किसानों को सिंघाड़े और मखाने की खेती से जोड़ने के लिए महोत्सव में किसानों के बीच इनकी खेती से मिलने वाले लाभों से जुड़ी जानकारियों का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। महोत्सव में इन दोनों फसलों की खेती से संबंधित नई तकनीकों के बारे में किसानों को बताया जाएगा। साथ ही सिंघाड़े और मखाने की सभी प्रकार की किस्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### नवम्बर में नरसिंहपुर में होगा गन्ना महोत्सव

कृषि वर्ष में नवम्बर के संभवतः पहले सप्ताह में ही नरसिंहपुर जिले में राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन सह गन्ना महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में शक्कर कारखाना मालिक, गन्ना उत्पादक किसान सहित निर्यातक एवं विशेषज्ञ भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इससे गन्ने की आधुनिक तरीके से खेती के बारे में बताया जाएगा। साथ ही गन्ने की फसल के लिए ड्रिप सिंचाई की सुविधा मांगकर्ता किसानों को यह सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### पैक्स समितियों के जरिए किसानों को दिलाए गए अधिकतम लाभ

कृषि वर्ष के दौरान किसानों को अधिकतम सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वर्ष के दौरान राजस्व विभाग द्वारा ऐसे किसान, जो किसी वजह से अबतक केसीसी धारक नहीं हैं, उनकी सूची निकटतम प्राथमिक सहकारी साख समितियों (पैक्स) को उपलब्ध कराई जाएगी। पैक्स समितियां किसानों से सम्पर्क कर पात्र किसानों से तय प्रारूप में आवेदन लेने की व्यवस्था ने इसे सरल बना दिया है और बैंक स्तर पर केसीसी मंजूर कराने की कार्यवाही भी हो रही है। मंजूरी वाले प्रकरणों को एकत्रित कर कैम्प लगाकर किसानों को केसीसी वितरित किए किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में प्रदेश में 4500 से अधिक पैक्स समितियां कार्यरत हैं और करीब 23 लाख से अधिक किसान इन पैक्स समितियों से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं।

---

## मध्य प्रदेश में किसानों की खुशहाली की गाथा स्वयं किसान बताते हैं

# धार में बागवानी,टीकमगढ़ में सब्जी लगाकर आमदनी बढ़ाने में सफल हुए किसान

मध्य प्रदेश की डॉ.मोहन सरकार की सबसे खास बात ये हैं कि सरकार जो कहती है वो करती है। उसकी वजह है कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव खुद योजनाओं के क्रियान्वयन पर पैनी नजर रखते हैं। लापरवाही पर फटकार और बेहतर काम करने पर पीठ थपथपाने में कसर नहीं छोड़ते हैं। योजनाओं का नतीजा ये है कि खुद किसान अपनी कामयाबी की गाथा और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ने की बात कहने से नहीं रुकते है। धार जिले के सरदारपुर तहसील का ग्राम राजोद कस्बा पिछले डेढ़ दशक से उद्यानिकी खेती के क्षेत्र मे तेजी से विस्तारीत होकर एक विशिष्ट पहचान बना रहा है। ग्राम राजोद के युवा किसान मुकेश धाकड एक ऐसे किसान है। जिसने क्षेत्र में सबसे पहले डैगन फ्रुट और रेड डायमंड अमरूद की फसले की पैदावार ली । वही यह किसान नर्सरी के माध्यम से बडी मात्रा मे पौधों की बिक्री भी कर रहा है। वे वीएनआर, पिंक और रेड डायमंड अमरूद के साथ ही डैगन फ्रुट, सीडलेस सीताफल, एप्पल बेर जैसी फसलों का उत्पादन किसान सफलता



पूर्वक ले रहे है।

किसान मुकेश धाकड खेती मे नये नये प्रयोग करते रहते है। अब इन्होने आम की बागवानी करने की दिशा मे कदम रखा है। अपने खेत पर करीब एक दर्जन से भी अधिक प्रजाति के आम के पौधे रोपे है। यही नही तीन वर्ष पूर्व थाईलैंड प्रजाती के अपने खेत पर लगाये दो आम के पौधे पर लटालुम आम की बहार आई है। एक पौधे पर 50 से अधिक पल है जबकि इसकी ऊंचाई महज तीन फीट के करीब होगी। किसान मुकेश धाकड़ ने बताया की थाई प्रजाती का यह आम सदाबहार है। पूरे वर्ष में इस पर फल लगते रहते है। पहली बार इसके पेड पर फलों का उत्पादन ले रहे है। धाकड ने बताया की अभी उन्होने खेत की मेड पर बुनई किंग, चेगमाई, किंग आफ चकापत, ब्लैक मैगो, मियाजाकि, अमेरिकन रेड पालमेंट, आसीन, हनी ड्यु, सोनपरी, जम्बो रेड, तोतापुरी, हुन आरा, चौसा एंव नूरजहां जैसी किस्मों के दौ दर्जन से अधिक पौधे लगा रखे है। जिसमे से छोटे पौधे पर तो वे फलों का उत्पादन भी इस वर्ष ले रहे है। किसान श्री धाकड़ ने बताया की अभी तो शौकिया तौर पर ये पौधे लगाये है। यही क्षेत्र की जलवायु आम की फसल के लिये उपयुक्त रही तो आने वाले समय मे वे इसका बाग भी लगायेगे। इसी तरह टीकमगढ़ जिले में विकासखंड बल्देवगढ़ के ग्राम बनपुरा खुर्द के एक किसान ने यह साबित कर दिया है कि अगर सोच आधुनिक हो, तो मिट्टी सोना उगल सकती है।

### प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन से बदली सोच

इसके बाद उन्होंने उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और कृषि विभाग की आत्मा योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया। कृषि भ्रमण के दौरान उन्होंने राज्य के बाहर जाकर तरबूज सहित उद्यानिकी फसलों की आधुनिक खेती के बारे में जानकारी ली। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने अपने खेत में ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक का उपयोग करते हुए तरबूज की खेती शुरू की। आधुनिक तकनीकों के उपयोग का परिणाम यह रहा कि किसान को मात्र दो महीने में एक एकड़ से लगभग 2 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आया और खेती के प्रति उनका विश्वास और मजबूत हुआ।

### ये सिर्फ एक माह में लिए गए किसान हित के निर्णय


- किसानों को ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के भूअर्जन पर बाजार दर का 4 गुना मुआवजा
- सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसे अधोसंरचना निर्माण तथा विकास के लिए 33 हजार 985 करोड़ रूपये
- इन्दौख-रुदाहेड़ा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के लिए 157 करोड़ 14 लाख रूपये की स्वीकृति
- छिन्दवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना में पुनर्वास के लिए 969 करोड़ रूपये के विशेष पुनर्वास पैकेज की स्वीकृति
- लोक निर्माण अंतर्गत विकास कार्यों के लिए 25,164 करोड़ रूपये की स्वीकृति
- निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना और शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन के लिए 2,190 करोड़ 44 लाख रूपये की स्वीकृति
- प्रदेश में उन्नत चिकित्सा सेवाओं के लिए 5,479 करोड़ रूपये की स्वीकृति
- शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में परिजन आवास की स्थापना की स्वीकृति
- छठवें राज्य वित्त आयोग के कार्यों के संपादन के लिए 15 पदों के सृजन की स्वीकृति
- मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए 24 करोड़ रूपये की स्वीकृति

D-16014/26

## चिंतन

# राजनीति में एक-दूसरे का सम्मान जरूरी

राजनीतिक दलों के बीच मतभेद स्वाभाविक हैं, आरोप-प्रत्यारोप भी लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन भाषा की मर्यादा टूटने लगे तो राजनीति का स्तर गिरता है और संवाद कमजोर पड़ने लगता है। हाल ही में कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने के क्रम में एक बार फिर संयम खो बैठे और सारी मर्यादा भूल गए। उन्होंने पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को "गद्दार" तक कह दिया। राहुल जिस तरह से तू-तड़ाक की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वह किसी भी प्रकार से नेता विपक्ष की गरिमा के खिलाफ है। यह लोकतंत्र में संबोधन का सभ्य तरीका नहीं हो सकता। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब राहुल ने असभ्य भाषा का प्रयोग किया हो। वे पहले भी ऐसा कर चुके हैं। उन्हें कई बार तो पीएम पर टिप्पणी के लिए कोर्ट तक में माफी मांगनी पड़ी थी। इसके बावजूद उनकी बयानबाजी में संयम का अभाव लगातार दिखाई देता है। संभव है कि उन्हें लगता हो कि तीखे हमले और आक्रामक भाषा से सरकार विरोधी वर्ग उनके करीब आएगा, लेकिन 10-12 साल के राजनीतिक अनुभव बताते हैं कि जनता केवल आक्रोश नहीं, बल्कि गंभीरता और विश्वसनीयता भी देखती है। लोग अब केवल नारेबाजी से प्रभावित नहीं होते, बल्कि वह नेतृत्व की परिपक्वता और व्यवहार को भी महत्व देते हैं। राहुल गांधी ने आर्थिक संकट, बेरोजगारी और व्यापारिक चुनौतियों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। यह उनका लोकतांत्रिक अधिकार है और विपक्ष को सरकार की नीतियों पर सवाल पूछने चाहिए। जब आलोचना के बीच व्यक्तिगत उपहास और अपमानजनक शब्द शामिल हो जाते हैं, तब मूल मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। यही कारण है कि उनके बयान के बाद चर्चा आर्थिक चुनौतियों पर नहीं, बल्कि उनकी भाषा पर केंद्रित हो गई। दूसरी ओर, भाजपा नेताओं की प्रतिक्रियाएं भी कम तीखी नहीं रहीं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने राहुल गांधी को "भारतीय राजनीति का राहु" कहा, जबकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने उन्हें "रिजेक्टेड माल" तक कह दिया। यह स्थिति बताती है कि भारतीय राजनीति में संवाद की जगह कटाक्ष और तंज ने ले ली है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है कि क्या यही राजनीतिक संस्कृति आने वाली पीढ़ियों को दी जानी चाहिए। ऐसे समय में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार का बयान एक सकारात्मक संदेश देता है। शरद पवार ने राजनीतिक मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बनाए रखने की भूमिका की सराहना की। यह परिपक्व राजनीति का उदाहरण है। पवार ने दशकों से विभिन्न विचारधाराओं के नेताओं पंडित जवाहर लाल नेहरू, अटल बिहारी वाजपेयी, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी के साथ काम किया है। उनके बीच तीखे वैचारिक मतभेद होते थे, फिर भी व्यक्तिगत सम्मान बना रहता था। संसद में बहसें होती थीं, लेकिन भाषा की मर्यादा नहीं टूटती थी। आज सोशल मीडिया और तात्कालिक राजनीति के दौर में बयानबाजी अधिक उत्तेजक हो गई है। नेताओं को यह समझना होगा कि उनके शब्द केवल राजनीतिक कार्यकर्ताओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। राजनीति में एक-दूसरे का आदर खुद का सम्मान बढ़ाने वाली बात होती है। लोग भी नेताओं से अच्छे व्यवहार की आस रखते हैं। उम्मीद है कि राहुल गांधी भी अपना लहजा बेहतर करेंगे और राजनीति में एक-दूसरे का सम्मान करने की परंपरा को बनाए रखेंगे।



कूटनीति
अखिलेश आर्येन्दु

# विदेश यात्रा : एक तीर से कई लक्ष्य साधे

**ऊर्जा संकट, व्यापारिक चेन में अस्थिरता और वैश्विक ध्रुवीकरण का नया दौर शुरू हो गया है। विपक्ष मोदी की विदेश यात्रा पर जो सवाल उठा रहा था, उन सवालों का जवाब उनकी सफल यात्रा ने दे दिया है। जाहिर तौर पर उनकी यात्रा के बरक्स में देखें तो इस यात्रा से खाड़ी और यूरोपीय देशों से भारत के रिश्ते ही मजबूत नहीं हुए, बल्कि कई ऐसे समझौते भी हुए हैं जो आने वाले वक्त में देश की प्रगति और विकास के लिए मील के पत्थर साबित होंगे। यात्रा की सफलता का मानक यह है कि वैश्विक ऊर्जा संकट से पार पाने में एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है, वह यूएई से ऊर्जा सुरक्षा को लेकर हुआ समझौता, जिसमें पेट्रोलियम और एलपीजी गैस भंडारण, समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा निवेश शामिल है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पांच देशों की विदेश यात्रा पर जाने को लेकर विपक्ष कई दिनों से हंगामा कर रहा था। वह सवाल उठा रहा था कि ऐसे वक्त में जब देश में तेल, गैस, रसायनिक खाद की किल्लत और महंगाई से आम आदमी परेशान हो रहा है, प्रधानमंत्री मोदी को पांच देशों के दौरे पर जाना जनहित को नजरअंदाज करने जैसा है, और इसे औचित्यपूर्ण नहीं माना जा सकता है? विपक्ष यह भूल गया कि जिस मकसद को लेकर प्रधानमंत्री ने खाड़ी और यूरोपीय देशों की यात्रा की, वह देश और समाजहित में थी। उसके सकारात्मक परिणाम यात्रा के बाद साफ-साफ दिखाई देने लगे हैं। जाहिर तौर पर, पांच देशों की यह यात्रा आर्थिक, सामरिक, कूटनीतिक और विश्व कूटनीति-राजनीति के लिए ही खास मायने नहीं रखती, बल्कि दुनिया की उभरती महाशक्ति के रूप में जो प्रतिष्ठा मिली है, वह इस यात्रा की अपार सफलता को दर्शाती है। उनकी यह यात्रा ऐसे दौर में हुई है, जब दुनिया में ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध के असर साफ-साफ दिखाई दे रहा है। भारत में तेल, गैस, रसायनिक खाद और रोजमर्रा की वस्तुओं की महंगाई बढ़ रही है।

ऊर्जा संकट, व्यापारिक चेन में अस्थिरता और वैश्विक ध्रुवीकरण का नया दौर शुरू हो गया है। विपक्ष मोदी की विदेश यात्रा पर जो सवाल उठा रहा था, उन सवालों का जवाब उनकी सफल यात्रा ने दे दिया है। जाहिर तौर पर उनकी यात्रा के बरक्स में देखें तो इस यात्रा से खाड़ी और यूरोपीय देशों से भारत के रिश्ते ही मजबूत नहीं हुए, बल्कि कई ऐसे समझौते भी हुए हैं जो आने वाले वक्त में देश की प्रगति और विकास के लिए मील के पत्थर साबित होंगे। यात्रा की सफलता का मानक यह है कि वैश्विक ऊर्जा संकट से पार पाने में एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है, वह यूएई से ऊर्जा सुरक्षा को लेकर हुआ समझौता, जिसमें पेट्रोलियम और एलपीजी गैस भंडारण, समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा निवेश शामिल है। इससे भारत भविष्य में ऊर्जा संकट से निपटने में सक्षम हो सकेगा। गौरतलब है पेट्रोलियम और गैस की बढ़ती कीमतों से महंगाई पर लगाम लगाने के लिए जरूरी है कि तेल, गैस और रसायनिक खादों की किल्लत पर काबू पाया जाए। यूरोपीय देशों की यात्रा के दौरान वहां बसे भारतवंशियों ने ही मोदी का भारतीय परंपराओं से स्वागत नहीं किया बल्कि पांचों देशों में वहां की सरकारों ने पलक-पांवड़े बिछाकर स्वागत किया। यह समझा जा सकता है कि मोदी की यात्रा ने यूएई को भारत से और अधिक समीपता और विश्वासनीयता बढ़ाने का कार्य किया। यूरोपीय देशों में मोदी का भव्य स्वागत ही नहीं हुआ बल्कि स्वीडन ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी उनको सम्मानित किया। जाहिर तौर पर स्वीडन सहित यूरोपीय देशों ने यात्रा के दौरान ऐसे अनेक समझौते किए, जो भारत के लिए सामरिक, आर्थिक और तकनीक को आदान-प्रदान करने में मददगार साबित होंगे। नार्वे, स्वीडन और नीदरलैंड की यात्रा इसलिए भी जरूरी मानी जा रही है कि इससे यूरोपीय देशों के साथ हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, एआई, समुद्री सहयोग और रक्षा तकनीक में सहयोग के नए द्वार खुलें हैं। इनमें उन देशों की कंपनियों द्वारा भारत में विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी निवेश बहुत बड़े पैमाने पर होने के समझौते किए गए। इससे यूरोपीय देशों के साथ तकनीक साझेदारी विकसित



होगी, जिससे इन क्षेत्रों में अधिक पूंजी निवेश होने से विकास की नई संभावनाएं विकसित होंगी। नार्वे में मोदी ने ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन और इंडिया-नार्वे बिजनेस एंड रिसर्च समिट' में भाग लिया। इसके साथ ही उन्होंने नार्वे, फिनलैंड, आइसलैंड, डेनमार्क और स्वीडन के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक की और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की। इस बैठक में व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा, नवाचार को बढ़ावा, स्वच्छ और हरित प्रोद्यौगिकी के अलावा यूरोपीय देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने पर गहन चर्चा हुई। नार्वे समिट में प्रधानमंत्री ने कहा,- भारत-ईएफटीए समझौते से 100 बिलियन डालर के निवेश और 10 लाख रोजगार सृजित करने पर सहमति हुई। फिनलैंड के प्रधानमंत्री के साथ उनकी बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें डिजिटलीकरण (आई 5जी/6 जी) क्वांटम तकनीक और स्थिरता के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर जोर दिया गया। इससे इन दोनों देशों में रिश्तों में ही गर्माहट नहीं आई बल्कि तकनीक के क्षेत्र में स्थिरता के एक नए युग का सूत्रपात हुआ। भारत और चीन के रिश्ते जगजाहिर हैं। कई वस्तुओं का आयात मजबूरी में भारत को चीन से करना पड़ता है, खासकर सेमीकंडक्टर -क्षेत्र में। यूरोपीय देशों से जो समझौते हुए हैं, उनमें सेमीकंडक्टर का समझौता भी एक है जो भारत के लिए चीन पर इसकी निर्भरता को कम करने में मददगार साबित होगा। इस नजरिए से यूरोपीय देशों के साथ एआई, सेमीकंडक्टर जैसे आधुनिक विकास की नए मॉडल की तकनीक पर निवेश का समझौता बेहद अहम है। मोदी का यह दौरा बहु गठबंधन (मल्टी अलाइमेंट) नीति का हिस्सा है। इस गठबंधन में यूरोप देशों के साथ तकनीक सहयोग, चीन के साथ प्रभाव का संतुलन, अमेरिका के साथ साझेदारी, रूस से दोस्ती के गहन रिश्ते, अरब देशों के साथ सामरिक निकटता की नीति बनाए रखना है। यानी दुनिया के उन सभी देशों के साथ मैत्री रखना, जो भारत के साथ मित्रवत बर्ताव रखना अपनी नीति का हिस्सा समझते हैं। यानी किसी गुट का हिस्सा न होकर दुनिया के हर गुट के साथ दोस्ती बनाए रखने की नीति पर चलना।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने भारत की आर्थिक समृद्धि, रोजगार सृजित करने के मद्देनजर तकनीक के आयात और रणनीतिक साख को बढ़ाने का काम किया। यूएई द्वारा भारत में 5 अरब डालर निवेश की घोषणा, उनकी यात्रा की सफलता की नई इबारत लिखने में सफल हुई है। इसमें बुनियादी ढांचा, सामान्य प्रबंधन या परिवहन व्यवस्था, बैंकिंग, बंदरगाह, ऊर्जा क्षेत्र में निवेश शामिल है। इससे भारत में हर क्षेत्र में नवनिर्माण की विशाल प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा। इटली की यात्रा उनके खास मकसद के तहत सम्पन्न हुई। भारत-इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना और व्यापार को बढ़ावा देना था।

उन्होंने वहां अपने समकक्ष जार्जिया मेलोनी के साथ विस्तार से उन सभी मुद्दों पर चर्चा की जो इटली और भारत के लिए लाभकारी हो सकते हैं। इसी तरह घरेलू राजनीति में धुंरधर खिलाड़ी माने जाने वाले मोदी इस यात्रा से जनता को यह यकीन दिलाने में सफल हुए हैं कि उनकी यात्रा तेल, गैस, खाद, तकनीक आयात, मूलभूत निर्माण को आगे बढ़ाने के साथ भारत की छवि दुनिया में खासकर खाड़ी देशों में भारत की सक्रियता रणनीतिक दबाव बनाने में सफल रही है। जाहिर तौर पर आज भारत एक जिम्मेदार और सशक्त देश के रूप में स्थापित हो चुका है। इसका श्रेय मोदी और उनकी सरकार के जनहितकारी और विश्वहितकारी कार्यों और नीतियों को दिया जाना चाहिए। यह मोदी सरकार की परिपक्व विदेश नीति को भी दर्शाता है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आतंकवाद विरोधी दिवस
योगेश कुमार गोयल



# घाटी में खिल रही उम्मीदें हार रहा आतंक का अंधकार

भारत सदियों से शांति, सहअस्तित्व और आध्यात्मिक चेतना की भूमि रहा है। यहां विविधताओं में एकता केवल संविधान की अवधारणा नहीं, बल्कि जीवन पद्धति रही है। इसी भारत को लंबे समय से आतंकवाद जैसी भयावह चुनौती का सामना भी करना पड़ रहा है। आतंकवाद ने केवल देश की सीमाओं को नहीं ललकारा, बल्कि समाज की आत्मा, राष्ट्रीय एकता और मानवीय मूल्यों पर भी प्रहार किया है। यह ऐसा अभिशाप है, जिसने हजारों निर्दोष नागरिकों, सुरक्षाकर्मियों और युवाओं की जिंदगी छीन ली। भारत ने इस चुनौती का मुकाबला केवल सैन्य शक्ति से नहीं बल्कि लोकतांत्रिक धैर्य, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय संकल्प के साथ किया है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाकर देश आतंकवाद के विरुद्ध अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराता है।

यह दिवस हमें याद दिलाता है कि आतंकवाद केवल गोलियों और विस्फोटों का नाम नहीं बल्कि वह मानसिकता है, जो समाज में भय, विभाजन और अस्थिरता पैदा करती है। यह दिवस उन हजारों शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी अवसर है, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। यह दिन नागरिकों, विशेषकर युवाओं को संदेश देता है कि हिंसा और कट्टरता का रास्ता केवल विनाश की ओर ले जाता है जबकि शिक्षा, संवाद, लोकतंत्र और विकास ही स्थायी शांति के मार्ग हैं। यदि भारत में आतंकवाद की सबसे बड़ी त्रासदी का कोई प्रतीक क्षेत्र रहा है तो वह जम्मू-कश्मीर है। कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सूफी परंपराओं और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए विख्यात कश्मीर घाटी तीन दशकों से आतंक और अस्थिरता की विभीषिका झेलती रही है। 1990 के दशक में शुरू हुआ आतंकवाद केवल स्थानीय असंतोष का परिणाम नहीं था, बल्कि यह सीमा पार से प्रायोजित सुनियोजित षड्यंत्र था, जिसका उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करना था। दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2000 से 2024 के बीच जम्मू-कश्मीर में 22 हजार से अधिक आतंकी घटनाएं दर्ज की गई। इन घटनाओं में लगभग पांच हजार नागरिकों की मौत हुई जबकि तीन हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी शहीद हुए। इसी अवधि में भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने 24 हजार से अधिक आतंकियों को मार गिराया। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच देशभर में 7217 आतंकी घटनाएं हुई थी, जबकि 2014 से 2024 के बीच यह संख्या घटकर लगभग 2242 रह गई। आतंकी घटनाओं में जनहानि में लगभग 70 प्रतिशत कमी दर्ज की गई है। नागरिकों की मौतों में 81 प्रतिशत और सुरक्षाबलों की शहादतों में लगभग 50 प्रतिशत की कमी आई है।

ये आंकड़े केवल सांख्यिकीय उपलब्धियां नहीं, बल्कि भारत की बहुआयामी आतंकवाद विरोधी नीति की सफलता का प्रमाण हैं। यह भी सच है कि खतरा अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। वर्ष 2025 में पहलगाम के बैसरन क्षेत्र में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला इस बात का संकेत था कि आतंकवाद की जड़ें अब भी पूरी तरह उखड़ी नहीं हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। यह हमला 2008 के मुंबई हमलों के बाद सबसे घातक नागरिक हमलों में माना गया। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद आज भी भारत की शांति और स्थिरता को बाधित करने का प्रयास कर रहा है। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन और अल-बद्र जैसे संगठनों को अब भी वहां से आर्थिक, सामरिक और वैचारिक समर्थन प्राप्त होने के आरोप लगते रहे हैं। भारत की आतंकवाद विरोधी नीति (आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता) अब पहले की तुलना में अधिक स्पष्ट और कठोर दिखाई देती है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सेना या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आज भारत जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, वहां यह विश्वास मजबूत होता दिखाई देता है कि आने वाले वर्षों में कश्मीर घाटी फिर से अमन, मोहब्बत और इंसानियत की पहचान बनेगी। वह दिन दूर नहीं, जब घाटी केवल चिनार की छांव, डल झील की शांति, बर्फ से ढके पहाड़ों और सूफी संगीत की मिठास के लिए जानी जाएगी। यह तभी संभव होगा, जब आतंकवाद के विरुद्ध राष्ट्रीय एकता, सतर्कता और विकास की प्रक्रिया निरंतर जारी रहे। भारत का यह संघर्ष केवल सुरक्षा की लड़ाई नहीं बल्कि सभ्यता, मानवता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संघर्ष है और इस संघर्ष में भारत का संकल्प पहले से कहीं अधिक मजबूत दिखाई देता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान है



संकलित
**दर्शन**

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं। गुणों का योग जब तक भगवान से नहीं होगा, तब तक व्यक्ति उसका उपयोग और कहां करेगा?

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे यौद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### बहुत जरूरी है वन संपदा को आग से बचाना

हर वर्ष गर्मियों में देश के कुछ वन संपदा के धनी राज्यों में वनों में भयंकर आग लगने की खबरें पढ़ने, सुनने और देखने को मिलती हैं। आग किसी भी कारण से वनों में लगती है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग गर्मियों के दिनों में बेकार की घास-फूस को जलाने के लिए वनों या खेतों में आग लगा देते हैं, जिससे घास-फूस के साथ ही सैकड़ों वृक्ष भी आग की बलि चढ़ जाते हैं जो कि प्रकृति से खिलवाड़ है और हरी-भरी वादियों के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। लोगों को चाहिए कि अगर वो खेतों से फालतू की घास-फूस को जलाना चाहते हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि यह आग खेतों के साथ लगते वनों में न फैले। इससे एक तो वन संपदा नष्ट होती है, दूसरे कई जंगली जीव-जंतु-पक्षी जल कर नष्ट हो जाते हैं। *- संकेत अग्रवाल, सरायपाली*

## ट्रेंड

### प्रेरणादायक पहल



विद्यार्थियों द्वारा योगासन से दिन की शुरुआत करना एक अत्यंत प्रेरणादायक पहल है। यदि बचपन से ही स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन जाए, तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे जीवन पर पड़ता है।
**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### राहुल गांधी की हताशा



प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग राहुल गांधी की अत्यधिक हताशा का स्पष्ट संकेत है। घृणा फैलाना कांग्रेस की सच्ची राजनीति रही है। वे नेता और पार्टियां जो स्वयं आपातकाल के दाग और भ्रष्टाचार के इतिहास से घिरी हुई हैं, आज देशभक्ति का उपदेश दे रही हैं।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### उर्वरकों की कमी



आने वाले समय में सबसे बड़ा संकट यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरकों की संभावित कमी है। भारत अपने अधिकांश उर्वरकों का आयात करता है, जो वर्तमान में बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।
**- अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

### पार्टी का शानदार प्रदर्शन



पंजाब के हर कोने में हमारी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा हो रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन शानदार रहेगा।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# ईरान परमाणु हथियारों की होड़ शुरू कर सकता है: वेंस

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होने से विश्व स्तर पर ' 'परमाणु हथियारों की होड़' ' शुरू हो जाएगी। वेंस ने साथ ही कहा कि अगर तेहरान शांति समझौते पर पहुंचने में विफल रहता है तो अमेरिका सैन्य अभियान फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मंगलवार को व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में वेंस ने यह टिप्पणी तब की जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले फिर से शुरू करने के फैसले को एक दिन पहले टाल दिया था। यह फैसला कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित अन्य अरब देशों के अनुरोध पर लिया गया। उन देशों ने कहा था कि शांति वार्ता में तेहरान 'उचित रवैया' अपना रहा है।



उपराष्ट्रपति ने कहा, 'हमारा मानना है कि ईरानी समझौता करना चाहते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने हमसे सद्भावनापूर्वक बातचीत करने का आग्रह किया और हमने ठीक वैसा ही किया है।' वेंस ने बताया कि प्रेस वार्ता में आने से पहले उनकी ट्रंप से मुलाकात हुई थी। उन्होंने कहा, हम उस रास्ते पर नहीं जाना चाहते। लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो राष्ट्रपति उस रास्ते पर जाने के लिए तैयार हैं और इसमें सक्षम हैं। वेंस ने कहा कि अमेरिका के पास एक सरल प्रस्ताव है और आगे बढ़ने के दो रास्ते हैं।

## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?

ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह



ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था – या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है। एक सदी पहले जब आइंस्टीन ने सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत विकसित किया।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने परामर्श बैठक की अध्यक्षता की

# इलेक्ट्रिक बसों और ट्रकों के व्यापक संचालन को बढ़ावा देने के लिए उच्च-स्तरीय बैठक में हुआ मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को नई दिल्ली में देशभर में इलेक्ट्रिक बसों और इलेक्ट्रिक ट्रकों को व्यापक रूप से अपनाने और उनके संचालन को बढ़ावा देने के लिए एक उच्च-स्तरीय हितधारक परामर्श बैठक की अध्यक्षता की।

देशभर के प्रमुख हितधारक इस बैठक में शामिल हुए, जिनमें फ्लीट ऑपरेटर, एग्रीगेटर, परिवहन क्षेत्र के अग्रणी, वित्तीय संस्थान, लीजिंग कंपनियां और तेजी से विकसित हो रहे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकोसिस्टम से जुड़े उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल थे। इस परामर्श बैठक का उद्देश्य परिचालन संबंधी वास्तविकताओं को समझना, ई-बसों और ई-ट्रकों को तेजी से अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और सरकार तथा निजी हितधारकों के बीच सहयोग को मजबूत करना था। भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें सचिव कामरान रिजवी और अपर सचिव डॉ. हनीफ कुरैशी शामिल थे, चर्चा के दौरान उपस्थित थे और उन्होंने भारत में इलेक्ट्रिक हेवी मोबिलिटी के भविष्य के रोडमैप पर हितधारकों के साथ विचार साझा किए। कुमारस्वामी ने इस बात पर बल दिया कि इलेक्ट्रिक बसें भारत में यात्री परिवहन की भविष्य की रीढ़ बनने जा रही हैं, जबकि इलेक्ट्रिक ट्रक सतत रसद और माल ढुलाई के भविष्य को आकार देने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाएंगे। बैठक के दौरान हितधारकों ने व्यापक प्रतिक्रिया, परिचालन अनुभव, क्षेत्री से जुड़ी चिंताएं और वित्तीय पहुंच, चार्जिंग अवसंरचना, बेड़े की तैनाती, परिचालन व्यवहार्यता और इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों के लिए दीर्घकालिक इकोसिस्टम समर्थन से संबंधित व्यावहारिक सुझाव साझा किए। प्रतिभागियों ने इसे और इस क्षेत्र को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर सरकार के साथ सीधे बातचीत करने के अवसर का स्वागत किया।

नड्डा ने जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा के दौरान पीएमएनसीएच बोर्ड की अध्यक्ष क्लार्क के साथ बैठक की

# भारत ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में वैश्विक रुझानों से कहीं अधिक तेजी से उल्लेखनीय कमी हासिल की है: नड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा के दौरान मातृ, नवजात एवं बाल स्वास्थ्य साझेदारी की बोर्ड अध्यक्ष हेलेन क्लार्क के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

नड्डा ने बैठक के दौरान महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य के वैश्विक एजेंडे को आगे बढ़ाने के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। मंत्री ने 2005 में अपनी स्थापना के बाद से पीएमएनसीएच के साथ भारत के दीर्घकालिक जुड़ाव पर कहा कि भारत इस संगठन के साथ अपनी साझेदारी जारी रखने और इसके उद्देश्यों में सार्थक योगदान देने पर गर्व महसूस करता है। उन्होंने पीएमएनसीएच में बोर्ड के उपाध्यक्ष और स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में भारत की सक्रिय नेतृत्वकारी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत द्वारा दिया जाने वाला 20 लाख अमेरिकी डॉलर का वार्षिक अनुदान स्थायी रूप से प्रक्रियाधीन है और इसकी जानकारी शीघ्र ही साझा की जाएगी। नड्डा ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर कहा, भारत नवाचार का केंद्र रहा है और इसने समानता और सुलभता के साथ व्यापक स्तर पर हस्तक्षेप किए हैं। हमने महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य को अपने सेवा वितरण और सतत विकास के केंद्र में रखा है। मंत्री ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में भारत की प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि देश ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में वैश्विक रुझानों से कहीं अधिक तेजी से महत्वपूर्ण कमी हासिल की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अपने साक्ष्य-आधारित सर्वोत्तम अभ्यासों और बड़े पैमाने पर लागू किए गए सफल जन स्वास्थ्य हस्तक्षेपों के माध्यम से वैश्विक समुदाय को बहुत कुछ प्रदान कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### अस्पताल में आग, महिला की मौत, 2 अन्य गंभीर

**देहरादून।** हरिद्वार रोड स्थित पैनेसिया हॉस्पिटल में बुधवार को आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक बुजुर्ग महिला बीरावती की मौत हो गई है। 2 की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि आग एसी में शॉर्ट सर्किट से लगी, जिसके बाद पूरे परिसर में धुआं फैल गया और मरीजों व स्टाफ के बीच हड़कंप मच गया।



### क्रिकेटर शमी को राहत चेक बाउंस में बरी

**अलीपुर।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अलीपुर कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में उन्हें बरी कर दिया है। शमी की पूर्व पत्नी हसीन जहां ने आरोप लगाया था कि शमी द्वारा घर के खर्च के लिए दिया गया एक लाख का चेक बाउंस हो गया था। अलीपुर कोर्ट ने बुधवार को शमी को इस मामले में सभी आरोपों से बरी कर दिया।



### बंगाल की फाल्टा सीट में री-पोलिंग आज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की फाल्टा विधानसभा सीट में गुरुवार को री-पोलिंग है। क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वोटिंग से पहले डिस्पर्सल सेंटर में अंतिम तैयारियां जोरों पर हैं।चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान कर्मी पूरी तरह से तैयार हैं।

सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा जातिगत गणना नीति का मामला

# केंद्र सरकार के फैसले को नीतिगत फैसला बताया, चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

## सीजेआई, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और पंचोली की पीठ ने की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उस जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि यह सरकार की नीति से जुड़ा मुद्दा है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि सरकार को पिछड़े वर्गों के लोगों की संख्या पता होनी चाहिए, ताकि उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई जा सकें।

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ याचिकाकर्ता सुधाकर गुमुला की दलीलों से सहमति नहीं हुई। गुमुला ने कहा था कि सरकार के पास पहले से ही जातियों से जुड़ी काफी जानकारी और आंकड़े मौजूद हैं। सीजेआई ने कहा कि ये सभी नीतिगत मामले हैं कि गणना जाति आधारित होनी चाहिए या नहीं। इसमें गलत क्या है? सरकार को यह जानना जरूरी है कि पिछड़े वर्ग में कितने लोग हैं और उनके लिए किस तरह की कल्याणकारी योजनाएं बनानी हैं। यह पूरी तरह नीति का विषय है। इसके बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

**कोर्ट की टिप्पणी- हम इस पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते**

सुधाकर गुमुला ने अदालत में दी थी याचिका



सुप्रीम कोर्ट

### अगले साल होगी जनगणना

साल 2027 में होने वाली जनगणना देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी। यह 1931 के बाद पहली बार होगी जातियों की भी विस्तृत गणना की जाएगी। साथ ही, यह भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना भी होगी।

### जाति गणना का दुरुपयोग संभव

जातिगत गणना के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है. अदालत ने कहा कि यह सरकार का नीतिगत फैसला है और इसमें हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है। कोर्ट में दायर याचिका में मांग की गई थी कि आगामी जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल न किया जाए, क्योंकि इसका दुरुपयोग हो सकता है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया और सीजेआई सूर्यकांत ने एक अहम टिप्पणी की। सीजेआई ने कहा कि सरकार को यह जानना जरूरी है कि पिछड़ी जातियों में कितने लोग हैं, ताकि उनके कल्याण (के लिए योजनाएं बनाई जा सकें।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र समेत कई पक्षों को नोटिस दिया

टेट्रा पैक में शराब बिक्री होगी बंद?



भारत में शराब की बिक्री और पैकेजिंग को लेकर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत कई पक्षों को नोटिस जारी किया है। याचिका में मांग की गई है कि टेट्रा पैक, सैशे और छोटे पाउच जैसी पैकेजिंग में शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए।चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने सुनवाई के लिए सहमति भी दे दी है। यह याचिका संगठन कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग की ओर से दायर की गई है।याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील विपिन नायर ने शराब की पैकेजिंग को लेकर गंभीर सवाल उठाए।

कृष्णा-गोदावरी गैस केस में सुलह की कोशिश

## रिलायंस ने केंद्र से मध्यस्थता की मांग उठाई

कृष्णा-गोदावरी बेसिन गैस माइग्रेशन मामले में सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसकी विदेशी साझेदार कंपनियों ने केंद्र सरकार के साथ विवाद सुलझाने के लिए मध्यस्थता का रास्ता अपनाने की इच्छा जताई। सुनवाई सीजेआई की बेच कर रही है।



### अटॉर्नी जनरल ने किया विरोध

केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटारमानी ने मांग का विरोध किया। उन्होंने अदालत से कहा कि फिलहाल सुनवाई जारी रखी जाए।

### कोर्ट ने कहा

बेंच ने सुनवाई रोकने से इनकार कर दिया। यदि पक्षकार सफल मध्यस्थता के साथ अदालत के सामने आते हैं, तो मामले का निपटारा किया जा सकता है।

## कांग्रेस ने देश की बदहाल आर्थिक स्थिति और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर मोदी सरकार पर बोला तीखा हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश की बदहाल आर्थिक स्थिति और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के मीडिया और प्रचार अध्यक्ष पवन खेड़ा ने मोदी सरकार द्वारा आर्थिक हालात के लिए पश्चिम एशिया युद्ध को जिम्मेदार ठहराए जाने पर कहा कि हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही ठीक नहीं चल रही थी। कांग्रेस 10 साल से सरकार को आंकड़ों के साथ चेतावनी दे रही थी कि अर्थव्यवस्था मरणशैया पर है, लेकिन इसे अनसुना कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वैश्विक कारण केवल आंशिक रूप से जिम्मेदार हैं, अर्थव्यवस्था में झटके झेलने की क्षमता खत्म हो गई है। उन्होंने याद दिलाया कि 2008 के लेहमैन ब्रदर्स वैश्विक संकट के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और उनकी टीम ने देश को आर्थिक झटकों से बचाए रखा था।



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनय कुमार शर्मा, पुत्रः गिरधारी लाल, पताः आरजेड–80, गली नं. 10, मदनपुरी, वेस्ट सागरपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 148/2013, U/s 420/170/474/468/471/120B IPC, पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विनय कुमार शर्मा** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **विनय कुमार शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 148/2013, U/s 420/170/474/468/471/120B IPC, पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अभियुक्त **विनय कुमार शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, उत्तर
कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6645/ON/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1) रेबेदा, पत्नीः मोहम्मद इशाक, 2) नसरीन, पुत्रः मोहम्मद इशाक, 3) मोहम्मद एहसान, पुत्रः मोहम्मद इशाक, पताः म. नं. 12, गली नं. 1, प्रेम नगर–III, दिल्ली** ने **FIR No. 192/14, U/s 498A/406/34/506 IPC, पुलिस थाना अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1) रेबेदा, 2) नसरीन, 3) मोहम्मद एहसान** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1) रेबेदा, 2) नसरीन, 3) मोहम्मद एहसान** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 192/14, U/s 498A/406/34/506 IPC, पुलिस थाना अमन विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **1) रेबेदा, 2) नसरीन, 3) मोहम्मद एहसान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री नेहा गोयल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट–02)
कमरा नं. 18, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6613/RD/2026

**छतीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, (छ.ग.)**

**:: ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

निआसू क्रमांक 05,06/वलेलि /2026-27 जगदलपुर, दिनांक 18/05/2026

एकीकृत पंजोयन प्रणाली अन्तर्गत **सक्षम श्रेणी** में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 191017 | बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर के ग्राम सिवनी के समीप नारंगी नदी पर आमागुड़ा एनीकट का जीर्णोद्धार कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 186.64 लाख | 1.40 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 191025 | बस्तर जिले के विकासखंड दरभा में मुनगाबहार नाला पर साईगुड़ा व्यपवर्तन योजना के हेड वर्क का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 511.57 लाख | 2.56 लाख | 12 माह वर्षाकाल सहित |

**1.बिड प्रारंभ की तिथि** – 25.05.2026 17:31 Hours
**2.बिड सबमिशन की अंतिम तिथि** – 08.06.2026 17:30 Hours

रिमार्कः– उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 25.05.2026 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

कार्यपालन अभियन्ता
टी.डी.पी.पी. जलसंसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.

G-262700858/10

बिखरे हीरों को ऐसे सहेज रही है मोदी सरकार

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली तृप्ति मुखर्जी पद्म सम्मान से की जाएंगी पुरस्कृत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कंठा कढ़ाई की दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम बन चुकी हैं। पश्चिम बंगाल की इस प्रसिद्ध कलाकार ने अपनी कला के जरिए न केवल भारतीय हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान दिलाई, बल्कि ग्रामीण और वंचित महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का भी काम किया है। 28 अप्रैल 1966 को जन्मीं तृप्ति मुखर्जी बचपन से ही रचनात्मक प्रतिभा से भरपूर थीं। मां की कलाकृतियों से प्रेरित होकर उन्होंने कंथा स्टिच कला को अपनाया और पिछले 37 वर्षों से इस पारंपरिक कला को नई पहचान दे रही हैं। उन्होंने सूरी में एक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया है, जहां स्थानीय महिलाओं को कंथा कढ़ाई, साड़ी डिजाइनिंग, वॉल हैंगिंग, बेडशीट, स्टोल और दुपट्टे बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। सरकारी मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से इन महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने और नियमित आय अर्जित करने का अवसर भी मिल रहा है। तृप्ति ने 2017 में भारत सरकार की परियोजना के तहत बर्मिंघम में बंगाल का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा जुलाई 2025 में टोक्यो, जापान में आयोजित 14वें इंडिया ट्रेंड फेयर में भी भारतीय हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया, जहां उन्हें भारतीय दूतावास द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें वर्ष 2010 में राष्ट्रीय पुरस्कार, 2016 में वस्त्र मंत्रालय का प्रतिष्ठित शिल्प गुरु पुरस्कार और 2017 में पश्चिम बंगाल सरकार का 'बंगश्री' सम्मान मिल चुका है।



नायब ने उपायुक्तों संग शिकायतों की समीक्षा की, समाधान के दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री विंडो पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए अधिकारी समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। मुख्यमंत्री सीएम विंडो पर आई शिकायतों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सभी जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, मंडल आयुक्त भी ऑनलाइन जुड़े। मुख्यमंत्री ने जिला स्तर की सीएम विंडो पर विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने हर जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर समाधान की शिकायतों के साथ ही इन समस्याओं की भी समीक्षा की जाए। हाउसिंग बोर्ड की समस्याओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा जनता का बकाया पैसे का भुगतान 10 जून को बटन दबाकर किया जाएगा। इसके लिए अधिकारी पूरी तैयारी करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करें और उनके शीघ्र निस्तारण को सुनिश्चित करें, ताकि लोगों की समस्याओं का तय समय सीमा में समाधान हो सके। सीएम विंडो मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सैनी ने सभी विभागों को शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने तथा जल्द से जल्द एटीआर अपलोड करने के निर्देश भी दिए, जिससे शिकायतों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जा सके।

देश के सबसे बड़े आयोजन भारत टेक्सटाइल 2026 की तैयारी

# एक क्लिक पर मिलेगी जानकारी, सचिव ने किया लॉन्च

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के सबसे बड़े वैश्विक वस्त्र आयोजन भारत टेक्स 2026 को डिजिटल रूप से और अधिक आधुनिक एवं प्रभावशाली बनाने की दिशा में वस्त्र मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है। वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शर्मा राव ने बुधवार को भारत टेक्स 2026 इवेंट ऐप लॉन्च किया, जो आयोजन से जुड़े सभी हितधारकों के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। यह ऐप खरीदारों, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों, वक्ताओं, सोर्सिंग सलाहकारों, भागीदारों, प्रदर्शकों और आम आगंतुकों को एक ही मोबाइल इंटरफेस पर आयोजन से जुड़ी तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। मंत्रालय के अनुसार, यह ऐप भारत टेक्स 2026 की 'डिजिटल-फर्स्ट' सोच को दर्शाता है और आयोजन के दौरान व्यावसायिक संपर्क, डेटा-आधारित सहभागिता और प्रतिभागियों के अनुभव को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। ऐप के जरिए पंजीकृत प्रतिभागी प्रदर्शकों की जानकारी खोज सकेंगे, बैठकें तय कर सकेंगे, आयोजन स्थल पर दिशा-निर्देश प्राप्त कर सकेंगे, ज्ञान सत्रों तक पहुंच बना सकेंगे और रियल-टाइम अपडेट हासिल कर सकेंगे। इस ऐप की सबसे खास विशेषता इसका एआई स्मार्ट असिस्टेंट है, जिसे 24x7 डिजिटल गाइड के रूप में तैयार किया गया है। प्रतिभागी सामान्य भाषा में सवाल पूछकर कार्यक्रम, स्थल, सत्रों और अन्य जरूरी जानकारियां तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा भारतीय और विदेशी दोनों प्रतिभागियों के लिए उपयोगी साबित होगी। व्यावसायिक नेटवर्किंग को बढ़ावा देने के लिए ऐप में विशेष नेटवर्किंग और मीटिंग मॉड्यूल भी शामिल किया गया है। इसके माध्यम से प्रदर्शक, खरीदार और प्रतिनिधि संभावित व्यावसायिक साझेदारों की पहचान कर बैठकें तय कर सकेंगे और अपनी उपलब्धता का प्रबंधन भी कर पाएंगे। इसके अलावा, क्यूआर-आधारित लीड कैप्चर और लीड वॉलेट सुविधा प्रदर्शकों को डिजिटल बैज स्कैन कर संपर्क विवरण सुरक्षित रखने में मदद करेगी, जिससे आयोजन के बाद भी व्यावसायिक संपर्क बनाए रखना आसान होगा। भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस आयोजन के लिए ऐप में उन्नत नेविगेशन सुविधा भी दी गई है। प्रतिभागी फ्लोर प्लान देख सकेंगे, बूथ और कंपनियों का पता लगा सकेंगे तथा स्टॉल तक पहुंचने के लिए दिशा-निर्देश प्राप्त कर सकेंगे। वैश्विक खरीदारों और व्यापारिक आगंतुकों के लिए प्रदर्शक खोज मॉड्यूल में नाम, उत्पाद श्रेणी और प्रदर्शक प्रकार के आधार पर कंपनियों को खोजने की सुविधा होगी।

### ग्रामीण उत्थान और समाज सेवा के लिए जनार्दन को नवाजा जाएगा पद्म अवार्ड से

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** जनार्दन बोथे पिछले कई दशकों से ग्रामीण विकास, सामाजिक उत्थान और आध्यात्मिक जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। महाराष्ट्र के वाशिम जिले के गोगरी गांव में 25 नवंबर 1939 को जन्मे जनार्दन बोथे ने अपना पूरा जीवन के आदर्शों पर चलते हुए समाज सेवा को समर्पित कर दिया। अखिल भारतीय श्री गुरुदेव सेवा मंडल के महासचिव के रूप में वे पिछले दो दशकों से अधिक समय से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने गुरुकुंज आश्रम के माध्यम से ग्रामीण महाराष्ट्र समेत देशभर में शिक्षा, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के लिए कई अभियान चलाए।



### हॉकी को नई ऊंचाइयां देने वाले बलदेव को मिलेगा पद्म अलंकरण

**नई दिल्ली (ब्यूरो)** । बलदेव सिंह ने 4 दशक से अधिक हरियाणा के शाहबाद मारकंडा को देश की प्रमुख हॉकी नर्सरी के रूप में स्थापित किया। भारतीय हॉकी को नई प्रतिभाएं देने और खेल को मजबूत आधार प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई है। अनुशासित कोचिंग शैली और तकनीकी दक्षता के लिए पहचाने जाने वाले सिंह ने देश की प्रमुख हॉकी नर्सरी के रूप में स्थापित किया। 15 नवंबर 1950 को जन्मे सिंह ने 1981 में हरियाणा खेल विभाग से अपने कोचिंग करियर की शुरुआत की। 1982 में मारकंडा में कोच नियुक्त होने के बाद प्रशिक्षण व्यवस्था की, जिसने देश को कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए।



## पेज एक का शेष

### कॉकरोच जनता पार्टी...

एक्स पर एक लाख से ज्यादा सदस्यों को अपने साथ जोड़ने वाले इस हैंडल ने अब देश के राजनीतिक और बौद्धिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है। सवाल उठने लगा है कि क्या अमेरिका के बोस्टन में बैठकर भारतीय युवाओं के असंतोष को एक खास दिशा में मोड़ने की कोई सुनियोजित कोशिश की जा रही है?

### इसका 5 सूत्रीय...

आरक्षण होगा

4. बड़े कॉरपोरेट चैनलों के लाइसेंस रद्द कर उनके एंकर्स के बैंक खातों की जांच होगी

5. पाला बदलने वाले विधायकों-सांसदों के चुनाव लड़ने पर 20 साल का प्रतिबंध लगेगा

### कौन है इस अभियान...

2022-23 तक आम आदमी पार्टी की सोशल मीडिया टीम के एक प्रमुख वॉलेंटियर थे और 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान आप के पक्ष में आई मीम्स की बाढ़ के पीछे उनका दिमाग माना जाता है। इसके अलावा वे दिल्ली के शिक्षा विभाग के कम्युनिकेशंस एडवाइजर के तौर पर भी काम कर चुके हैं। 16 मई को अभिजीत ने बोस्टन से ही एक्स पर लिखा कि क्या हो अगर सारे कॉकरोच एक साथ आ जाएं? अभिजीत का कहना है कि उनकी विचारधारा गांधी, आंबेडकर और नेहरू से प्रेरित है और यह आंदोलन देश की लोकतांत्रिक संगठनों के कामकाज को लेकर बढ़ रही हताशा का लक्षण है। देखते ही देखते महुआ मोइत्रा और कीर्ति जैसे विपक्षी नेताओं ने भी सोशल मीडिया पर इस व्यंग्य का समर्थन कर दिया।

### पीएम मोदी ने दिया...

बाद दिए साझा प्रेस बयान में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी वार्ता में दोनों देशों के संबंधों से जुड़े हुए सभी पहलुओं के अलावा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई है। भारत, इटली आतंकवाद को लेकर एकमत हैं कि यह मामला समूची मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। दोनों देशों का यही स्पष्ट संदेश है कि जिम्मेदार लोकतंत्र केवल आतंकवाद की निंदा ही नहीं करते हैं। बल्कि उसके वित्तीय नेटवर्क को तहस-नहस करने के लिए भी ठोस कदम उठाते हैं। जिसे लेकर हमारी साझा पहल ने पूरी दुनिया के सामने एक बड़ी और जरूरी मिसाल पेश की है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

**मेलोनी के नेतृत्व की सराहना की :** उन्होंने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उसकी वजह से ही हमारे संबंधों को नई गति, दिशा और नया आत्मविश्वास मिला है। पिछले करीब साढ़े तीन वर्षों में मुझे इतालवी प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर मिला है। जो हमारे दोनों देशों के बीच मौजूद करीबी सहयोग और सामंजस्य को प्रदर्शित करता है।

### मेलोडी से मीठी हुई...

भारतीय ब्रांडिंग और सांस्कृतिक जुड़ाव की भी झलक दिखा गया। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने इसे "डिप्लोमेसी विद स्वीटनैस" बताया, जबकि कुछ ने लिखा कि "अब मेलोडी सिर्फ मीम नहीं, एक डिप्लोमैटिक मोमेंट बन चुका है।" भारत और इटली के रिश्तों के बीच यह हल्का-फुल्का लेकिन यादगार पल इंटरनेट पर लोगों के चेहरे पर मुस्कान छोड़ गया।

### 500 रुपए के टिकट...

के कारण यहाँ सामान्य दिनों में 45 हजार और सप्ताहांत या त्योहारों पर करीब 1 लाख तक भक्त पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि भगवन कालभैरव का मंदिर विश्व में इसलिए प्रसिद्ध हैं, क्योंकि यहां भगवान भक्त के सामने शराब का सेवन पुजारी पुरोहित द्वारा किए गए मंत्रोच्चार के साथ करते हैं।

**कैसे मिलेगी एंट्री :** मंदिर की प्रशासक संध्या मार्कंडेय ने बताया कि त्वरित दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर के अधिकृत काउंटर से रसीद लेनी होगी। इसके बाद उन्हें एग्जिट गेट से विशेष प्रवेश देकर सीधे गर्भगृह पहुंचाया जाएगा। आम श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क कतार व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रहेगी। आगामी समय में 125.17 करोड़ की लागत से मंदिर का कायाकल्प होना प्रस्तावित है। प्रशासन ने अपील की है कि श्रद्धालु किसी भी बिचौलिए के झांसे में न आएं।

### मध्य क्षेत्रीय परिषद...

करता था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26 वीं बैठक बस्तर में ही करके देश में नक्सलवाद की समाप्ति का जन संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को पिछले सप्ताह राज्य में हुई विशेष गतिविधियों और सरकार को मिली उपलब्धियों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने में अपने शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने डीजीपी कैलाश मकवाना, विशेष पुलिस महानिदेशक पंकज श्रीवास्तव सहित नक्सल उन्मूलन अभियान में सक्रिय योगदान देने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया है।

### विकसित भारत के...

का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की बड़ी जिम्मेदारी भी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे संवेदनशीलता, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि देश आज तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं को समझने और समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। राष्ट्रपति भवन में हुई इस मुलाकात को युवा अधिकारियों के लिए प्रेरणादायक और मार्गदर्शक माना जाता रहा है।

### भोपाल की नवविवाहिता...

भी निष्पक्ष जांच की मांग की है। महिला सुरक्षा और न्याय से जुड़े मामलों में सक्रिय भूमिका निभाने वाला राष्ट्रीय महिला आयोग लगातार इस मामले पर नजर बनाए हुए है। आयोग के हस्तक्षेप के बाद अब जांच एजेंसियों पर जल्द और पारदर्शी कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है।

### राहुल गांधी के ' गद्दार...

गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता देश में अशांति फैलाना चाहते हैं, लेकिन देश की जनता और युवा प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के साथ खड़े हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने राहुल गांधी के बयान को लोकतंत्र का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भाषा पाकिस्तान समर्थित आतंकियों जैसी है और इससे साबित होता है कि उनका उद्देश्य राजनीतिक विरोध नहीं बल्कि "भारतीय राज्य से लड़ना" है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के "युवराज" की टिप्पणी उनकी नकारात्मक राजनीति और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अनादर को दर्शाती है। योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी से देश से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि संविधान को कमजोर करने का काम कांग्रेस ने ही किया था। उन्होंने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने का रहा है, जबकि आरएसएस ने हर संकट में देश का साथ दिया। राहुल गांधी के बयान के बाद कांग्रेस और बीजेपी के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे यूपी के चुनावी मौसम से पहले मद्धिम आंच पर वैचारिक संघर्ष की पतीली रखे जाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है।

### राहुल गांधी की 'गद्दार' टिप्पणी...

140 करोड़ जनता का अपमान है और उन्होंने उनसे माफी मांगने की मांग की। यह घटना तब हुई जब राहुल गांधी ने बुधवार को अपने लोकसभा क्षेत्र रायबरेली में एक कार्यक्रम में मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर विभिन्न मुद्दों पर हमला करते हुए उन्हें गद्दार कहा। बुधवार को सत्तारूढ़ भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणी पर जमकर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस नेता के शब्द उनकी अराजक मानसिकता और चरित्र को दर्शाते हैं। गांधी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए नवीन ने कहा कि उन्होंने जिस तरह का बयान दिया है, वह स्पष्ट रूप से उनकी अराजक मानसिकता और चरित्र को दर्शाता है। यह टिप्पणी चुनावों में अपनी पार्टी की हार से उनकी कुंठा और हताशा को भी दर्शाती है। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि वे अपना मानसिक संतुलन खो रहे हैं।

## सचिव ने 1000 रुपये की श्रेणी में सर्वाधिक अंशधारक पर जताई चिंता

# एपीवाई में न्यूनतम पेंशन श्रेणी पर अधिक निर्भरता चिंता का विषय बनी: नागराजू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- उच्च पेंशन श्रेणी को चुनने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान
- सामाजिक सुरक्षा योजना एपीवाई से नौ करोड़ लोग जुड़ चुके
- वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 1.35 करोड़ नए अंशधारक जोड़े गए

वित्तीय सेवा सचिव (डीएफएस) एम. नागराजू ने अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत न्यूनतम 1,000 रुपये की श्रेणी में सर्वाधिक अंशधारक होने पर चिंता जताई है। उन्होंने वित्तीय संस्थानों से लोगों को उनकी आय के मुताबिक उच्च पेंशन श्रेणी को चुनने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया है।

प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना एपीवाई से नौ करोड़ लोग जुड़ चुके हैं और वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 1.35 करोड़ नए अंशधारक जोड़े गए। उन्होंने यहां पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (एफआरडीए) द्वारा आयोजित अटल पेंशन योजना वार्षिक सम्मान कार्यक्रम में कहा, '' इस उल्लेखनीय प्रगति के बीच, मुझे आपका ध्यान इस गंभीर चिंता की ओर आकर्षित करना होगा कि 1,000 रुपये मासिक पेंशन योजना में नामांकन की संख्या बेहद अधिक है।



### 30 साल बाद क्या 1000 रुपये पर्याप्त होते हैं

*नागराजू ने कहा, '' जब हम अपने नामांकन आंकड़ों का जश्न मनाते हैं, तो हमें खुद से पूछना चाहिए: क्या 20 या 30 साल बाद 1,000 रुपये प्रति माह हमारे अंशधारकों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करेगा? एक श्रेणी में इतने लोगों का होना दर्शाता है कि नामांकन के समय हमारी परामर्श प्रक्रिया को और मजबूत करने की आवश्यकता है।*

### स्टेट बैंक ने दो करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा हासिल किया

नागराजू ने कहा कि बैंकों को पेंशन के लाभ के बारे में लोगों को बताने के नए तरीके विकसित करते रहना चाहिए। साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर नागरिक चाहे उसकी साक्षरता का स्तर कुछ भी हो, वह यह समझ सके कि यह केवल बचत योजना नहीं बल्कि उनके भविष्य की गारंटी की सुरक्षा है। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक ने इसमें दो करोड़ ग्राहकों का ऐतिहासिक आंकड़ा हासिल किया है।

*जीवनभर की सुरक्षा का आधार बन सके : नागराजू ने कहा कि बैंकिंग साझेदारों को नियमित योगदान सुनिश्चित करने पर ध्यान देते हुए निरंतरता एवं स्थायित्व को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि एक पंजीकृत खाता जीवनभर की सुरक्षा का आधार बन सके। नागराजू ने कहा कि अन्य शहरी क्षेत्रों में बड़ी अप्रयुक्त संभावनाएं हैं।*

*निजी बैंक शहरी नेटवर्क को सक्रिय करें : वित्तीय सेवा सचिव ने कहा, '' मैं विशेष रूप से निजी क्षेत्र के बैंकों से आग्रह करता हूं कि वे अपने शहरी नेटवर्क को पूरी तरह सक्रिय करें ताकि असंगठित कार्यबल, रेहड़ी पटरी वाले, डिलिवरी साझेदार और घरेलू सहायकों तक पहुंच बनाई जा सके जो हमारे शहरों की अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं लेकिन उनके पास सुरक्षा नहीं है।*

### ग्राहकों को सक्रिय मार्गदर्शन करे बैंक

*हमारे बैंकिंग भागीदारों को ग्राहकों को सक्रिय रूप से मार्गदर्शन करना चाहिए ताकि वे एक ऐसा उपयुक्त विकल्प चुन सकें जो वास्तव में उनकी भविष्य की जरूरतों एवं वर्तमान सामर्थ्य को दर्शाता हो। इसे सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के लिए कुछ ऐसे क्षेत्रों का उल्लेख किया जो एपीवाई ग्राहकों को जोड़ने में मदद करते हैं।*

## आखिरी घंटे की खरीदारी से घरेलू शेयर बाजार नुकसान से उबरा

- संसेक्स 117 और निफ्टी 41 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच अंतिम घंटे की खरीदारी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में उछाल से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट से उबरकर बंद हुए। संसेक्स 117 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 41 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल और रुपये में कमजोरी से जुड़ी चिंताओं के बावजूद कारोबारी सत्र के अंतिम घंटे की लिवाली ने बाजार को समर्थन देने का काम किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 117.54 अंक चढ़कर 75,318.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 671.44 अंक टूटकर 74,529.41 अंक तक आ गया था। लेकिन चुनिंदा क्षेत्रों में खरीदारी आने से यह बढ़त लेने में सफल रहा। इसी तरह, निफ्टी 41 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 23,659 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी ने 23,397.30 अंक के निचले और 23,690.90 अंक के ऊपरी स्तर को भी छुआ। संसेक्स की कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.83 प्रतिशत



चढ़ गया। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन, एक्सिस बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा, इटर्नल और टाटा स्टील प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

## सोना 1,300 रुपये बढ़कर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 1,300 रुपये बढ़कर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। यह बढ़ोतरी अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच विदेशी व्यापार में आई तेजी का नतीजा है। स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 1,64,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो मंगलवार के बंद भाव 1,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक है। सराफा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी बॉन्ड के उच्च प्रतिफल तथा डॉलर मजबूत होने के बावजूद कीमती धातुओं में नई खरीदारी से सोने की घरेलू कीमतों को समर्थन मिला। हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे सत्र में गिरावट रही। चांदी की कीमत 5,000 रुपये टूटकर 2,66,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। विश्लेषकों ने कहा कि कमजोर औद्योगिक मांग और हाल में कीमतों में आए भारी उतार-चढ़ाव के बाद लगातार मुनाफावसूली होने के कारण चांदी की कीमतें अस्थिर बनी हुई हैं।

## आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित शुरू

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी प्रोफेशनल इंजीनियरिंग संस्थाओं में से एक, इंस्टीट्यूशन ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) ने आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप अवार्ड के 10वें एडिशन को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह भारत में अंडरग्रेजुएट इंजीनियरिंग छात्रों के लिए सबसे बड़े प्लेटफॉर्म में से एक है। इस खास मौके पर, स्कॉलरशिप ने अपनी कुल इनामी राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिया है। आवेदन अब शुरू हो गए हैं और 15 जून 2026 को बंद हो जाएंगे। पिछले एक दशक में, आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप अवार्ड ने उन छात्रों को पहचान दी है जो सिर्फ़ पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके असल दुनिया की समस्याओं को हल करने में भी आगे रहते हैं। हेल्थकेयर तक पहुंच और टिकाऊ खेती से लेकर कचरा प्रबंधन और सहायक टेक्नोलॉजी तक, प्रतिभागियों ने ऐसे इनोवेशन दिखाए हैं जिनका समाज पर गहरा असर पड़ता है।

## संरा ने भी भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितताओं और आर्थिक झटकों का हवाला देते हुए 2026 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 6.6 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि पश्चिम एशिया संकट ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक और झटका दिया है जिससे वृद्धि धीमी हुई है, मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | टीआरडी कार्य इलेक्ट्रिकल आरएसओ डीएलआई के अंतर्गत स्थित विभिन्न आउटपोस्ट पर रखरखाव सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु, नवीनीकरण एवं संबद्ध कार्यों के माध्यम से बुनियादी ढांचा सुविधाओं का संवर्धन के संबंध में। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 45,72,491.20/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 91,500/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 01.06.2026 (10:30 बजे) से 15.06.2026 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 15.06.2026 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | Capital (PH-42) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 10-क.वि.-नई दिल्ली-2026-27 दिनांक : 19.05.2026 1689/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**


निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT -01 | **कार्य का नाम:-** 1. वरिष्ठ मंडल अभियंता-II के अधिकार क्षेत्र में गाजियाबाद-सहारनपुर-सीटीआर (पी)-6.247 टी किमी एवं टीआरआर (पी)-6.523 टी किमी एवं गाजियाबाद-मुरादाबाद-सीटीआर (पी)-3.092 टी किमी। 2. गाजियाबाद-चिपियाना बुजुर्ग-टीएसआर (पी)-5.0 टी किमी। 3. सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधिकार क्षेत्र के तहत (MUD-TPZ) सेक्शन में टीएसआर (पी) - 0.732 किमी। 4. साहिबाबाद-गाजियाबाद-तीसरी लाइन-टीआरआर (पी)-4.100 टी किमी। 5. सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/MTC एवं MOZ के सेक्शन में गाजियाबाद-सहारनपुर-टीएसआर (पी)-51.440 टी किमी (विस्तृत अनुमान की स्वीकृति की प्रतीक्षा है) ठेकेदार की अपनी एसक्यूआरएस (SQRS) मशीन के साथ। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** :- 151061406.44 **बयानाराशि (रुपये)** :- 3021300.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 16.06.2026 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई-टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/e Tender Notice/NIT-01-26-27-W-II दिनांक: 07.04.2026 1696/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल



**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। बातचीत में संयत रहें।




**वृष** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।



**मिथुन** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कारोबार को गति मिल सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। धैर्यशीलता में कमी आएगी।



**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें।



**सिंह** किसी पैतृक सम्पत्ति का लाभ हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।



**कन्या** कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। वाहन सुख में कमी आ सकती है।



**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। संगीत में रुचि बढ़ सकती है।



**वृश्चिक** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की स्थिति अनुकूल रहेगी। पिता से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें।



**धनु** अति उत्साही होने से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सम्मान की प्राप्ति होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद रहेंगे। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी।



**मकर** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।



**कुंभ** अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। लाभ में वृद्धि होगी।



**मीन** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**आईआरबी इन्फ्रा का मुनाफा बढ़कर 296.25 करोड़ रुपये : नई दिल्ली।** आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड का मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही का शुद्ध मुनाफा 38 प्रतिशत बढ़कर 296.25 करोड़ रुपये हो गया।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## जम्मू मंडल में 23 मई को सजेगा रोजगार मेला, 220 युवाओं के सपनों को मिलेगी सरकारी नौकरी की उड़ान

**जम्मू।** आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए, उत्तर रेलवे का जम्मू मंडल 23 मई को एक भव्य रोजगार मेला आयोजित करने जा रहा है। इस गौरवपूर्ण समारोह में पारदर्शी चयन प्रक्रिया से चुने गए लगभग 220 होनहार युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। अखिल भारतीय स्तर पर 5,100 चयनित अभ्यर्थी, जिसमें जम्मू और कश्मीर से 220 अभ्यर्थी युवा—राष्ट्र निर्माण में एक बड़ी भागीदारी। यह आयोजन केंद्र सरकार के उस महाभियान का हिस्सा है, जिसके तहत देश के युवाओं को तेजी और ईमानदारी से सरकारी सेवाओं में शामिल किया जा रहा है। मकसद साफ है। योग्य युवाओं को रोजगार देना और उनकी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण की धारा से जोड़ना। मेले को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रशासनिक,




तकनीकी और सुरक्षा की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। जम्मू-कश्मीर समेत पड़ोसी क्षेत्रों के सफल अभ्यर्थी इसमें शामिल होंगे। मंच से मुख्य अतिथि और वरिष्ठ अधिकारी हर चयनित युवा को व्यक्तिगत रूप से नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर नवनियुक्त युवा 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से सेवा करने की शपथ भी लेंगे। विभिन्न विभागों के अभ्यर्थी को मिलेगी नियुक्ति जिसमें रेलवे के तकनीकी, गैर-तकनीकी और सुरक्षा श्रेणी के पद, डाक एवं वित्तीय विभाग के पद, चिकित्सा विभाग व बैंक के महत्वपूर्ण पद आदि शामिल हैं। मंडल में आयोजित होने वाले रोजगार मेले पर मंडल रेल प्रबंधक, जम्मू श्री विवेक कुमार ने कहा, कि युवा देश की सबसे बड़ी पूँजी हैं। जम्मू मंडल इस प्रतिष्ठित रोजगार मेले की मेजबानी कर गौरवान्वित है। 23 मई का दिन 220 परिवारों के लिए नई सुबह, नई उम्मीद लेकर आएगा। यह कदम क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता और सामाजिक सशक्तिकरण की नींव को और मजबूत करेगा।

## शब्द पहेली - 6232



**बाएँ से दाएँ**


1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**

1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 6231 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| रा | ह | | | म | | रा | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 13 | 9 | 4 | 18 |
| गुजरात | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 13 | 8 | 5 | 16 |
| राजस्थान | 13 | 7 | 6 | 14 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 6 | 13 |
| चेन्नई | 13 | 6 | 7 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| लखनऊ | 13 | 4 | 9 | 8 |

ऑरेंज कैप



वैभव सूर्यवंसी
579 रन
राजस्थान

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

## घरेलू क्रिकेट : 23 अगस्त से दलीप ट्रॉफी, 11 अक्टूबर से रणजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी एक बार फिर दो चरण में खेला जाएगी, जिसमें पहले चरण की शुरुआत 11 अक्टूबर से होगी जबकि 2026-27 घरेलू सत्र 23 अगस्त को दलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा। बीसीसीआई ने बुधवार को यह घोषणा की। आगामी सत्र के दौरान बीसीसीआई आयु वर्ग और सीनियर क्रिकेट में कुल 1788 मुकाबलों का आयोजन करेगा, जिसमें पुरुषों के लिए अंडर-16, अंडर-19 और अंडर-23 के अलावा सीनियर स्तर जबकि महिलाओं के लिए अंडर-15, अंडर-19 और अंडर-23 के अलावा सीनियर स्तर के मुकाबले शामिल हैं। अंडर-23 वर्ग का सीमित ओवरों का टूर्नामेंट और विजी ट्रॉफी के लिए अंतर क्षेत्रीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता टी20 प्रारुप में खेली जाएगी।



### रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण 17 जनवरी से

बीसीसीआई के घरेलू कैलेंडर की सबसे बड़ी प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 11 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच होगा, जिसमें चार दौर खेले जाएंगे। दूसरा चरण 17 जनवरी से 3 मार्च 2027 के बीच होगा, जो सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट) और विजय हजारे ट्रॉफी (50 ओवर का राष्ट्रीय टूर्नामेंट) के खत्म होने के बाद खेला जाएगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 14 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच खेली जाएगी। लीग चरण के मुकाबले मुंबई, मोहाली, विजाग और कोलकाता में होंगे जबकि नॉकआउट चरण नागपुर में होगा।



### बेंगलुरु में खेला जाएगा दलीप ट्रॉफी

बीसीसीआई ने कहा, '2026-27 का घरेलू सत्र बीसीसीआई की एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी घरेलू ढांचा बनाने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। साथ ही यह सभी प्रारुप और वर्ग में संतुलित प्रगति भी सुनिश्चित करता है।' क्षेत्रीय प्रारुप में वापसी करने वाली दलीप ट्रॉफी 23 अगस्त से 10 सितंबर के बीच खेली जाएगी। यह पूरा टूर्नामेंट बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होगा। रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर और शेष भारत के बीच ईरानी कप मुकाबला 1 से 5 अक्टूबर तक श्रीनगर में खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### मानव ने रचा इतिहास, अमेरिकी ओपन किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारतीय-अमेरिकी गोल्फर मानव शाह ने आईजीपीएल के लिए इतिहास रचा जब वह पिछले साल इस लीग की शुरुआत के बाद इस टूर से 2026 अमेरिकी ओपन में जगह बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। मानव ने डलास एथलेटिक क्लब में 36 होल के अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में 66 और 71 के स्कोर से कुल पांच अंडर के स्कोर से चौथे स्थान पर रहते हुए अमेरिकी ओपन में अपनी जगह पक्की की। इस 33 वर्षीय गोल्फर ने मौजूदा सत्र में आईजीपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है और चार टूर्नामेंट में तीन बार शीर्ष सात और एक बार संयुक्त 11वें स्थान पर जगह बनाने में सफल रहे।

### गोगिया ने किया उलटफेर, चुन को हराया

**नई दिल्ली।** भारत के धैर्य गोगिया ने बुधवार को हांगकांग के पांचवें से आठवें वरीय से का चुन को चीन के पेंझिहुआ में चली रही 33वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप के लड़कों के अंडर-13 वर्ग के पहले दौर में हराकर उपटफेर किया। गोगिया ने लड़कों के एकल वर्ग में चुन को 12-10, 10-12, 11-7, 11-7 से हराया। चार दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न आयु वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। अंडर-13 लड़कों के पहले दौर में तीसरे-चौथे वरीय अमरया बजाज ने मकाऊ के चाउ ह्यो चोन को 11-1, 11-1, 11-5 से शिकस्त दी जबकि तीसरे-चौथे वरीय अभ्युदय अरोड़ा ने श्रीलंका के दानुजा जयसिंघे को 11-5, 11-4, 11-1 से हाया।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से बाहर फखर और अयूब

**लाहौर।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमां और साइम अयूब चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 30 मई से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों को पीसीबी की मेडिकल टीम की देखरेख में 'रिहैबिलिटेशन' कार्यक्रम में शामिल होने की सलाह दी गई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला वनडे मैच रावलपिंडी में खेला जाएगा।

### सुपर शतरंज क्लासिकः ड्रॉ के सिलसिले को रोकने खेलेंगे प्रज्ञाननंदा, सामना डेनियल से

**बुखारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर्नामेंट की प्रतियोगिता सुपर शतरंज क्लासिक के छठे दौर में रोमानिया के डिएक बोगदान-डेनियल से भिड़ेंगे और ड्रॉ के अपने सिलसिले को रोकने की कोशिश करेंगे। जर्मनी के विन्सेंट कीमर (3.5 अंक) पांच दौर के बाद एकल बढ़त बनाए हुए हैं। उनके बाद नीदरलैंड के अनीश गिरी और जॉर्डन वैन फोरस्ट, शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना और प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है। इन सभी के तीन-तीन अंक हैं। कारुआना ने चौथे दौर के मैच में फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोजा को हराकर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

## आईपीएल : कोलकाता की लगातार दूसरी जीत, ग्रीन, कार्तिक और दुबे को 2-2 विकेट

# मुंबई को 4 विकेट से हराया, मनीष ने 45 रन बनाए

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



आईपीएल 2026 के 65वें मुकाबले को कोलकाता नाइट राइडर्स ने जीत लिया है। अपने घरेलू मैदान पर केकेआर ने मुंबई को 4 विकेट से हराया। इस जीत के साथ केकेआर की टीम प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। पहले खेलते हुए मुंबई की टीम ने 8 विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 19वें ओवर में मैच को 6 विकेट खोकर अपने नाम कर लिया। टॉस हारने के बाद पहले खेलते हुए मुंबई इंडियंस को तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर रयान रिकेल्टन के रूप में महज 17 के स्कोर पर पहला झटका लगा। रिकेल्टन 6 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तीसरे ओवर की अंतिम गेंद पर नमन धीर (0) भी आउट हो गए। एमआई ने 41 के स्कोर तक रोहित शर्मा (15) और सूर्यकुमार यादव (15) के विकेट भी गंवा दिए। मुंबई इंडियंस ने 8 ओवरों में 4 विकेट खोकर 57 रन बना लिए थे, जिसके बाद बारिश के चलते खेल रुका। जब फिर से मैच शुरू हुआ, तो ओवरों में किसी भी तरह की कटौती नहीं की गई। हार्दिक पांड्या ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 49 गेंदों में 43 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 84 के स्कोर तक पहुंचाया। तिलक 32 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या ने 26 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। कॉर्बिन बॉश 18 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 32 रन बनाकर नाबाद रहे। सौरभ दुबे, कैमरून ग्रीन और कार्तिक त्यागी ने 2-2 विकेट हासिल किए। सुनील नरेन को 1 विकेट हाथ लगा। केकेआर की शुरुआत खराब रही। दीपक चाहर ने पहले ही ओवर में फिन एलन को आउट कर दिया। तीसरे नंबर पर उतरे मनीष पांडे ने कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ संभलकर बैटिंग की। 28 गेंदों में दोनों के बीच 38 रनों की साझेदारी ही। 21 रन बनाकर रहाणे पावरप्ले के आखिरी ओवर में कॉर्बिन बॉश का शिकार बने। कैमरून ग्रीन कुछ खास नहीं कर सकते और 8 गेंद पर 4 रन ही बना पाए। 8वें ओवर में 54 रन पर केकेआर के तीन विकेट गिर गए थे। मनीष पांडे को रोवमैन पावेल का साथ मिला। पावेल को दो जीवनदान मिले और इसका फायदा उठाते हुए दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी बनाई। केकेआर की टीम इस दौरान 100 के पार भी पहुंच गई। मनीष पांडे फिफ्टी की तरफ बढ़ रहे थे लेकिन जसप्रीत बुमराह ने उन्हें बोल्ड कर दिया। 33 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से पांडे ने 45 रन बना। अल्लाह गजनफर की गेंद पर आउट होने से पहले रोवमैन पॉवेल ने 30 गेंद पर 40 रन बनाए। अंगकृष रघुवंशी की जगह कन्कशन सब्स्टीट्यूट के रूप में उतरे तेजस्वी दहिया ने 12 गेंदों पर 11 रनों की पारी खेली। रिंकू सिंह ने 19वें ओर में चौका मारकर मैच फिनिश किया। कॉर्बिन बॉश ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। कोलकाता नाइट राइडर्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली। टीम ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ कोलकाता की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा हैं। टीम 13 मैचों में 6 जीत, 5 हार और एक बेनतीजा मैच के साथ 13 पॉइंट्स लेकर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। बुधवार को ईडन गार्डन्स में कोलकाता ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बारिश के कारण मैच में एक घंटे की देरी हुई। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 147 रन बनाए। टीम ने 84 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 26 रन बनाकर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन सुनील नरेन ने उन्हें बोल्ड कर दिया। आखिरी ओवरों में कॉर्बिन बॉश ने 18 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए, जिससे मुंबई सम्मानजनक स्कोर तक पहुंची। कोलकाता की ओर से कैमरन ग्रीन, सौरभ दुबे और कार्तिक त्यागी ने 2-2 विकेट लिए।



### टॉप-2 की रेस में टाइटंस, आज चेन्नई से टक्कर

**अहमदाबाद।** प्लेऑफ में पहले ही अपनी जगह सुरक्षित कर चुकी गुजरात टाइटंस की टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ गुरुवार को होने वाले आईपीएल के मैच में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। लीग चरण में शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाली टीम को फाइनल में पहुंचने के दो अवसर मिलते हैं। गुजरात टाइटंस अभी 16 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (18 अंक) पहले स्थान पर है। इन दोनों के अलावा सनराइजर्स हैदराबाद (16 अंक) भी शीर्ष दो में जगह बनाने की दौड़ में है। इन तीनों टीम ने पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

**आरसीबी के आगे निकल सकता है गुजरात** : अगर गुजरात टाइटंस सीएसके की खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करता है तो वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के (+1.065) नेट रन रेट से भी आगे निकल सकता है। अगर सनराइजर्स अपने आखिरी लीग मैच में आरसीबी को हरा देता है तो पहले दो स्थान के लिए फैसला नेट रन रेट के आधार पर होगा। अभी गुजरात टाइटंस का नेट रन रेट (+0.400) है जो सनराइजर्स (+0.350) से बेहतर है।

## डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में भारत को लगा झटका

### बांग्लादेश ने छीना 5वां स्थान

नवीनतम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग में छठे स्थान पर खिसका भारत



एजेंसी ▶▶| दुबई

*बांग्लादेश का पाकिस्तान के खिलाफ अपनी घरेलू धरती पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप करने के कारण भारतीय क्रिकेट टीम को नुकसान हुआ है और वह नवीनतम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) रैंकिंग में छठे स्थान पर खिसक गई है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट मैच में 78 रन से हराया। इससे पहले उसने मीरपुर में पहला टेस्ट मैच 104 रन के बड़े अंतर से जीता था। इससे उसकी टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के डब्ल्यूटीसी तालिका में नवीनतम अपडेट में भारत से आगे निकल गई है। बांग्लादेश के अब 4 टेस्ट मैचों में दो जीत, एक हार और एक ड्रॉ के साथ 58.33 प्रतिशत अंक हैं, जबकि भारत के 9 टेस्ट मैचों में चार जीत, उतनी ही हार और एक ड्रॉ के साथ 48.15 अंक हैं।*

### एशियाई देशों की रैंकिंग में पाकिस्तान से ऊपर भारत

*पहले दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम अब एशियाई देशों की रैंकिंग में पाकिस्तान से ऊपर है। शुभमन गिल की अगुवाई वाली इस टीम ने इस साल अभी तक कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। भारत अब अफगानिस्तान के खिलाफ 6 जून से एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगा लेकिन यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है।*

मलेशिया मास्टर्स

## मालविका और अश्मिता जीती, दूसरे दौर में एंट्री

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत के लिए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में निराशाजनक दिन में मालविका बंसोड़ और अश्मिता चालिहा ही उम्मीद की किरण बनकर उभरीं, जिन्होंने महिला एकल में अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में जगह बनाई। एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) चोट से उबरने के बाद वापसी कर रही मालविका ने जर्मनी की दुनिया की 52वें नंबर की खिलाड़ी यवोन ली को 21-17, 16-21, 21-9 से शिकस्त दी।





### अश्मिता की आसान जीत

अश्मिता ने इंडोनेशिया की दुनिया की 56वें नंबर की खिलाड़ी थालिता रमाधनी विरियावान पर 21-16, 21-13 से आसान जीत दर्ज की। अब मालविका डेनमार्क की आठवीं वरीय लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट से भिड़ेंगी जबकि अश्मिता का सामना मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा।

### उलटफेर का शिकार हुए सेन

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को इंडोनेशिया के दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद जकी उबैदुल्लाह के खिलाफ 17-21, 11-21 से उलटफेर का सामना करना पड़ा, जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। एचएस प्रणय को भी जापान के छठे वरीय कोदाई नाराओका के खिलाफ 80 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 22-20, 22-24 से हार का सामना करना पड़ा। किरण जॉर्ज फ्रांस के सातवें वरीय एलेक्स लानियर के खिलाफ 15-21, 1-6 से पिछड़ने के बाद रिटायर हो गए। तरुण मन्नेपल्ली ने एक गेम की बढ़त गंवा दी और चीनी ताइपे के वांग पो-वेई से 21-17, 14-21, 8-21 से हार गए।

## टेस्ट : बांग्लादेश ने पाकिस्तान को लगातार दूसरी बार किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| सिलहट



ताइजुल इस्लाम के 6 विकेट की मदद से बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 78 रन से हराकर श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। पाकिस्तान की टीम 437 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 358 रन पर आउट हो गई। बांग्लादेश ने पहला टेस्ट मैच 104 रन से जीता था।

पाकिस्तान ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 7 विकेट पर 316 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसने 11.2 ओवर में अपने बाकी बचे विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल ने पांचवें दिन गिरे तीन विकेटों में से दो विकेट लिए। उन्होंने 34.2 ओवरों में 120 रन देकर 6 विकेट हासिल किए।

## आर्सेनल का 22 साल का सूखा खत्म, बना प्रीमियर लीग चैंपियन

**लंदन।** आर्सेनल का प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब जीतने का पिछले 22 साल से चला आ रहा लंबा इंतजार आखिरकार मैनचेस्टर सिटी और बोर्नमाउथ के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ छूटने के साथ ही खत्म हो गया है। इस मैच के बराबर रहने से मिकेल आर्टेटा की टीम 2004 के बाद पहली बार प्रीमियर लीग चैंपियन बन गई। इस प्रतियोगिता में अभी एक दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं लेकिन आर्सेनल ने 37 मैच में 82 अंक के साथ चार अंकों की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के अब 37 मैच में 78 अंक हैं।



### राइस ने जश्न मनाते हुए पोस्ट की तस्वीर

आर्सेनल के मिडफील्डर डेक्लन राइस ने सोशल मीडिया पर अपने और अपने साथियों के जश्न मनाते हुए एक तस्वीर पोस्ट की, जिसका शीर्षक है, 'मैंने आपसे कहा था न, हमने कर दिखाया।' मैनचेस्टर सिटी को खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए यह मैच जीतना जरूरी था।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत | बायोकैमिस्ट्री विभाग हेतु मद अर्थात कंज्यूमेबल्स रीजेंट्स / किट्स की अधिप्राप्ति हेतु निविदा + 5 अन्य कार्य। | 19.05.2026 29.05.2026 | ईएमडी 49,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9050668500 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 2 | महिला एवं बाल विकास पंचकूला | सेडान वाहनों को किराये पर लेना। | 19.05.2026 09.06.2026 | ठेकेदार हेतु ईएमडी 20,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812343208 dpopkl.wcd@gmail.com |
| 3 | महिला एवं बाल विकास पंचकूला | एडब्ल्यूसी'एस को एसएनपी और अन्य आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 19.05.2026 09.06.2026 | ठेकेदार हेतु ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812343208 dpopkl.wcd@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग सिरसा | ऐलनाबाद सेक्शन में आरडी 0-37000 टेल से निमला लिंक चैनल की आंतरिक और बाहरी सफाई, खरपतवार की ग्रोथ की डिविडिंग, झाड़ियों को हटाना, गाद सफाई हेतु आकलन। (खरीफ सीजन 2026 हेतु) + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.05.2026 | 15,75,459/- | https://etenders.hry.nic.in | 1666235721 xenghaggar@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार-राजगढ़ रोड और सदर्न बाईपास (रोड आईडी 10202) (लघु सचिवालय की साइड) के इंटरसेक्शन पर स्लिप रोड्स के निर्माण द्वारा जंक्शन का सुधार + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.05.2026 | 3,41,11,435/- | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में ऐलनाबाद में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में नर्सिंग मदर के लिए नर्सिंग रूम्स और चाइल्ड सेफ टॉयलेट के कार्य हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 19.05.2026 26.05.2026 | 5,92,083/- | https://etenders.hry.nic.in | 1666222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हिसार | आरसीसी मैनहोल स्लैब, मैनहोल कवर और फ्रेम कम्पलीट सैट, वार्ड 18 और 19 हिसार टाउन में केवल फ्रेम, केवल कवर को बदलना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.05.2026 | 21,83,320/- | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पुरखास धिरान ब्लॉक गन्नौर में श्री कृष्ण द्वार पर धोलपुर स्टोन का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 25.05.2026 | 30,25,415/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग रोहतक | बी.एस.बी. पर ओ/एल आरडी 57090-आर पर डब्ल्यू/सी के विस्तार का आकलन। | बंद होने की तिथि 25.05.2026 | 55,65,148/- | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग पंचकूला | जल सेवाएं (एम) मण्डल, झज्जर से सम्बन्धित हार्डवेयर और विद्युत मदों की आपूर्ति। | 20.05.2026 04.06.2026 | 15,46,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 11 | सिंचाई चरखी दादरी | सुपर इनेमल्ड कॉपर वाइंडिंग वायर 18 एसडब्ल्यूजी (45 कि.ग्रा.) (आरआर/बीआईसी मेक) आईएस : 13730 पुष्टिकृत पार्ट-III, ग्रेड-II, सुपर इनेमल्ड कॉपर वाइंडिंग वायर 18.5 एसडब्ल्यूजी (45 कि.ग्रा.) (आरआर/बीआईसी मेक) आईएस : 13730 पुष्टिकृत पार्ट-III, ग्रेड-II, सुपर इनेमल्ड कॉपर वाइंडिंग वायर 19 एसडब्ल्यूजी (45 कि.ग्रा.) (आरआर/बीआईसी मेक) आईएस : 13730 पुष्टिकृत पार्ट-III, ग्रेड-II, सुपर इनेमल्ड कॉपर वाइंडिंग वायर 20 एसडब्ल्यूजी (45 कि.ग्रा.) (आरआर/बीआईसी मेक) आईएस : 13730 पुष्टिकृत पार्ट-III, ग्रेड-II, सुपर इनेमल्ड कॉपर वाइंडिंग वायर 21 एसडब्ल्यूजी (45 कि.ग्रा.) (आरआर/बीआईसी मेक) आईएस : 13730 पुष्टिकृत पार्ट-III, ग्रेड-II, सुपर इनेमल्ड कॉपर वाइंडिंग वायर 22 एसडब्ल्यूजी (45 कि.ग्रा.) (आरआर/बीआईसी मेक) आईएस : 13730 पुष्टिकृत पार्ट-III, ग्रेड-II. | बंद होने की तिथि 25.05.2026 | 4.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8816016044 xenworkshopdadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2027/220/45408/I/88/7 दि. 20.05.26

# झूठे टेलीग्राम चैनलों के खिलाफ की जाए कड़ी कार्रवाई, प्रधान का अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा के 21 जून को किए जाने वाले आयोजन को लेकर एक बार फिर से उच्च-स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की है। जिसमें शामिल केंद्रीय सुरक्षा और खुफिया जांच (इंटेलिजेंस) एजेंसियों के तमाम आला अधिकारियों को उन्होंने झूठे टेलीग्राम चैनलों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने अपने एक बयान में बताया कि यह एक सुरक्षा समीक्षा बैठक थी। जिसके माध्यम से शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को यह भी कहा कि परीक्षा के पुनः आयोजन से पहले सोशल मीडिया मंचों पर सख्त निगरानी बनाए रखें। जिसके माध्यम से परीक्षा को लेकर किसी भी तरह के दुष्प्रचार को तुरंत पकड़कर उसे ब्लॉक करवाएं। प्रधान ने दोहराया कि छात्रों को गलत सूचनाओं के जाल में फंसने से बचाने और परीक्षा की प्रक्रिया पर आम जनता के विश्वास को हर हाल में बनाए रखना ही केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

*नीट-यूजी परीक्षा के फिर से आयोजन को लेकर बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने एक बार फिर से की समीक्षा बैठक।*



**चाक-चौबंद व्यवस्था होनी चाहिए :** बैठक में प्रधान ने जांच और सुरक्षा एजेंसियों को नीट परीक्षा के सुरक्षित ढंग से पारदर्शी आयोजन कराने को लेकर सहयोग प्रदान करने की अपील की है। बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक शामिल हुए। जिसमें परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई और इस संबंध में तमाम चुनौतियों को समय पूर्व पहचानकर उनका उचित निवारण करने के उपायों पर भी मंथन किया गया।

### सीमित फोन नंबरों से संचालित होता तंत्र

खुफिया एजेंसियों द्वारा दिए गए इनपुट के आधार पर कई संदिग्ध सोशल मीडिया चैनल सीमित फोन नंबरों के माध्यम से संचालित होते हैं। यह एक प्रकार की समन्वित और संगठित गतिविधि है। मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि टेलीग्राम जैसे इन तमाम चैनलों के खिलाफ तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। जिसमें परीक्षा के पूर्व में सक्रियता के साथ चैनलों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक करने और झूठी-भ्रामक सूचनाओं, प्रॉपेगेंडा से छात्रों को बचाया जा सके। उन्होंने सोशल मीडिया मंचों को मंत्रालय, एनटीए और केंद्रीय कानून पालन से जुड़ी एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय के साथ काम करने का आग्रह किया है।

### मेटा, गूगल के प्रतिनिधियों से भी मिले

इस बैठक के साथ-साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने मेटा, गूगल और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की है। जिसमें पेपर लीक के मामले पर प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर सभी ऑनलाइन माध्यमों खासकर टेलीग्राम और वास्तविक पहचान छिपाकर बनाए गए ऑनलाइन समूहों द्वारा किए जाने वाले दुष्प्रचार के संबंध में गंभीर रूप से चिंता व्यक्त की गई। अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री से अपने संवाद के दौरान इस बात पर ध्यान दिया कि मुख्यरूप से यह चैनल प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान ही सक्रिय होते हैं। जिसमें यह छात्रों और अभिभावकों के बीच पेपर लीक के झूठे दावे, क्लिकबेट कांटेंट, अप्रमाणिक सूचना, जानबूझकर डर फैलाने और आशंका को बढ़ाने जैसी गतिविधियों को अंजाम देते हैं। इनसे जुड़े लिंक छात्रों को पुनर्निर्देशित करते हैं कि वह ज्यादा से ज्यादा झूठे समूहों से जुड़ें। जिनसे और कुछ नहीं उनके पास गलत सूचना या जानकारी कई गुना होकर पहुंच जाएगी।

## खबर संक्षेप




### 8 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगा मेटा

**सिंगापुर।** मेटा अपनी कुल वर्कफोर्स 78000 का करीब 10 प्रतिशत हिस्सा यानी लगभग 8 हजार कर्मचारियों को बाहर कर रहा है। एआई के इस प्रक्रिया की शुरुआत सिंगापुर के ऑफिस से हुई। यहां प्रभावित कर्मचारियों को स्थानीय समयानुसार सुबह 4 बजे (भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे) नौकरी से निकाले जाने के ईमेल मिले। अब कंपनी दुनिया भर में अपने अलग-अलग टाइम जोन के हिसाब से इसी तरह से सूचनाएं भेज रही है। कंपनी ने पहले कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने का निर्देश दिया था। और उसके बाद बुधवार तड़के ईमेल भेजकर नौकरी खत्म होने की सूचना दी गई।

### एनडीए के 150वें कोर्स की पासिंग आउट परेड 30 को

**नई दिल्ली।** नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) के 150वें कोर्स की भव्य पासिंग आउट परेड 30 मई को खड़कवासला स्थित खेतरपाल परेड ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी इस समारोह की समीक्षा करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, स्प्रिंग टर्म 2026 की इस परेड में सेना, नौसेना और वायुसेना के कुल 355 कैडेट्स प्रशिक्षण पूरा कर पास आउट होंगे। यह समारोह कैडेट्स, उनके अभिभावकों और प्रशिक्षकों के लिए गर्व और भावनाओं से भरा महत्वपूर्ण क्षण होगा।



### पूर्वी चीन सागर में 6.0 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली।** पूर्वी चीन सागर में बुधवार की सुबह 6.0 तीव्रता का तेज भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र 27.523 डिग्री उत्तर अक्षांश और 128.418 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। भूकंप के केंद्र की गहराई 33 किमी दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र जापान के नागासाकी शहर से लगभग 597 किमी दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम दिशा में पूर्वी चीन सागर में था। इससे कुछ देर पहले भारतीय समयानुसार सुबह 7.33 पर हिंद महासागर में भी 4.4 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया।



भारत, दक्षिण कोरिया ने दोहराया मजबूत रक्षा संबंधों, हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपना संकल्प

# तकनीकी रूप से सक्षम देशों के बीच महत्वपूर्ण हो गई रणनीतिक साझेदारी: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के कुछ भागों में सैन्य संघर्ष चल रहे हैं। लेकिन इस चिंताजनक माहौल के बीच बुधवार को भारत और दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रियों के बीच सियोल में एक द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें रक्षा सहयोग से जुड़े हुए सभी जरूरी मुद्दों की समीक्षा करने के अलावा क्षेत्रीय-समुद्री सुरक्षा, सैन्य आदान-प्रदान, रसद, उद्योग और उत्पादन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक बढ़ाने के उपायों पर भी व्यापक रूप से विचार साझा किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके दक्षिण कोरिया के समकक्ष रक्षा मंत्री आन ग्यू बैक ने मजबूत रक्षा संबंधों और एक स्वतंत्र, समावेशी और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने को लेकर अपने संकल्प को दोहराया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि अपनी दो देशों की विदेश यात्रा के अंतिम पड़ाव के रूप में रक्षा मंत्री बीते मंगलवार को सियोल पहुंचे थे। जिसके तहत उनकी यह बैठक हुई।

**कोरियाई रक्षा कंपनियों को किया आमंत्रित:** बैठक से इतर उन्होंने भारत-दक्षिण कोरिया रक्षा उद्योग व्यापार गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। जिसमें दोनों देशों के रक्षा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। राजनाथ ने कहा, इस संवाद से रक्षा विनिर्माण, सह-विकास, उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी में नए अवसरों की खोज के लिए एक महत्वपूर्ण मंच तैयार हुआ है। उन्होंने भारत के बढ़ते रक्षा औद्योगिक इकोसिस्टम और पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की स्वदेशी रक्षा विनिर्माण और वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए कोरियाई रक्षा कंपनियों को भारतीय उद्योग के साथ जुड़ाव मजबूत करने के लिए भारत यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। वाणिज्यिक क्षेत्र में बने हुए औद्योगिक सहयोग को एक सफल मॉडल के रूप में रक्षा क्षेत्र में भी विस्तारित करने का आग्रह भी रक्षा मंत्री ने किया है।

*दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच बुधवार को सियोल में हुई द्विपक्षीय बैठक से निकला है यह निष्कर्ष*

**दोनों देशों ने रक्षा, साइबर प्रशिक्षण, यूएन शांति रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौतों पर किए हस्ताक्षर**



### प्रवासी भारतीयों से हुई बातचीत

रक्षा मंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान सियोल में रह रहे प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। जिसमें उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बढ़ती भारत की छवि का जिक्र किया और कहा कि 12-13 साल पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। लेकिन आज भारत जब वैश्विक स्तर पर बोलता है। तो पूरी दुनिया उसकी बात को बड़े ही ध्यान से सुनती है। हमारा देश अब वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है, जो विश्व को समाधान प्रदान करता है। अंतरिक्ष सुरक्षा से लेकर बाह्य सुरक्षा तक हमारी नीति बदली है। अब यह दृढ़, साहसी, सुसंगत और निर्णायक बन गई है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को एक मजबूत, आत्मविश्वासी और सक्षम राष्ट्र में परिवर्तन का प्रमाण बताया। साथ ही कहा, यह अभियान इस बात का सबूत है कि भारत आतंकवाद को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा। परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल न करने की नीति को लेकर कई बार लोग हमें कमजोर समझ लेते हैं। लेकिन हम अपनी इस नीति पर कायम रहते हुए भी ऐसी किसी धमकी को बर्दाश्त नहीं करेंगे। क्योंकि यही नया भारत है।

### सीमित नहीं है रक्षा विनिर्माण

रक्षा विनिर्माण अब केवल पारंपरिक प्लेटफार्मों, उपकरणों तक सीमित नहीं है। क्योंकि आधुनिक रक्षा प्रणालियां उन्नत इलेक्ट्रानिक्स, एआई, साइबर प्रौद्योगिकियों, सेंसर, क्वांटम प्रौद्योगिकियों, स्वायत्त प्रणालियों और अंतरिक्ष आधारित क्षमताओं द्वारा संचालित हैं। रक्षा क्षेत्र का भविष्य तेजी से नवाचार करने, तमाम क्षेत्रों में प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करने की क्षमता पर निर्भर करेगा। इस क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग की काफी संभावनाएं मौजूद हैं। अपनी इस यात्रा में रक्षा मंत्री ने सियोल में कोरियाई युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को कोरियाई युद्ध कब्रिस्तान में जाकर पुष्पांजलि अर्पित की।

### इन क्षेत्रों में हुए समझौतों पर हस्ताक्षर

दोनों देशों के बीच रक्षा, साइबर प्रशिक्षण और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राजनाथ सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए दक्षिण कोरिया से आग्रह किया है कि वह भारत के साथ मिलकर उन्नत प्रौद्योगिकियों का विकास और उत्पादन करे। बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य में दोनों देश एक साथ मिलकर काम करने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। ऐसे में तकनीकी रूप से सक्षम देशों के बीच विश्वसनीय साझेदारी का अत्यधिक रणनीतिक महत्व है। वार्ता में दोनों पक्षों ने भारत की पूर्व की ओर देखो नीति और दक्षिण कोरिया के क्षेत्रीय रणनीतिक दृष्टिकोण के बीच बढ़ते तालमेल को भी स्वीकार किया। रक्षा साइबर क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और कोरिया के राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच प्रशिक्षण, यूएन शांतिरक्षा सहयोग पर समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। जिससे दोनों देशों की आपसी साझेदारी और अधिक मजबूत व बहुआयामी बन गई है। राजनाथ ने कोरिया के रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन मंत्री ली योंग चुल से भी मुलाकात की है। जिसमें संयुक्त विकास, उत्पादन और निर्यात को लेकर रास्ते बनाने के सहयोगात्मक प्रयासों का लाभ उठाने पर सहमति जताई गई। रक्षा नवाचार इकोसिस्टम तंत्र से जुड़े एक रोडमैप पर चर्चा की गई। एल एंड टी (भारत) और कोरिया की हनवा कंपनी लिमिटेड के बीच दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिससे रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री ने की इटली के राष्ट्रपति से शिष्टाचार मुलाकात

# संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के लिए दिए सहयोग के लिए जताया आभार

***प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ ऐतिहासिक कोलोसियम देखने भी गए पीएम मोदी***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपनी इटली यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच भारत और इटली की मित्रता से संबंधित तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने आपसी संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रदान किए गए सहयोग और नेतृत्व को लेकर विशेष तौर पर राष्ट्रपति मैटारेला के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी में हो रही प्रगति पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापार, निवेश, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, शोध-नवाचार, रक्षा-सुरक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा, एआई, जटिल तकनीक, शिक्षा, उभरती हुई तकनीक, संस्कृति और आमजन के बीच मौजूदा संबंधों के मामले पर चर्चा की गई है।

**आईमैक के महत्व पर दिया जोर :** प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति सर्जियो की बातचीत में बीते वक्त में भारत-ईयू के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी चर्चा की गई। जिसे लेकर यह माना गया कि इसकी मदद से दोनों देशों की साझेदारी में भी एक नई गति देखने को मिली है। समुद्री सुरक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी और ऊर्जा सप्लाई को लेकर मल्टीमॉडल भारत-मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईमैक) के महत्व पर दोनों दिग्गज नेताओं ने अपनी वार्ता के दौरान विचारों का आदान-प्रदान किया है। वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों को इस बातचीत में शामिल किया गया। साथ ही पश्चिम-एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों को लेकर भी पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैटारेला ने चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय कानून, नौवहन की स्वतंत्रता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान को लेकर दोनों ने साझा प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मैटारेला के भावपूर्ण आतिथ्य सत्कार के लिए उनका धन्यवाद करते हुए एक साझा सहमति से तय किए गए समय पर उन्हें भारत की यात्रा करने के लिए निमंत्रण दिया है।

### पीएम ने एक्स पर की पोस्ट

पीएम मोदी ने इटली के राष्ट्रपति से हुई अपनी इस मुलाकात को लेकर एक्स पर एक पोस्ट साझा की। जिसमें लिखा, 'मैंने रोम में राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला से मुलाकात की। हमने भारत और इटली के बीच मित्रता से जुड़े हुए तमाम पहलुओं पर चर्चा की है। जिसमें व्यापार, निवेश, सांस्कृतिक संबंध शामिल हैं। साथ ही हमने इस बात पर भी विचार किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), महत्वपूर्ण खनिज, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्र हमारे दोनों देशों के लिए सहयोग के क्षेत्र कैसे बन सकते हैं'?

### ऐतिहासिक कोलोसियम भी गए पीएम मोदी

वहीं, इटली में प्रधानमंत्री जॉर्जियो मेलोनी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम ने उन्हें पारंपरिक भारतीय अंदाज में नमस्ते कहा और उसके साथ ही दोनों नेताओं के चेहरे पर चमक के साथ मुस्कान छा गई। फिर उन्होंने गर्मजोशी से एक-दूसरे से हाथ मिलाया। दोनों नेताओं की इस तस्वीर ने भी सोशल मीडिया पर खूब वाहवाही लूटी, ट्रेंड में रही। अपनी इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी इतालवी पीएम मेलोनी के साथ ऐतिहासिक कोलोसियम (स्मारक) देखने के लिए भी गए। यह कोलोसियम लगभग 2 हजार साल पुराना होने के साथ-साथ प्राचीन रोमन साम्राज्य का एक विशाल और प्रसिद्ध एम्फीथिएटर है। जो दुनिया के सात अजूबों में से एक के रूप में भी जाना जाता है। कोलोसियम में भी दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच केमिस्ट्री देखते ही बन रही थी। दोनों नेताओं ने कोलोसियम में एक साथ कुछ तस्वीरें भी लीं। जो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से ट्रेंड करती नजर आईं।

140 फाइटर जेट और 65000 सैनिक शामिल

# रूस ने बेलारूस के साथ मिलकर परमाणु अभ्यास शुरू किया, आज अंतिम दिन

एजेंसी ⏭ मॉस्को



यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने अपने पड़ोसी बेलारूस के साथ मिलकर 3 दिन तक चलने वाला परमाणु सैन्य अभ्यास शुरू किया है। इस अभ्यास में 200 रॉकेट लांचर, 140 एयरक्राफ्ट, 73 युद्धपोत, 65 हजार सैनिक सैनिक और 13 सबमरीन हिस्सा ले रही हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इस परमाणु अभ्यास में कुल 7800 टाइप के हथियार और सैन्य उपकरण शामिल किए जा रहे हैं। 19 मई से शुरू हुआ अभ्यास 21 मई तक चलेगा। रूस की इस्कंदर एम मिसाइल की रेंज 500 किमी है। यह मिसाइल परमाणु के साथ परंपरागत दोनों ही तरह के हमले कर सकती है। इस अभ्यास से यूरोप के नाटो देश जहां दहशत में हैं, वहीं यूक्रेन ने बहुत तीखी प्रतिक्रिया जताई है। यह अभ्यास ऐसे समय पर हो रहा है जब रूसी राष्ट्रपति पुतिन चीन के दौरे पर हैं जहां उन्होंने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किया है। यूक्रेन ने रूस पर भीषण ड्रोन हमलों को तेज कर दिया है।

पंजाबी गायिका यशइंदर कौर की हत्या में खुलासा

# कनाडा निवासी सुखविंदर एकतरफा प्यार में था, वारदात कर विदेश भागा

एजेंसी ⏭ लुधियाना



एकतरफा प्यार में एनआरआई युवक ने पंजाबी गायिका यशइंदर कौर उर्फ इंदर कौर की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में पता चला है कि मोगा के भलूर गांव निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा उन पर शादी का दबाव बना रहा था। इंदर कौर को जब पता चला कि आरोपी शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं तो उन्होंने विवाह से इनकार कर दिया। इससे बौखलाए आरोपी ने कनाडा से आकर अपने साथियों के साथ मिलकर रास्ते में उनकी कार रोक ली और गन पॉइंट पर अगवा कर लिया। बाद में हत्या कर शव नहर में फेंक दिया। आरोपी खास तौर पर कनाडा से बदला लेने पंजाब आया था और वारदात के बाद फिर विदेश भाग गया। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है और मुख्य आरोपी को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हत्याकांड में थाना जमालपुर पुलिस ने दो आरोपियों कर्मजीत सिंह और प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश करने के बाद दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

# 'आईओएस सागर' से समुद्री मित्रता को नई उड़ान

### 16 देशों के नौसैनिकों संग लौटा भारत



*कोच्चि। समुद्री लहरों पर कई सप्ताह तक सहयोग, प्रशिक्षण और साझेदारी का संदेश देने के बाद भारतीय नौसेना का आईओएस सागर-26 मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस ऐतिहासिक मिशन के तहत तैनात आईएनएस सुनयना बुधवार को कोच्चि लौट आया। यहां इस नौसैनिक जहाज का भव्य फ्लैग-इन समारोह में स्वागत किया गया। यह समारोह हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की बढ़ती समुद्री भूमिका, मित्र देशों के साथ मजबूत होते रिश्तों और साझा सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक बना। इंडियन ओशियन शिप (आईओएस) सागर-26 मिशन 'वन ओशन, वन मिशन' की भावना पर आधारित था।*

# 23 से 26 मई तक होगा अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो का भारत दौरा

***क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में संभावित भागीदारी के अलावा होर्मुज के मुद्दे पर हो सकती है चर्चा***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच पहली बार अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस सप्ताह शनिवार 23 मई से लेकर 26 मई तक भारत की चार दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। राष्ट्रीय राजधानी में उनकी भारत के वरिष्ठ मंत्रियों जैसे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर व अन्य लोगों के साथ द्विपक्षीय बैठकें होंगी। रुबियो की इस यात्रा के दौरान वह भारत की मेजबानी में आयोजित की जाने वाली क्वाड देशों की बैठक में भाग ले सकते हैं। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बुधवार को यह जानकारी दी है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा जैसे अहम मामलों पर चर्चा की जा सकती है। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य में स्वतंत्र समुद्री नौवहन को बनाए रखने, क्षेत्रीय स्थिरता और चीन से जुड़े राजनयिक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किए जाने की उम्मीद है। अपनी चार दिनी यात्रा में वह नई दिल्ली के अलावा कोलकाता, आगरा और जयपुर भी जाएंगे।



**भारत से पहले स्वीडन जाएंगे रुबियो :** वहीं, भारत यात्रा से पहले मार्को रुबियो 22 मई को स्वीडन के हेलसिंगबोर्ग में नाटो के विदेश मंत्रियों की बैठक में शिरकत करेंगे। यहां बता दें कि उनकी यह भारत यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब बीते दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन की आधिकारिक यात्रा पर थे।

मेघालय में बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास 'प्रगति-2026' का शुभारंभ

# क्षेत्रीय सहयोग और सामूहिक सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मेघालय के उमरोई सैन्य स्टेशन में मंगलवार को बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास 'प्रगति-2026' का शुभारंभ हुआ। इस अभ्यास में भारत सहित 12 मित्र देशों की सेनाएं भाग ले रही हैं। इस सैन्य अभ्यास में भूटान, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, फिलीपींस, सेशेल्स, श्रीलंका और वियतनाम की सैन्य टुकड़ियां भाग ले रही हैं। यह अभ्यास क्षेत्रीय सहयोग और सामूहिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। 'प्रगति' यानी 'हिंद महासागर क्षेत्र में विकास और परिवर्तन के लिए क्षेत्रीय सेनाओं की साझेदारी' समानता, मित्रता और आपसी सम्मान की भावना पर आधारित है। यह मंच भाग लेने वाली सेनाओं को अनुभव साझा करने, पेशेवर आदान-प्रदान करने और आपसी सैन्य संबंध मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है।

**12 मित्र देशों की सेनाएं ले रहीं हिस्सा**

**सैन्य संबंध बढ़ाने का अहम कार्यक्रम**



बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास 'प्रगति-2026' में भाग लेते अधिकारी

### आतंकवाद-रोधी अभियानों पर रहेगा फोकस

दो सप्ताह तक चलने वाले इस अभ्यास में अर्ध-पहाड़ी और जंगल क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी अभियानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त योजना अभ्यास, सामरिक स्तर के अभियान और समन्वित सैन्य संचालन शामिल होंगे। इस दौरान सैनिकों की अनुकूलन क्षमता, सहनशक्ति और सामरिक दक्षता को बेहतर बनाने पर जोर रहेगा। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संचालन के दौरान शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और तालमेल को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

### *आत्मनिर्भर भारत की झलक भी दिखेगी*

*अभ्यास के दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी और रक्षा कंपनियां 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत विकसित स्वदेशी रक्षा उपकरणों और तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन करेंगी। इससे भाग लेने वाले देशों के बीच ज्ञान साझा करने और रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।*

### *सामूहिक भागीदारी अहम*

*भारतीय सेना के अपर महानिदेशक (इन्फैंट्री) मेजर जनरल सुनील शेओरान ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों से खुलेपन, आपसी सम्मान और एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने की भावना के साथ अभ्यास में शामिल होने का आह्वान किया।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109